


किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 3 अंकः 209 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 13 मई 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## ऑपरेशन सिंदूर: पानी और खून एक साथ नहीं बह सकता,

### पीएम मोदी ने सिंधु नदी पर पाकिस्तान को दिया सख्त संदेश

**समाज जागरण**

पीएम मोदी ने कहा कि पहलगाम में 22 अप्रैल को जो कुछ हुआ, उसने देश और पूरी दुनिया को झकझोर दिया. उन्होंने कहा कि देश के मासूम नागरिकों को उनका धर्म पूछकर, उनके परिवार के सामने क्रूरता से मार दिया गया. पीएम मोदी ने कहा कि उनके लिए व्यक्तिगत रूप से यह पीड़ा बहुत बड़ी थी.




नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पाकिस्तान को साफ शब्दों में कह दिया कि भारत का मत एकदम स्पष्ट है, “टेरर और टॉक, एक साथ नहीं हो सकते. टेरर और ट्रेड, एक साथ नहीं चल सकते. और... पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकता.” पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादियों और उनके ठिकानों के खिलाफ शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पहली बार राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के बहादुर सशस्त्र बलों, सैनिकों, वैज्ञानिकों और खुफिया एजेंसी को 'सैल्यूट' किया.

पीएम मोदी ने कहा, “पाकिस्तानी फौज, पाकिस्तान की सरकार, जिस तरह आतंकवाद को खाद-पानी दे रहे हैं वो एक दिन पाकिस्तान को ही समाप्त कर देगा. अगर बचना है तो आतंक का सफाया करना ही होगा. इसके अलावा कोई और रास्ता नहीं है. भारत का मत एकदम स्पष्ट है... जिस तरह – टेरर और टॉक, टेरर और ट्रेड साथ नहीं चल सकते, उसी तरह के पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकते... पाकिस्तान को अगर बचना है, तो उसे अपने टेरर इंफ्रास्ट्रक्चर का सफाया करना ही होगा.”

'पानी और खून' के एक साथ नहीं बहने का जिक्र कर पीएम मोदी पाकिस्तान को बता दिया कि सिंधु जल समझौता उस वक्त कर सस्पेंड रहेगी, जब तक कि सीमा पार से आतंकवाद का खेल खत्म नहीं हो जाता. दरअसल, भारत ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 भारतीयों की हत्या के बाद दशकों पुरानी सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है. इस वजह से पाकिस्तान को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है. विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई सिंधु जल संधि के तहत 1960 से भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी के बंटवारे एवं इस्तेमाल को नियंत्रित किया गया है. सिंधु नदी प्रणाली में मुख्य नदी सिंधु और उसकी सहायक नदियां शामिल हैं. रावी, ब्यास, सतलुज, झेलम और चिनाब इसकी सहायक नदिया हैं. वहीं काबुल नदी भारतीय क्षेत्र से होकर नहीं बहती है.

रावी, ब्यास और सतलुज को पूर्वी नदियां जबकि सिंधु, झेलम तथा चिनाब को पश्चिमी नदियां कहा जाता है. इस नदी प्रणाली का पानी भारत और पाकिस्तान दोनों के लिए महत्वपूर्ण है. स्वतंत्रता के समय भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा रेखा सिंधु बेसिन से होकर गुजरती थी, जिससे भारत ऊपरी तटवर्ती देश और पाकिस्तान निचला तटवर्ती देश बन गया.

## पाकिस्तान ने फिर तोड़ा सीजफायर

### *वैष्णो देवी भवन में ब्लैकआउट, कटरा-सांबा-कठुआ में दिखे ड्रोन,*

पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है. उसने एक बार फिर एलओसी पर संघर्ष-विराम का उल्लंघन कर फायरिंग शुरू कर दी है. ड्रोन दिखने के बाद वैष्णो देवी भवन में पूरी तरह से ब्लैकआउट हो गया है. सांबा और कठुआ में भी ड्रोन नजर आए हैं, जिसके बाद वहां ब्लैकआउट कर दिया गया.

भारत पाकिस्तान के बीच सीजफायर भले हो गया है, लेकिन नियंत्रण रेखा पर हालात अब भी तनावपूर्ण बने हुए हैं. इस बीच तीनों सेना के अभियान महानिदेशक यानी DGMO, DGAO, DGNO ने एक बार फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस करके ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद पाकिस्तान पर प्रहार को लेकर जानकारी दी. इस दौरान उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने भारत पर कई ड्रोन दागे, लेकिन हमारी लेजर गन से सभी को मार गिराया.

इस बीच प्रधानमंत्री आवास पर सोमवार को दिखी हलचल ने सबका ध्यान खींचा है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनएसए अजित डोभाल के साथ तीनों सेना प्रमुख, रॉ और आईबी चीफ ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की है.


वैसे ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब पाकिस्तान के होश ठिकाने आ गए हैं. भारतीय सेना ने बताया कि बीती रात कहीं से भी गोलीबारी की खबर नहीं. दोनों देशों के बीच हालिया तनाव के बाद जम्मू-कश्मीर और अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर यह पहली शांत रात रही.

## भूगर्भीय फॉल्टलाइन के पास पाक भूकंप का केंद्र: राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के निदेशक ने बताया कि सोमवार को पाकिस्तान के कई हिस्सों में 4.6 तीव्रता का भूकंप आया, जिसका केंद्र पंजाब प्रांत में एक प्रमुख फॉल्टलाइन के करीब था। एनसीएस के निदेशक ओ पी मिश्रा ने बताया कि भूकंप पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पीर जोंगल के पास दोपहर 1:26 बजे भारतीय समयानुसार आया।

सोमवार का भूकंप तीन दिनों के अंतराल में पाकिस्तान में आया तीसरा भूकंप था, जिसके बाद सोशल मीडिया पर पड़ोसी देश में कुछ "असामान्य गतिविधि" के दावे किए गए, जो भारत के साथ सशस्त्र संघर्ष में शामिल था।

मिश्रा ने बताया कि भूकंप का केंद्र मेन सेंट्रल थ्रस्ट के करीब था, जो



एक भूगर्भीय फॉल्टलाइन है, जो भूकंपीय गतिविधि के लिए प्रवण है। पाकिस्तान में 10 मई को लगातार दो भूकंप आए - सुबह 4.7 तीव्रता का एक भूकंप और उसके बाद 4.0 तीव्रता का भूकंप।

पिछले तीन दिनों में आए भूकंपों की श्रृंखला ने सोशल मीडिया पर चचाओं को जन्म दिया, जिसमें भारत द्वारा पाकिस्तान में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर हवाई हमले से लेकर इस्लामाबाद में परमाणु परीक्षण तक शामिल हैं। @MrSinha नामक सोशल मीडिया यूजर ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा, "पाकिस्तान में एक और भूकंप आया है, जिसकी तीव्रता लगभग पहले (पिछले कुछ दिनों में) जितनी ही है। क्या वे अभी भी परमाणु परीक्षण कर रहे हैं।"

एक अन्य सोशल मीडिया यूजर ने पर कहा, "यह प्राकृतिक भूकंप नहीं है, बल्कि संभवतः #पाकिस्तानी परमाणु स्थलों में परमाणु स्थल की घटना है? #ऑपरेशन सिंदूर।"

एनसीएस प्रमुख ने पाकिस्तान द्वारा किए जाने वाले संभावित परमाणु परीक्षणों के दावों को खारिज कर दिया।

मिश्रा ने पीटीआई से कहा, "परमाणु विस्फोटों की एक अलग पहचान होती है। एक प्राकृतिक भूकंप के दो चरण होते हैं, जबकि परमाणु विस्फोट का एक अलग तृतीयक चरण होता है। यह परमाणु विस्फोट के बाद सतह पर होने वाली प्रतिध्वनि के कारण होता है। सीस्मोग्राफ इसे स्पष्ट रूप से पहचान सकते हैं।"

अनुभवी भूकंप विज्ञानी ए के शुक्ला ने कहा कि परमाणु विस्फोटों को सीस्मोग्राफ पर अलग-अलग तरीके से दर्ज किया जाता है।

शुक्ला ने कहा, "पिछले भूकंप अलग-अलग स्थानों से आए थे और विभिन्न क्षेत्रों में परमाणु सुविधाएं फैलाना संभव नहीं था।"

पाकिस्तान भारतीय और यूरेशियाई टेक्टोनिक प्लेटों के बीच सक्रिय सीमा पर स्थित है और बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा और गिलगित-बाल्टिस्तान जैसे प्रांत अक्सर भूकंप के लिए प्रवण रहते हैं।

## *सीएम नीतीश कुमार के आगमन को ले डीएम डॉ नवल चौधरी ने बैठक कर दिया निर्देश*

### 13 मई को सीएम नीतीश कुमार करेंगे 32 योजनाओं का उदघाटन, लागत होगी 208 करोड़ 65 लाख 25 हजार रुपए

भागलपुर। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का लगभग 10.30 बजे पूर्वाह्न से भागलपुर भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित है। भागलपुर हवाई अड्डा पर उनका आगमन होगा एवं वहां से सैंडिस कंपाउंड के बैडमिंटन कोर्ट में खेलो इंडिया यूथ गेम 2025 के कार्यक्रम में शिकरत करेंगे। खिलाड़ियों से संवाद करेंगे, 208 करोड़ 65 लाख 25 हजार रुपए की लागत से 32 योजनाओं का उद्घाटन और 16 योजनाओं का शिलान्यास कुल 48 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। तदोपरांत जगदीशपुर प्रखंड के खीरीबांध पंचायत के मुखेरिया ग्राम अवस्थित मध्य विद्यालय मुखेरिया में डॉक्टर अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के अंतर्गत आयोजित विशेष शिविर में लाभुकों से संवाद करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में मध्य विद्यालय मुखेरिया में बैठक की गई। बैठक में उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारी को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन आज रात्रि 8:00 बजे तक कर लेने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के अंतर्गत मुखेरिया मध्य विद्यालय में लगाए गए 22 सेवाओं के स्टॉल का भी बारी-बारी से निरीक्षण किया तथा शिविर के पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह एवं संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

## राइट्स इश्यू के बाद उछला फ्यूजन फाइनैंस का शेयर

### इस कैलेंडर वर्ष में अब तक के सबसे बड़े सफल राइट्स इश्यू को 1.5 गुना बोली मिली।

वारबर्ग पिनकस समर्थित कंपनी फ्यूजन फाइनैंस की 800 करोड़ रुपये की राइट्स इश्यू की पेशकश सफलता के साथ पूरी हो जाने से इसके शेयरों में 8 फीसदी से अधिक की उछाल दर्ज हुई। फ्यूजन फाइनैंस के पूर्ण चुकता शेयर 8.4 फीसदी बढ़कर 165.5 रुपये पर बंद हुए जबकि आंशिक भुगतान वाले शेयर 10 फीसदी बढ़कर 96 रुपये पर बंद हुए। इस कैलेंडर वर्ष में अब तक के सबसे बड़े सफल राइट्स इश्यू को 1.5 गुना बोली मिली। इसमें हनी रोज इन्वेस्टमेंट (वारबर्ग पिनकस से संबद्ध) और क्रिएशन इन्वेस्टमेंट्स फ्यूजन सहित मौजूदा शेयरधारकों की मजबूत सहभागिता देखी गई।

2 मई तक हनी रोज के पास कंपनी की 35.2 फीसदी हिस्सेदारी थी जबकि क्रिएशन इन्वेस्टमेंट्स के पास 16.83 फीसदी हिस्सेदारी थी। दोनों को प्रवर्तक के रूप में वगीर्कृत किया गया है। सार्वजनिक शेयरधारकों में एचडीएफसी म्युचुअल फंड और निप्पॉन एमएफ के पास क्रमशः 4.21 फीसदी और 3.97 फीसदी हिस्सेदारी थी। माइक्रोफाइनैंस ऋणदाता ने 131 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से 6.11 करोड़ आंशिक चुकता इक्विटी शेयर जारी किए। पात्र शेयरधारक हर 91 शेयर के लिए 55 शेयर के लिए आवेदन कर सकते हैं और 50 फीसदी (65.5 रुपये प्रति शेयर) भुगतान पहले और बाकी राशि बाद में दे सकते हैं। आय से फ्यूजन फाइनैंस की बैलेंस शीट मजबूत होगी, जिससे वृद्धि के मौके बढ़ेंगे।

फ्यूजन फाइनैंस के प्रबंध निदेशक देवेश सचदेव ने कहा, अतिरिक्त पूंजी से हमारी बैलेंस शीट को मजबूत होगी जिससे हम उभरते अवसरों का लाभ उठा सकेंगे और सभी हितधारकों को स्थायी मूल्य प्रदान करते रहेंगे। करीब 37 लाख ग्राहकों के साथ फ्यूजन फाइनैंस ग्रामीण क्षेत्रों में वंचित और कम वंचित महिला उद्यमियों को वित्तीय सेवाएं प्रदान करती है। उसके पास 10,600 करोड़ रुपये की प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) हैं और 22 राज्यों में 1,506 शाखाओं का नेटवर्क है। इन्वेस्टेक ने अप्रैल में एक नोट में कहा था कि भारतीय माइक्रो फाइनैंस उद्योग के लिए सबसे बुरा समय समाप्त हो गया है और इस क्षेत्र में धीरे-धीरे सुधार और मजबूती की उम्मीद की जा सकती

## समय से वेतन नही मिलने पर पटना में मजदूरों ने किया प्रदर्शन

**समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बिहटा स्थित सिकंदरपुर औद्योगिक क्षेत्र की ब्रिटानिया फैक्ट्री में सोमवार को अचानक काम ठप हो गया जब सैकड़ों मजदूरों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। मजदूरों का आरोप है कि उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल रहा है और कंपनी द्वारा की गई वादाखिलाफी से वे परेशान हैं। फैक्ट्री के बाहर जमकर नारेबाजी हुई और मजदूरों ने मुख्य गेट को घेर कर प्रदर्शन किया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। मजदूर भानु प्रताप सिंह ने बताया कि वे और उनके साथी मजदूर पिछले 18 महीनों से इस फैक्ट्री में काम कर रहे हैं। इन मजदूरों में अधिकतर बिहार के अलग-अलग जिलों से आए लोग हैं, जो यहां मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। कंपनी ने उन्हें हर साल 10% वेतन वृद्धि देने का वादा किया था, लेकिन अब तक न वेतन बढ़ा और न ही अन्य वादे पूरे हुए। मजदूरों की शिकायत केवल वेतन तक सीमित नहीं है। उनका कहना है कि फैक्ट्री की कैंटीन में परोसा जाने वाला भोजन खराब गुणवत्ता का होता है। खाने के साथ-साथ पीने का साफ पानी, बैठने की जगह, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं भी ठीक से उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद फैक्ट्री प्रबंधन ने इन समस्याओं की अनदेखी की है।मजदूरों ने यह भी बताया कि कुछ महीने पहले भी उन्होंने इन्हीं मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किया था। तब प्रबंधन ने आश्वासन दिया था कि



जल्द समस्याओं का समाधान किया जाएगा। लेकिन हकीकत यह है कि अब तक कोई सुधार नहीं हुआ, बल्कि स्थिति और खराब होती जा रही है। इस कारण मजदूरों का धैर्य जवाब दे गया और उन्होंने फिर से हड़ताल करने का फैसला लिया। मजदूर प्रीतेश कुमार ने कहा कि करीब दो साल पहले शुरू हुई यह फैक्ट्री शुरू में ठीक चल रही थी। लेकिन जैसे-जैसे समय बीता, कंपनी के अधिकारियों का रवैया बदल गया। अब मजदूरों को समय पर वेतन नहीं मिलता और उनका शोषण किया जा रहा है। उनका कहना है कि जब मजदूरों की बुनियादी जरूरतें पूरी नहीं होंगी तो काम करने की इच्छा भी खत्म हो जाएगी। स्थिति को बिगड़ता देख स्थानीय पुलिस को मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने मजदूरों से बात कर शांत रहने की अपील की और फैक्ट्री प्रबंधन से बातचीत करने की कोशिश की। हालांकि मजदूरों ने स्पष्ट कर दिया है कि अगर जल्द उनकी समस्याओं का हल नहीं निकाला गया तो वे फैक्ट्री छोड़ देंगे और राज्यस्तरीय आंदोलन करेंगे। इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा किया है कि औद्योगिक इकाइयों में मजदूरों की स्थिति कितनी चिंताजनक है। यदि कोई प्रतिष्ठित कंपनी भी अपने कर्मचारियों को समय पर वेतन और न्यूनतम सुविधाएं नहीं दे पा रही है तो यह नीति और नियमन की विफलता को दशार्ता है। प्रशासन और श्रम विभाग को इस मामले में जल्द हस्तक्षेप करना चाहिए ताकि समस्या का शांतिपूर्ण समाधान निकले और मजदूरों को उनका हक मिल सके।

## 'भारत के हथियार कारगर रहे, चीन के नहीं'

### शीर्ष अमेरिकी विशेषज्ञ ने मेक-इन-इंडिया की प्रशंसा की, कहा कि यह सैन्य तत्परता का एक मॉडल है

**समाज जागरण**

सेवानिवृत्त यूनाइटेड स्टेट्स आर्मी अधिकारी जॉन स्पेंसर ने सोमवार को कहा कि भारत की घरेलू रक्षा प्रणालियों ने एक निर्णायक संदेश दिया है - न केवल अपने विरोधियों को, बल्कि दुनिया को भी जो इस पर करीब से नजर रख रही है। स्पेंसर, जो मॉडर्न वॉर इंस्टीट्यूट में शहरी युद्ध अध्ययन के अध्यक्ष भी हैं, ने कहा कि भारत के घरेलू तौर पर निर्मित हथियार कारगर रहे, जबकि चीन के नहीं

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद, भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसमें पाकिस्तान में नौ आतंकी बुनियादी ढाँचे पर हमला किया गया। पाकिस्तान ने जम्मू, पठानकोट और जैसलमेर जैसे क्षेत्रों में नागरिक और साथ ही प्रमुख रक्षा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के लिए सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलें भेजकर जवाबी कार्रवाई करने की कोशिश की। लेकिन एक भी मिसाइल अपने निशाने पर नहीं लगी। भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने उन सभी को बेअसर कर दिया, जिससे पाकिस्तान द्वारा घुसपैठ के प्रयास विफल हो गए।

स्पेंसर ने कहा कि 'मेक इन इंडिया' पहल से प्रेरित भारत की बढ़ती रक्षा आत्मनिर्भरता ने स्वदेशी उत्पादन में एक बड़ी छलांग लगाई है - 2014 में सेना की गोला-बारूद की जरूरतों का 32% हिस्सा घरेलू स्तर पर पूरा किया जाता था, जो 2024 में 88% हो गया है। "ब्रह्मोस और पिनाका जैसी मिसाइलों से लेकर रडार और आर्टिलरी सिस्टम तक, भारत में निर्मित उपकरणों ने खुद को लाइव कॉम्बैट में साबित किया है। यह सिर्फ एक राष्ट्रीय उपलब्धि नहीं है - यह आधुनिक खतरों का सामना करने वाले किसी भी देश के लिए सैन्य तत्परता का एक मॉडल है," उन्होंने एक्स पर लिखा।




इस बीच, पाकिस्तान एचक्यू-9/पी, एलवाई-80 और एफएम-90 जैसी चीनी निर्मित प्रणालियों पर बहुत अधिक निर्भर है - ये प्रणालियाँ बार-बार सटीक हमलों को रोकने या उनका पता लगाने में विफल रहती हैं, यूए के अनुभवी ने कहा। "वास्तविक लड़ाई में, खरीद सौदों की तुलना में प्रदर्शन अधिक मायने रखता है।"

पाकिस्तान के असफल प्रयास के बाद, भारत के वायु रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र ने तेजी से प्रतिक्रिया की और लाहौर और चक्रला में पाकिस्तानी सेना की चीनी निर्मित वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया।

आकाश एसएएम, डीआरडीओ के एंटी-ड्रोन सिस्टम और इंटीग्रेटेड काउंटर-यूएएस ग्रिड से मिलकर बने एक समन्वित नेटवर्क ने हर आने वाले खतरे को रोक दिया। अधिकारियों के अनुसार, “उनमें से हर एक मिसाइल को रोक दिया गया या बेअसर कर दिया गया। कोई भी अपने इच्छित लक्ष्य तक नहीं पहुँच पाया।” भारत ने भी जवाबी कार्रवाई की। भारतीय वायु सेना ने लाहौर में चीन द्वारा आपूर्ति की गई HQ-9 वायु रक्षा इकाई और महत्वपूर्ण रडार साइटों सहित रणनीतिक दुश्मन के ठिकानों पर हमला किया। इन हमलों में इजरायली मूल के हारोप ड्रोन (अब भारत में बने), 2021 में हासिल किए गए लोइटरिंग म्यूनिशन और SCALP और HAMMएफमिसाइलों से लैस राफेल जेट शामिल थे। पाकिस्तान की चीनी निर्मित प्रणालियों- HQ-9/P, L -80 और FM-90 का प्रदर्शन तुलनात्मक रूप से अप्रभावी साबित हुआ।

भारत द्वारा निर्मित लोइटरिंग म्यूनिशन का युद्ध में पदार्पण और कई तकनीकी प्लेटफार्मों का एकीकरण एक परिपक्व रक्षा रणनीति को रेखांकित करता है। एक अधिकारी ने कहा, "रक्षा के प्रति मोदी सरकार का दृष्टिकोण दिखावटी एक-एक करके नहीं रहा है - यह एक लचीला, बहुस्तरीय पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के बारे में रहा है।" भारत अब एक तकनीक-संचालित हवाई क्षेत्र रक्षा ग्रिड संचालित करता है जो सटीकता के साथ खतरों का पता लगाने, उन्हें रोकने और उन्हें खत्म करने में सक्षम है - एक उपलब्धि जिसे स्पेंसर "आधुनिक खतरों का सामना करने वाले किसी भी देश के लिए सैन्य तत्परता का एक मॉडल" कहते हैं।

# विराट कोहली का टेस्ट संन्यास हर रन था जुनून, हर पारी एक जंग

संजय सक्सेना,वरिष्ठ पत्रकार

महान क्रिकेट खिलाड़ी और हर फारमेट में भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी कर चुके रोहित शर्मा के बाद उनके हम सफर एवं समकक्ष एक और बड़े खिलाड़ी विराट कोहली ने भी 14 वर्षो के बाद टेस्ट क्रिकेट से सन्यास ले लिया है। इसी के साथ भारतीय क्रिकेट में एक सदी का अंत हो गया, एक युग पर पूर्णविराम लग




गया। जब विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा की, तो न केवल क्रिकेट जगत, बल्कि करोड़ों भारतीय फैंस की आंखें नम हो गईं। टेस्ट क्रिकेट, जिसे क्रिकेट का सबसे शुद्ध रूप कहा जाता है, वहां कोहली ने खुद को एक योद्धा की तरह साबित किया।विराट कोहली जुनून, अनुशासन और आक्रामकता के प्रतीक भर नहीं थे। उनकी विदाई सिर्फ एक खिलाड़ी का जाना नहीं है, यह एक भावना का अंत है।

विराट कोहली का टेस्ट करियर 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हुआ। शुरूआती असफलताओं के बावजूद, उन्होंने जल्द ही दिखा दिया कि उनके अंदर खास बात है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2012 की श्रृंखला में उनका शतक, इंग्लैंड में 2018 में पारी दर पारी लड़ना, और दक्षिण अफ्रीका में सीरीज जीतने की जिद को उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को अपना रण बना लिया था। कप्तानी के तौर पर भी कोहली ने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उन्होंने 68 टेस्ट में कप्तानी की, जिनमें से 40 में भारत को जीत दिलाई। यह एक भारतीय कप्तान के रूप में सर्वाधिक है। विदेशी धरती पर भारत की टेस्ट जीत, विशेषकर ऑस्ट्रेलिया में 2018 और इंग्लैंड में चुनौतीपूर्ण ड्रॉ, कोहली की आक्रामक नेतृत्व शैली की पहचान बन गई।

कोहली के टेस्ट करियर के आंकड़े शानदार हैं। 113 टेस्ट, 8845 रन, 29 शतक और 29 अर्धशतक विराट के नाम हैं। लेकिन जो चीज उन्हें आंकड़ों से ऊपर उठाती है, वह है उनकी मानसिक दृढ़ता और खेल के प्रति निष्ठा। विराट ने टेस्ट क्रिकेट को ताज की तरह पहना। जिस दौर में टी 20 और आईपीएल के चकाचौंध ने युवाओं का ध्यान खींचा, कोहली टेस्ट को ह्यबेस्ट फॉर्मेटह्ण मानते रहे। वह अक्सर कहते थे कि अगर आपको एक असली बल्लेबाज बनना है, तो टेस्ट क्रिकेट में खुद को साबित करना होगा।

यह कहना अतिशियोक्ति नहीं है कि कोहली सिर्फ एक बल्लेबाज नहीं, बल्कि एक लीडर थे। उनकी आक्रामकता ने टीम इंडिया को नया तेवर दिया। उन्होंने खिलाड़ियों को डर से नहीं, प्रेरणा से नेतृत्व किया। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी जैसे गेंदबाजों को टेस्ट में हथियार बनाना, और अजिंक्य रहाणे, चेतेश्वर पुजारा जैसे खिलाड़ियों पर भरोसा करना कोहली की रणनीतिक सूझबूझ का हिस्सा था। विराट ने फिटनेस संस्कृति को भारतीय टीम में जड़ से बदल दिया। ह्ययो-यो टेस्टह्ण को अनिवार्य करना, खुद को हर मैच के लिए तैयार रखना, और दूसरों से भी वही उम्मीद रखना, यही विराट का मानक था। उनके लिए भारतीय टीम सिर्फ एक जर्सी नहीं थी, वह एक जज्बा था।

विराट ने जब अपने सोशल मीडिया पोस्ट में टेस्ट सन्यास की घोषणा की, तो शब्दों से ज्यादा भावनाएं थीं। उन्होंने लिखा, ह्लयह खेल मुझे सब कुछ दे गया, लेकिन अब समय है कि मैं अगली पीढ़ी को स्थान दूं। मैंने अपना दिल और आत्मा इस प्रारूप को दिया है। अब मुझे अपने जीवन का नया अध्याय शुरू करना है।ह्व फैंस के लिए यह खबर बिजली की तरह थी। चाहे चेन्नई हो या मेलबर्न, लॉर्ड्स हो या कोलकाता, हर मैदान जहां विराट ने गगनभेदी गर्जना की, आज शांत था। स्टेडियम की भीड़, जिनके ह्लकोहली, कोहलीह्व के नारे आसमान गूंजते थे, अब एक आखिरी बार खड़े होकर सलाम कर रही थी।

खैर,बात विराट के सन्यास के बाद के टेस्ट क्रिकटे की कि जाये तो टेस्ट मैच से विदाई के बाद भी विराट कोहली भारतीय क्रिकेट से दूर नहीं होंगे। वह युवाओं के लिए प्रेरणा रहेंगे, मैदान पर नहीं तो उनके दिलों में। उनकी जीवटता, संघर्षशीलता और ह्यकभी न हार माननेह्ण की भावना, अगली पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक रहेगी। विराट की यात्रा सिर्फ क्रिकेट तक सीमित नहीं रही। वे आज भी सोशल कार्यों, स्वास्थ्य, फिटनेस और युवा सशक्तिकरण के प्रतीक हैं। उन्होंने दिखा दिया कि कैसे एक खिलाड़ी अपने खेल से बाहर निकलकर समाज पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

लब्बोलुआब यह है कि टेस्ट क्रिकेट विराट कोहली के बिना अधूरा लगेगा,लेकिन उनकी विरासत हर युवा बल्लेबाज की आंखों में चमकेगी, हर गेंदबाज की चुनौती में दिखेगी और हर भारतीय फैन के दिल में धड़कती रहेगी।उन्होंने बल्ले से जो लिखा, वो सिर्फ स्कोरबोर्ड पर नहीं, इतिहास की किताबों में दर्ज हो गया है।

# कितना है मोदी जी के मौन का महत्व

समाज जागरण



भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम के बाद दुनिया बोल रही है लेकिन हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी ने मौन व्रत धारण कर रखा है इसलिए घबडाहट होती है. आखिर क्या वजह है कि महावीर मोदी जी ने न बोलने की शपथ ले रखी है ?

पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लडाई शुरू करने का फैसला करने वाले लौहपुरुष मोदी जी का पूरा देश मुरीद हो चुका है, लेकिन नाटकीय तौर पर युद्धविराम स्वीकार करने से उनके प्रति संशय भी पैदा हुआ है. ये संशय अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बड़े-बडे बयानों ने और बढा दिया है। ट्रंप साहब ने कश्मीर का जिक्र करते हुए यहीं की समस्या का समाधान कराने की बात कही है। आपको याद होगा कि भारत और पाकिस्तान के बीच तीन दिनों से चल रहे आपरेशन सिंदूर के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने ही सबसे पहले कथित सीजफायर की जानकारी दी थी। इसके बाद भारत और पाकिस्तान की तरफ से बयान जारी कर समझौता किए जाने की बात कही गई थी।

ताजा प्रसंग में विस्मय इसलिए भी हो रता है क्योंकि सीजफायर पर पाकिस्तान बोल चुका, अमेरिका बोल चुका लेकिन भारत नहीं बोल रहा. भारतीय सेना और विदेश मंत्रालय के सचिव ही बोल रहे हैं. आप कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री जी का बोलना जरूरी है ही नहीं. वे सही वक्त आने पर बोलेंगे. अभी जिसे बोलना है बोल ले. मोदीजी की खामोशी के बाद ट्रंप ही नहीं अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और एलन मस्क तक बोल रहे हैं. रूबियो ने कहा कि उन्होंने और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की। रुबियो ने टकराव के बजाय बातचीत को चुनने के लिए पीएम मोदी और पाकिस्तान की सराहना भी की।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अहम सहयोगी और टेक अरबपति और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने भी भारत-पाकिस्तान युद्ध विराम पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, "मुझे भारत और पाकिस्तान के मजबूत और अडिग नेतृत्व पर बहुत गर्व है, क्योंकि उनके पास यह जानने और समझने की शक्ति, बुद्धि और धैर्य है कि वर्तमान आक्रमण को रोकने का समय आ गया है। यह युद्ध इतने सारे लोगों की मृत्यु और विनाश का कारण बन सकता था। लाखों अच्छे और निर्दोष लोग मारे जा सकते थे! आपकी विरासत आपके बहादुर कार्यों से बहुत बढ़ गई है।"

ट्रंप ने आगे कहा, ", मैं आप दोनों के साथ मिलकर यह देखने के लिए काम करूंगा कि क्या "हजार साल" के बाद कश्मीर के संबंध में कोई समाधान निकाला जा सकता है। भगवान भारत और पाकिस्तान के नेतृत्व को अच्छी तरह से किए गए काम के लिए आशीर्वाद दें.

सवाल ये है कि क्या भारत ने ट्रंप को अपना सरपंच स्वीकार कर लिया है, अगर नहीं तो ट्रंप साहब को जबाब मोदी जी के अलावा कोई और नहीं दे सकता. मौजूदा सरकार से पहले भारत के किसी भी प्रधानमंत्री ने अमेरिका को कश्मीर मामले पर बोलने की छूट नहीं दी. मुझे लगता है कि माननीय मोदी जी या तो ट्रंप के बडबोलेपन की अनदेखी कर रहे हैं या फिर जबाब देने के लिए बिहार के किसी चुनावी मंच की तलाश कर रहे हैं. आप यदि न भूले हों तो जानते ही होंगे कि पहलगाम हत्याकांड के बाद मोदी जी ने भधुबनी में पाकिस्तान को ललकारा था.

इस संवेदनशील मुद्दे पर संसद का विशेष सत्र न बुलाकर मोदी जी शायद फिजूल खर्ची रोक रहे हैं. सीजफायर स्वीकार करने से आपरेशन सिंदूर पर रोजाना खर्च होने वाले कम से कम 3000 करोड रुपये भी मोदीजी की दूरदृष्टि की वजह से बचे. मै और मेरा देश फिर भी मोदी जी के मन की बात सुनने को आतुर है. हमें ट्रंप, रुबियो या मस्क के मन की बातें सुनने में कोई दिलचस्पी नहीं है.

@राकेश अचल

# सीजफायर-मोदी की राष्ट्रवाद से यू-टर्न तक की अधूरी कहानी

अजय कुमार,वरिष्ठ पत्रकार



भारतीय राजनीति में ऐसे कई क्षण आते हैं जब कोई घटना देश की जनता और सत्ता प्रतिष्ठान के बीच संबंधों को गहराई से प्रभावित करती है। पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों द्वारा 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में 26 हिन्दुओं की हत्या भी इसी की एक कड़ी थी,जिसका हिसाब चुकाने के लिये मोदी सरकार ने पाकिस्तान पर कड़ा कूटनीतिक और सैन्य प्रहार किया,जिसकी शुरूआत पाकिस्तान के साथ दश-कों पुराने चले आ रहे सिंधु जल समझौते के निलंबन से हुई तो ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण के रूप में भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुस कर ही आतंकवादियों को कब्र में सुला दिया,आपरेशन सिंदूर एक ऐसी ही सैन्य कार्रवाई थी, जो जितनी तेजी से राजनीतिक विमर्श के केंद्र में आई, उतनी ही जल्द वह विवादों और अस्पष्टताओं के भंवर में फंसकर थम गई। यह ऑपरेशन अपने कथित उद्देश्यों के कारण जितना महत्वपूर्ण था, उतना ही इसके अचानक ठहराव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिष्ठा पर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए।जब पहलगाम में आतंकियों ने 26 हिन्दुओं को उनका धर्म पूछ कर मारा तो इसका बदला लेने के लिये पूरा देश और विपक्ष मोदी सरकार के साथ खड़ा हो गया।सबने एक सुर में कहा मोदी सरकार जो कार्रवाई करेगी,उसका हम समर्थन करेंगे,प्रधानमंत्री मोदी ने भी सर्वदलीय बैठक बुलाकर सबको संतुष्ट करने में कोई गुरेज नहीं किया,लेकिन जब सीजफायर किया गया तो मोदी सरकार ने किसी से नहीं पूछा। उन विपक्षी नेताओं को भी भरोसे में नहीं लिया जो उनके साथ खड़े हुए थे,यह बात देशवासियों को पसंद नहीं आई। खासकर बीजेपी और मोदी समर्थक भी इस मुद्दे पर बीजेपी और मोदी सरकार के खिलाफ नजर आये।

गौरतलब हो ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण की शुरूआत एक गुप्त अभियान के तौर पर हुई थी, जिसका उद्देश्य कथित रूप से कश्मीर घाटी में आतंक के नेटवर्क को समाप्त करना और पाकिस्तान समर्थित तत्वों को निष्क्रिय करना था। इस ऑपरेशन का नाम ह्यसिंदूरह्ण रखने के पीछे भावनात्मक और सांस्कृतिक प्रतीक था। सिंदूर, जो भारत में सुहागिन स्त्रियों का प्रतीक है। माना जा रहा था कि इस ऑपरेशन के तहत सुरक्षाबलों को ह्यफ्री हैंडह्ण दिया गया था, और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल के मार्गदर्शन में इसे अंजाम तक पहुंचाया जाना था। ऑपरेशन के शुरूआती दिनों में कुछ महत्वपूर्ण गिरफ्तारियाँ और सीमावर्ती क्षेत्रों में आतंकी ठिकानों पर हमले हुए भी थे। लेकिन जैसे-जैसे दिन बीते, यह ऑपरेशन धीरे-धीरे मीडिया से गायब होता चला गया।

फिर एक दिन ऑपरेशन सिंदूर जिस तरह अचानक शुरू हुआ था, उतनी ही चुप्पी से वह थम भी गया। इसके पीछे कई कारण माने जा रहे हैं,जिसकी चर्चा करना यहां जरूरी है। कहा जा रहा कि संयुक्त राष्ट्र और पश्चिमी देशों ने भारत से मानवाधिकारों को लेकर जवाबदेही की मांग की। अमेरिका और यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों ने अप्रत्यक्ष रूप से भारत से ह्यसंवेदनशीलताह्ण बरतने की अपील की। बात देश के भीतर की कि जोय तो ऑपरेशन के चलते स्थानीय जनता में असंतोष बढ़ने लगा था। स्कूल, कॉलेज बंद होने लगे थे और एक बार फिर घाटी में सुधरते हुए के हालात बिगड़ने लगे थे। मोदी स-रकार को आगामी चुनावों में उत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों में मुस्लिम मतों को प्रभावित करने की चिंता थी। किसी भी प्रकार की कठोर सैन्य कार्रवाई इस वर्ग को और अलग-थलग कर सकती थी। सूत्रों के अनुसार, ऑपरेशन की रणनीति को लेकर रक्षा मंत्रालय और गृह मंत्रालय के बीच मतभेद थे। कुछ वरिष्ठ अधिकारियों का मानना था कि यह समय पूर्ण सैन्य कार्रवाई का नहीं, बल्कि सूक्ष्म कूटनीतिक प्रयासों का था।

बहरहाल,वजह कोई भी हो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अब तक की छवि एक ह्यनिर्णायक और मजबूत नेताह्ण की रही है। 2016 का सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 का बालाकोट एयर स्ट्रा-इक उनके इस रूप की पुष्टि करते हैं। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर का अचानक ठहर जाना इस छवि पर धुंध छा जाता है। समर्थकों को लगता है कि सरकार ने एक बार फिर ह्लकठोर कदमह्व की शु-रूआत करके अंत में ह्ययू-टर्नह्ण ले लिया। यह एक राजनीतिक चाल अधिक और सुरक्षा नीति कम प्रतीत हुआ। वहीं अभी तक मोदी सरकार के साथ खड़ी कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल अब पूरे घटनाक्रम को ह्यराजनीतिक नौटंकीह्ण करार देते हुए पूछ रहे हैं कि यदि ऑपरेशन जरूरी था तो उसे अधूरा क्यों छोड़ा गया? और यदि नहीं था, तो इसकी शुरूआत क्यों की गई? पूर्व सैनिकों और रक्षा विश्लेषकों ने भी यह सवाल उठाया कि जब सैनिकों को ह्यऑपरेशन मोडह्ण में लाया गया, तो क्या उन्हें केवल राजनीतिक संदेश देने का माध्यम बनाया गया?

उधर, सोशल मीडिया और जमीन पर जनता की प्रतिक्रिया मिली-जुली रही। एक ओर राष्ट्रवाद की भावना से भरपूर वर्ग ने इस ऑपरेशन के प्रति उत्साह दिखाया था, लेकिन जब यह बिना निष्कर्ष के थमा, तो वही वर्ग निराश हो गया। दूसरी ओर, शांति और संवाद की वकालत करने वालों ने राहत की सांस ली, पर यह असमंजस बना रहा कि सरकार ने अंततः क्या निर्णय लिया और क्यों। ऑपरेशन सिंदूर की खबरें जब आई तो प्रमुख चैनलों ने इसे मिशन कश्मीर 2.0 की संज्ञा दी। पैनल चचाओं में राष्ट्रवाद की लहरें उठीं, लेकिन जैसे ही ऑपरेशन पर कोई आधिकारिक सूचना आनी बंद हुई, मीडिया ने भी चुप्पी साध ली। इससे यह संदेह और गहरा हुआ कि कहीं यह एक प्रायोजित प्रचार तो नहीं था।

कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि ऑपरेशन सिंदूर एक प्रतीक बन गया है उस नीति का, जो न तो पूरी तरह सैन्य थी और न ही पूरी तरह कूटनीतिक। इसकी अधूरी परिणति ने यह दिखा दिया कि केवल आक्रामक भाषण और प्रतीकात्मक नामों से जमीनी हकीकत नहीं बदलती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि पर इस अधूरे ऑपरेशन ने निश्चित रूप से असर डाला है, विशेषकर उस वर्ग में जो उन्हें निर्णायक नेतृत्व का प्रतीक मानता रहा है। आने वाले चुनावों में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या मोदी इस ह्यहिचकिचाहटह्ण को छिपा पाने में सफल रहते हैं, या यह उनके राजनीतिक विपक्ष के लिए एक नया हथियार बन जाता है।

## हमला नहीं, जवाबी कार्रवाई की हैं...!

भारत ने हमला नहीं, जवाबी
कार्रवाई की हैं,

पाक के आतंकवादियों की
कमर तोड़ दी हैं।

नौ जगहों को साध किया
सफल ऑपरेशन,

माता-बहनों के सिंदूर का पूरा
हुआ मिशन।

चीन से खरीदे चौकसी वाले
तंत्र पर सवाल,

फुस्स हो गए थे हथियार मच
गया है बवाल।

भारत ने हमला नहीं, जवाबी
कार्रवाई की हैं,

पाक के आतंकवादियों की
कमर तोड़ दी हैं।

बेगुनाहों के खूनों का करारा
जवाब दिया हैं,

भारतीय सेना ने उसे नेस्तनाबूद
कर दिया है।

भारत ने सावधानी से इन
स्थलों को चुना था,

मिसाइल व ड्रोन के जरिए यह
जाल बुना था।

भारत ने हमला नहीं, जवाबी
कार्रवाई की हैं,

पाक के आतंकवादियों की
कमर तोड़ दी हैं।

ये घुटनों पर आ गया है मांग
रहा सीज फायर,

अब भी चला रहा है गोली न
मान रहा कायर।

सेनाओं की झूठी कामयाबियों
से भरी पड़ी हैं,

अपने ब्रह्मोस व राफेल की
कामयाबी बड़ी हैं।

संजय एम तराणेकर

(कवि, लेखक व समीक्षक)

# बुद्ध के देश में युद्ध, कितनी शांति कितना संग्राम' अविश्वसनीय पाकिस्तान,कतई भरोसे का पात्र नही।

आतंकवाद और कट्टर धार्मिक विचारधारा से उपजा पाकिस्तान किसी भी भरोसे के काबिल नहीं है। भारत में स्वतंत्रता के बाद से बुद्ध की शांति के सिद्धांतों के अनुरूप हमेशा शांति बनाए रखने का प्रयास किया है और पूरे विश्व को सदैव शांति का संदेश दिया है। बुद्ध के देश भारत में अशांति का माहौल भारतीय सरकार और भारतीय सेना कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। यह स्पष्ट संदेश पड़ोसी पाकिस्तान के साथ-साथ बांग्लादेश, चीन और पूरे विश्व को दे दिया गया है। जब-जब पाकिस्तान ने भारत में अशांति पैदा करने का प्रयास किया है तब तब पाकिस्तान को हमेशा मुंह तोड़ जवाब ही मिला है और उसके बाद पाकिस्तान हमेशा क्षमा याचना की प्रार्थना करता रहा है। अब 22 अप्रैल को उसने पहलगाम में 27 निर्दोष भारतीयों की हत्या करके बुद्ध के देश भारत को उद्वेलित कर दिया भारत ने उसे घर में घुस के मारने का प्रण लिया और भारत में 23 मिनट में उसके 9 आतंकवादी केंद्रों को तहस-नहस कर दिया इसके अतिरिक्त भारत की वायु सेना ने पाकिस्तान के 9 वायु सैनिक अड्डों को तबाह एवं नेस्त नाबूत कर दिया है। भारत ने पहलगाम में हुई हत्याओं के जवाब में पाकिस्तान के लगभग 100 आतंकवादियों को मार गिराया इसके अलावा उसके 40 सैनिक मारे गए। भारत ने लगभग 9 कुख्यात आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया है। भारत में 9 और 10 तारीख को ताबड़तोड़ हवाई हमले किए एवं पाकिस्तान को घुटनों पर लाकर रख दिया। पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के सक्षम प्राधिकारियों से निवेदन कर युद्ध विराम के लिए निवेदन किया है जिसे भारत ने अपनी शर्तों पर स्वीकार कर लिया। सीजफायर के तुरंत बाद पाकिस्तानियों ने कश्मीर और राजस्थान में युद्ध विराम का उल्लंघन कर अपने ड्रोन से नागरिकों के रिहायशी इलाकों में आक्रमण किया जिसे भारत की वायुसेना में नाकाम कर दिया है। भारत सदैव शांति का पक्षधर रहा है एवं उसने पूरे विश्व में शांति का संदेश दिया पर हमारा आतंकवादी पड़ोसी पाकिस्तान अपनी हरकतों से कभी बाज नहीं आ पाया है अब उसकी कमर टूट चुकी भारत की वायु सेना, थल सेना एवं जल सेना ने लाहौर कराची इस्लामाबाद एवं पाकिस्तान के हर क्षेत्र में इतने ताबड़तोड़ हमले किए कि पाकिस्तान के हुक्मरान और वहां की सेना लगभग रोने लग गई और युद्ध विराम की याचिका करने लगी है। पाकिस्तान के पुराने इतिहास को देखा जाए तो वह हमेशा धोखेबाजी,मक्कारी और आतंकवादी गतिविधियों से कभी बाज नहीं आया है। ऐसे में पाकिस्तान पर भारत कैसे विश्वास कर सकता है और इसी के फल स्वरुप माननीय प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से कह दिया है कि अब गोली के बदले गोल दागा जाएगा और यदि युद्ध विराम का उल्लंघन होगा तो इसे एक्ट आफ वार ही माना जाएगा इसका स्पष्ट मतलब है कि यदि पाकिस्तान किसी भी आतंकवादी को भारत में आक्रमण करने भेजेगा तो इस युद्ध की स्थिति मानकर उस पर वार किया जाएगा। सेना के सुप्रीम कमांडर ने भारत के तीनों सैनिक कमांडरों को पाकिस्तान पर सीजफायर के उल्लंघन की स्थिति में आक्रमण करने की खुली छूट दे दी है। भारत ने पाकिस्तान एवं तुरकियों से बने लगभग 400 ड्रोन को निष्फल कर दिया है और एलओसी पर आक्रमण कर लगभग 40 सैनिकों को मार गिराया। पाकिस्तान के दो युद्ध के बड़े हवाई जहाज को आक्रमण करके नष्ट कर दिया एवं उनके पायलट को अपने कब्जे में ले लिया है। विचारणीय प्रश्न यह है कि भारत कब तक अपने पड़ोसी देश को माफ करते जाएगा आज सीज फायर तो हो गया है पर कल फिर पाकिस्तान अपनी करतूतों के कारण भारत पर कहीं ना कहीं से आक्रमण जरूर करेगा ऐसे में भारत को पुनः आक्रमण कर उसे सबक सिखाना पड़ेगा। अब युद्ध विराम की स्थिति में भारत और पाकिस्तान की डीजीएमओ बैठकर समझौता करने की तैयारी कर रहे हैं तो इसमें भारत का स्पष्ट रूख है कि पाकिस्तान अपने देश में पल रहे आतंकवादियों को भारत को सौंप दें और पाक अधिकृत कश्मीर को भी भारत को सौंपना पड़ेगा इसके अलावा सिंधु जल समझौता निलंबित रहेगा तथा पाकिस्तानियों को भारत प्रवेश में मनाही रहेगी। इन शर्तों में पाकिस्तान सहमत होता है तो भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत होगी और भारत पहलगाम में दिवंगत 27 निर्दोष नागरिकों की मृत्यु का बदला पूरा होगा। उल्लेखनीय की भारत के प्रधानमंत्री तथा फौजी के कमांडरों ने स्पष्ट रूप से पाकिस्तान तथा पूरे विश्व को बता दिया है कि ऑपरेशन सिंदूर जारी रहेगा और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए भारतीय सेना पूरी तरह से तैयार है। सेना के प्रवक्ता ने बताया कि भारतीय सेना पाकिस्तान की सीमा पर प्रवेश नहीं किया है पर भारत से ही भारतीय वायु सेना ने भारत के भीतर से ही पाकिस्तान के वायु सैनिक अड्डों तथा आतंकवादी ठिकानों को बर्बाद कर दिया है। यह बात पाकिस्तान बहुत अच्छे से जानता है की जिस देश में खाने के लिए अनाज आटा और रोटी नहीं है वह भारत जैसे सक्षम देश से युद्ध करने की स्थिति में बिल्कुल नहीं है और यदि वह युद्ध करता है तो अपनी मौत स्वयं आहुत करने जैसी स्थिति होगी। भारतीय सेना के प्रवक्ताओं ने बताया है कि भारत नें जो सटीक अनुशासित और युद्ध को विस्तारित न करने वाली नीति पर आक्रमण किया है वह उसे पर कायम रहेगा किंतु यदि पाकिस्तान फिर से भारत पर आतंकवादी हमला या युद्ध करने की स्थिति में आएगा तो इस बार पाकिस्तान को समूचा नष्ट कर दिया जाएगा और उसके चार टुकड़े कर दिए जाएंगे।इसके अलावा पाकिस्तान वैश्विक परिदृश्य से अदृश्य होने की स्थिति में आ जाएगा। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि सेना के प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने 10 और 11 में की रात में संघर्ष विराम और हवाई क्षेत्र में उल्लंघन पर पश्चिमी सीमा के कमांडरों के साथ सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की थी सेना प्रमुख ने डीजीएमओ से वार्ता से बनी सहमति की किसी भी उल्लंघन की स्थिति में तोडी तो जवाबी कार्रवाई के लिए सभी कमांडरों को पूर्ण अधिकार सौंप दिए गए हैं।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# संत और धमार्चार्य कथा के साथ राष्ट्र धर्म की भी बात करे

**पंडित राजेश अग्निहोत्री**
**भागवताचार्य के प्रवचन का अंश।**

संतों को और धमार्चार्यों को सुनने के लिए युवा पीढ़ी को अवश्य जाना चाहिए। युवा पीढ़ी को कथा में भेजना माता पिता का दायित्व है। बचपन से ही माता पिता या दादी बाबा को अपने साथ छोटे छोटे बच्चों को कथा में लेकर जाना चाहिए जिससे कि धीरे-धीरे उन बच्चों की आदत बन जाएगी।कुछ लोग बच्चों को इसलिए नहीं लेकर जाते हैं क्योंकि उनका तर्क रहता है कि बच्चे कथा नहीं सुनने देते हैं। अरे भैया जब आपको सुननी थी तब आपने सुनी नहीं तो फिर अब क्या सुनोगे।तुम्हारा दिमाग फालतू बातों से भरा पड़ा हुआ है। अपने दिमाग से उस कचड़े को निकालोगे नहीं। दिमाग में जगह तो सीमित है तो फिर बिना दिमाग खाली किये कोई बात तुम्हारे दिमाग में कैसे जाएगी।देखो,इस बात को ऐसे समझो, मोबाइल में मैमोरी होती है और मैमोरी जब फुल हो जाती है फिर उसमें कुछ जाता नहीं है यदि मैमोरी में से कुछ डिलीट कर दिया जाता तो फिर आप जो डालोगे उसमें चला जाएगा।इसी तरह जब कोई बात तुम्हारे दिमाग में न घुसे तो समझ लेना चाहिए कि अब दिमाग में जगह नहीं बची है। बच्चों की मैमोरी खाली होती है यदि एक भी बात उनके दिमाग में घुस गई तो समझो बात बन गई। इसलिए कथा में बच्चों को अवश्य भेजो।श्री मद् भागवत कथा सात दिन की होती है, और राम कथा नौ दिन की होती है।कथा के शुरू में,बीच में या विश्राम के दिन रविवार अवश्य पड़ेगा।कम से कम एक दिन रविवार को ही बच्चों को कथा में भेजो। संतों और धमार्चार्यों के द्वारा कही हुई बात का बच्चों पर विशेष प्रभाव पड़ता है। हमें जीवन को किस तरह जीना है ये हमको कथाएं सिखाती हैं ।और बच्चों को अपना जीवन जीना है।आप तो जी लिए हो अब उनको कैसे जीना है ये कथा के माध्यम से सिखाना चाहिए।इसलिए संतों और



धमार्चार्यों से मेरा निवेदन है कि कथाओं के साथ साथ बच्चों और युवाओं के अन्दर जोश भरने का काम करें। हमारी भूमि सदैव वीरों की रही है इसलिए वीरों की कथाएं सुनाएं। राष्ट्र प्रेम के लिए जागरूक करें।राष्ट्र हमारे लिए सर्वोपरि है।राष्ट्र सुरक्षित रहेगा तो धर्म भी रहेगा। कथाओं को उदाहरण के साथ वर्तमान में जोड़कर समझाने का प्रयास करें। धर्म कर्म केवल पूजा पाठ तक ही सीमित नहीं है ।देश को सुरक्षित रखना,देश की तरक्की में सहयोग करना ये सब राष्ट्र धर्म है। धर्म को खतरे से बचाने के लिए शास्त्रों का प्रयोग आवश्यक है और देश को खतरे से बचाने के लिए शस्त्र का प्रयोग आवश्यक है। राष्ट्र से प्रेम करना चाहिए।जिस भूमि पर हमने जन्म लिया, जहां का हमने पानी पिया, जहां के खुले वातावरण में सांस ली, जहां का हमने अनाज खाया उस राष्ट्र के प्रति हमें कर्तव्य परायण ( वफादार) होना चाहिए।जो कर्तव्य परायण नहीं वह गद्दार कहलाता है।देश की सेवा में हमें मर मिटने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।अभी भी जिसका खून न खौला, खून नहीं वो पानी है।जो देश के काम न आए, वो वेकार जवानी है।।जिसको न निज गौरव तथा निज देश का अभिमान है।वह नर नहीं नर पशु निरा है और मृतक समान है।हर घर में शास्त्र और शस्त्र दोनों होना आवश्यक है। शस्त्र देखने के लिए नहीं, चलाना भी आना चाहिए। हरि स्मरण करते रहें शेष प्रभु इच्छा।

# संरक्षित होंगी नदियां तो बचेगा जीवन: रिवर मैन

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंस की ओर से यूनिवर्सिटी के ऑडी में जल संसाधनों के सतत प्रबंधन एवम् गंगा पुनर्जीवन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

**समाज जागरण**

मुरादाबाद : तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंस में जल संसाधनों के सतत प्रबंधन एवम् गंगा पुनर्जीवन पर आयोजित नेशनल सेमिनार में रिवर मैन ऑफ इंडिया एवम् भारतीय नदी परिषद के अध्यक्ष श्री रमन कांत बतौर मुख्य अतिथि बोले, नदियों से ही हमारी पहचान है। यदि नदियों का जीवन थमेगा तो मानव सभ्यता का प्रवाह भी थम जाएगा। ऐसे में स्टुडेंट्स को नदियों में जल संरक्षण के लिए और अधिक रिसर्च वर्क में जुटना चाहिए। उन्होंने जाने-माने समाजवादी नेता श्री राममनोहर लोहिया को भी कोट किया। जन भागीदारी से नदी संरक्षण पर श्री रमन ने प्रदूषण के मुहाने पर पहुंची नदियां, तेजी से बढ़ते अतिक्रमण और घटते भूजल स्तर पर चिंता जताते हुए कहा, जीवनदायिनी नदियों को सेहतमंद रखने के लिए क्रांतिकारी कदम उठाने होंगे। इससे पूर्व रिवर मैन ऑफ इंडिया श्री रमन कांत, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के एसएमसीजी विभाग की यूनिट हेड- कम्युनिकेशन एवम् आउटरीच सुश्री सोनालिका सिंह, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन में रीयल टाइम सूचना विशेषज्ञ ई. पीयूष गुप्ता, टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन, श्री कपिल रस्तोगी, एग्रीकल्चर के डीन प्रो. प्रवीन कुमार जैन आदि





ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके ऑडी में राष्ट्रीय संगोष्ठी का शंखनाद किया। इस मौके पर सभी अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। अंत में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। संचालन डॉ. कंचन गुप्ता ने किया।

रिवर मैन बोले, नदियों से बालू और बजरी के अंधाधुंध खनन से नदियों का जल स्तर डार्क जोन में जाने की कगार पर हैं। नदियों के पुनर्जीवन के लिए नदियों का चिन्हिकरण, विलुप्त नदियों के उद्गम स्थान खोजने, नदियों में कचरा रोकने का तत्काल प्रबंधन किया जाए। साथ ही नदियों की धारा की सफाई भी जरूरी है। जैविक खेती को भी अधिक से अधिक अपनाना होगा। रिवर मैन बोले, काम से पहले नदी का ज्ञान... तभी बनेंगे नदी के काम...। विलुप्त हुई हिंडन नदी पर बोलते हुए कहा, नदियों के पुनर्जीवन में सरकार के संग-संग जन भागीदारी भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, आम आदमी को मेरी नदी.. मेरी पहल का संकल्प लेना होगा। टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन बोले, जल संरक्षण के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। उन्होंने नीर, थल, वायु, अग्नि और आकाश का संरक्षण न करने को जीव हत्या करार दिया। प्रो. जैन ने राष्ट्रकवि सोहनलाल द्विवेदी की कविता- पर्वत कहता शीश उठाकर को भी कोट किया। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के एसएमसीजी विभाग की यूनिट हेड- कम्युनिकेशन एवम् आउटरीच सुश्री सोनालिका सिंह ने प्रत्येक जिले में सीवर ट्रीटमेंट प्लांट-एसटीपी लगाने की मांग की। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन में रियल टाइम सूचना विशेषज्ञ ई. पीयूष गुप्ता ने प्रयाग- प्लेटफार्म फॉर रियल टाइम एनालिसिस ऑफ यमुना एंड गंगा पर बोलते हुए कहा, यमुना एंड गंगा के मानिंद देश की सभी नदियों का रीयल टाइम एनालिसिस जरूरी है। प्रो. पीयूष बोले, हकीकत यह है, जैसी नदी होगी, वैसे ही लोग होंगे। पर्यावरणविद श्री कपिल रस्तोगी ने कचरा न जलाने की पुरजोर वकालत की। राष्ट्रीय संगोष्ठी में कन्वीनर डॉ. बलराज सिंह, सेक्रेटरी डॉ. गणेश दत्त भट्ट, डॉ. महेश सिंह, डॉ. अमित मौर्या, डॉ. सुनील सिंह, डॉ. सच्चिदानंद सिंह, डॉ. उपासना, डॉ. मनदीप रावत, डॉ. शाकुली सक्सेना, डॉ. जूरी दास, डॉ. नेहा आदि के संग-संग एग्रीकल्चर के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# तथागत की महापरिनिर्वाण धरा को विकास के नक्शे पर संवार रही योगी सरकार

*बुद्ध पूर्णिमा पर कुशीनगर पहुंचे कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, चीवर व कमल पुष्प अर्पित कर भगवान बुद्ध को निवेदित की श्रद्धा*

*निमार्णाधीन महात्मा गौतम बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का किया औचक निरीक्षण*

लखनऊ/ कुशीनगर, 12 मई। पूरी दुनिया को सत्य, अहिंसा, प्रेम व मानवता का संदेश देने वाले तथागत भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण धरा कुशीनगर को योगी सरकार न सिर्फ अंतरराष्ट्रीय पर्यटन अपितु समग्र विकास के पैमाने पर संवार रही है। महापरिनिर्वाण स्थली और इससे जुड़े आयामों के पर्यटन विकास के लिए खजाना खोल देने वाली सरकार, मेडिकल कॉलेज की सौगात देने के बाद महात्मा बुद्ध के नाम कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का निर्माण करा रही है। बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व पर सोमवार को प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने महापरिनिर्वाण मंदिर में चीवर चढ़ाने, रामाभार स्तूप पर कमल पुष्प अर्पित करने के बाद महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों का जायजा लिया और इस धरा के विकास को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता को प्रकट किया।

कुशीनगर की ख्याति भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली के रूप में है लेकिन इसे अंतरराष्ट्रीय पर्यटन फलक पर निखारने की गंभीर पहल योगी सरकार में हुई। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विशेष प्रयासों से बनवाए गए इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों हो चुका है। हाल के दिनों में कुशीनगर के पर्यटन विकास के लिए करीब 62 करोड़ रुपये की जो परियोजनाएं मंजूर की गई हैं उनमें से करीब 28 करोड़ रुपये सिर्फ महापरिनिर्वाण स्थली से जुड़े आयामों पर खर्च किए जाएंगे।

# डग्गामार वाहनों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही किया गया

**समाज जागरण**

जनपद श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक श्री घनश्याम चौरसिया के निर्देश में अपर पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी यातायात श्री आलोक कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में चलाए जा विशेष चेकिंग अभियान के अन्तर्गत आज प्रभारी यातायात श्री मो0 शमीम व यातायात टीम द्वारा थाना कोत0 भिनगा क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानो पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर अवैध तरीके से चलाये जा रहे आटो रिक्शा/ई-रिक्शा व डग्गा मार वाहनो के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए भिनगा से बहराईच मार्ग पर चलने वाले 2 रिक्शा वाहनो को एम0वी0 एक्ट के तहत सीज किया गया तथा प्रभारी यातायात द्वारा





स्थानीय बाजारो व भीड़-भाड़ वाले स्थानो पर आम जनमानस को एकत्र कर *"मोबाइल पर नहीं, सड़क पर ध्यान दीजिए।" व "एक सेकंड की लापरवाही, उम्र भर का पछतावा।" के सन्दर्भ मे समस्त को दो पहिया वाहन चलाते समय सदैव हेलमेट पहनने, व मोबाइल फोन का प्रयोग न करने की हिदायत दी गई तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने व मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाने आदि के महत्व के बारे में समस्त को विस्तृत रूप से जागरूक कर यातायात नियमों सम्बन्धित पम्पलेट्स का वितरण किया गया तथा आम जनमानस को शपथ दिलाई गई कि वे सड़क पर चलते समय सदैव यातायात नियमो का पालन करेंगे ।

# जेडआरयूसीसी सदस्य बनाए जाने पर अंगवस्त्र प्रदान कर करुणेश ने दी बधाई

**समाज जागरण**

गोरखपुर- अखिल भारतीय ब्राह्मण जनकल्याण समिति के राष्ट्रीय महामंत्री करुणेश पांडेय ने समाजसेवी धनंजय तिवारी को रेल मंत्रालय,भारत सरकार अंतर्गत क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति, उत्तर मध्य रेलवे का सदस्य बनाए जाने पर रामपुर रकबा स्थित आवास पर अंगवस्त्र प्रदान कर शुभकामना दिया । धनंजय तिवारी ने कहा कि यह न केवल मेरे लिए



एक सम्मान है, बल्कि यह मुझे रेलवे और इसके उपयोगकताओं के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने का एक अनूठा अवसर भी प्रदान करेगा। मैं इस समिति के माध्यम से रेलवे की सेवाओं में सुधार और यात्रियों की सुविधा में वृद्धि के लिए अपने अनुभव और ज्ञान का उपयोग करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। उन्होंने रेल मंत्रालय का धन्यवाद ज्ञापित किया, इस दौरान मुख्य रूप से अम्बर उपाध्याय, विश्वप्रेमी पांडेय,नीरज द्विवेदी आदि मौजूद रहे ।

# श्रद्धा और भक्ति में डूबे श्रद्धालु, श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का हुआ भव्य समापन

## सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव व अनिल गुरु जी हुए कथा समारोह में शामिल

**समाज जागरण**

सैफई (इटावा)। ग्राम नगला बने में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का समापन सोमवार को धार्मिक श्रद्धा और वैदिक विधि-विधान के साथ हुआ। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव /विधायक शिवपाल सिंह यादव, व राष्ट्रीय जय मां काली सेना के अध्यक्ष अनिल गुरु जी महाराज मौजूद रहे।

समापन के अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच श्रद्धालुओं ने अपने हाथों से हवन-यज्ञ में आहुति अर्पित कर पूणार्हुति दी और परिवार, समाज व राष्ट्र की मंगलकामना की। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

वृंदावन से पधारे कोकिल पुष्प जी



महाराज के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा का प्रवाह प्रारंभ हुआ। प्रतिदिन प्रातः और सायं श्रीहरिकथा के विभिन्न प्रसंगों—जैसे प्रह्लाद चरित्र, ध्रुव कथा, श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं, गोवर्धन पूजन, सुदामा चरित्र, उद्धव-संदेश और परीक्षित मोक्ष—का भावपूर्ण और जीवंत वर्णन किया गया।

पूरे आयोजन में राष्ट्रीय कथा वाचक कोकिल पुष्प जी महाराज की ओजस्वी वाणी, मधुर शैली और सरल व्याख्या ने श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। कथा के दौरान कई बार श्रद्धालुओं की आंखें भावुक हो उठीं, तो कई अवसरों पर वातावरण ह्यहरि बोलह्न और ह्यराधे-राधेह्न के जयकारों से गुंजायमान हो गया। कथा के बीच-बीच में संगीतमय भजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और वृंदावन की झांकियों ने श्रद्धालुओं को गहरे आध्यात्मिक भाव में डुबो दिया। हालांकि, समापन अवसर पर रासलीला की पृथक प्रस्तुति नहीं की गई, परंतु भक्तों की सहभागिता और भावनात्मक जुड़ाव ने आयोजन को पूर्णता प्रदान की। इस संपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान का संयोजन श्री 1008 बाल योगी महंत विनोद दास महाराज के मार्गदर्शन में किया गया। उनके संरक्षण और देखरेख में आयोजन अत्यंत सुव्यवस्थित, शांतिपूर्ण और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। ग्राम नगला बने में आयोजित यह सात दिवसीय आयोजन न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बन गया।

# नेपाल सीमा से सटे जिलों के अवैध कब्जों पर पूरे दिन गरजा बुलडोजर, ध्वस्त किये गये अवैध निर्माण

*- सीमा क्षेत्र के 0-15 किमी दायरे में चलाया गया व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान, अवैध धार्मिक संस्थानों पर भी सख्त कार्रवाई*

*- श्रावस्ती में 1 अवैध मदरसा किया गया ध्वस्त, 4 बिना मान्यता चल रहे मदरसों को किया गया सील*

लखनऊ, 12 मईः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सोमवार को भी नेपाल सीमा से सटे जिलों में अवैध कब्जों और बिना मान्यता संचालित धार्मिक संस्थानों के खिलाफ पूरे दिन बुलडोजर चला। प्रदेश के श्रावस्ती, बहराइच, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज और बलरामपुर में विशेष अभियान चलाया गया। बता दें कि सरहद की बेशकीमती भूमि पर इन लोगों ने लंबे समय से अवैध रूप से कब्जा जमाया हुआ था जिन्हें अब योगी सरकार ने मुक्त कराने का अभियान छेड़ा है।

**श्रावस्ती में 1 अवैध मदरसा को किया ध्वस्त, 4 बिना बिना मान्यता चल रहे अवैध मदरसे सील**

बहराइच जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश सोमवार को भी अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की गयी। उन्होंने बताया कि जिले में एक अवैध मस्जिद को ध्वस्त किया गया। अब तक कुल 171 अवैध अतिक्रमण को हटाया गया है। वहीं सिद्धार्थनगर के







शोहरतगढ़ के ग्राम बगुलहवा में गाटा संख्या 515 रकबा .018 हेक्टेयर पर बने मदरसे को हटाने के लिए नोटिस दी गयी थी। इस पर सोमवार को अतिक्रमणकारी गुलाम महीउद्दीन द्वारा स्वयं अतिक्रमण को हटाया गया। श्रावस्ती जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि सोमवार को बिना मान्यता के संचालित 5 मदरसों को चिन्हित किया गया। वहीं तहसील जमुनहा के ग्राम रहमतूगांव में शासकीय भूमि पर स्थित अवैध मदरसा को ध्वस्त किया गया। इसी तरह निजी भूमि पर स्थित 4 गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के सीलिंग की कार्रवाई की गयी।

**बलरामपुर में एक अवैध मजार को ध्वस्त किया गया**

महराजगंज जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया कि भारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा के 10 किमी की परिधि में अवैध निर्माण को चिन्हित करने की कार्रवाई के दौरान तहसील नौतनवा के ग्राम सिसवा उर्फ खोरिया के गाटा संख्या 266 है, जोकि राजस्व अभिलेखों में नवीन परती में बाजार प्रसार के लिए सुरक्षित जमीन पर बने अवैध मजार को हटवाकर खाली कराया गया। वहीं बलरामपुर के ग्राम रतनवा, तहसील बलरामपुर में वन विभाग की भूमि पर निर्मित 1 अवैध मजार को ध्वस्त किया गया। बता दें कि योगी सरकार ने स्पष्ट किया है कि नेपाल सीमा के 15 किलोमीटर दायरे में किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे, धार्मिक या शैक्षणिक संस्थान के अवैध संचालन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि चिन्हित अतिक्रमणों को शीघ्रता से हटाया जाए और नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

# वर्ल्डस ऑफ वंडर वाटर पार्क में मनाया गया मातृ दिवस

नोएडाकसेक्टर 38 ए स्थित वर्ल्डस ऑफ वंडर वाटर पार्क में मातृ दिवस



बड़े धूम धाम से मनाया गया, वाटर पार्क की कंसर्ट लॉन को रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया था,महिलाओं के लिए विशेष खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें लेमन रेस, मेक अप प्रतियोगिता व अन्य गेम्स कराए गए, कॉन्सर्ट लॉन को एक मेले का रूप दिया गया जिसमें खेलों के अलावा , मैजिक शो, मणिपुर से आए कलाकारों ने आश्चर्यजनक करतब दिखाकर दर्शकों का मन मुग्ध कर दिया।

पंजाबी कलाकारों ने बहुत ही सुंदर भांगड़ा और गिद्दा प्रस्तुत किया। अंत में विजेताओं को जिसमें प्रथम विजेता को, फोन, द्वितीय विजेता को माइक्रोवेव ओवन और तृतीय विजेता को जूसर मिक्सर ग्राइंडर उपहारस्वरूप दिए गए इसके अतिरिक्त अन्य प्रतियोगियों को भी पुरस्कृत किया गया। मातृ दिवस की उपलक्ष्य में 11 मई से 16 मई तक वाटर पार्क टिकट पर 50% की छूट दी जा रही है।

# सीएम योगी ने बीएचयू में बन रहे देश के तीसरे नेशनल एजिंग सेंटर का किया निरीक्षण

## ट्रामा सेन्टर में बन रहे न्यू बिल्डिंग ऑफ क्रिटिकल केयर सेण्टर का भी किया निरीक्षण

**समाज जागरण**

वाराणसी, 12 मईः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार शाम विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने बी०एच०यू० कैम्पस में 147.39 करोड़ की लागत से निमार्णाधीन नेशनल सेण्टर फॉर एजिंग आईएमएस एवं ट्रॉमा सेन्टर में 119.47 करोड़ की लागत से निमार्णाधीन न्यू बिल्डिंग ऑफ क्रिटिकल केयर सेण्टर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के अभियंताओं को निर्देशित किया कि निर्धारित अवधि में मानक के अनुरूप गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराए।

**एम्स दिल्ली व मद्रास मेडिकल कॉलेज के बाद यह होगा तीसरा सेंटर**

गौरतलब हो कि आईएमएस बीएचयू में बन रहे देश के तीसरे नेशनल एजिंग सेंटर में बुजुर्गों को एक ही छत के नीचे इलाज की सुविधा मिलेगी। बीएचयू परिसर में



सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक के पास पेट्रोल पंप और नर्सिंग हॉस्टल वाली खाली जगह पर सेंटर बनाया जा रहा है। अभी तक एम्स दिल्ली और मद्रास मेडिकल कॉलेज में ऐसा सेंटर चल रहा है। बीएचयू में देश का तीसरा सेंटर बनाया जा रहा है। बीएचयू अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर में हर दिन लगभग आठ हजार से अधिक मरीज आते हैं। इसमें 1500 से अधिक संख्या 60 साल से अधिक आयु वालों (महिला और पुरुष) की होती है। नेशनल प्रोग्राम फॉर हेल्थकेयर ऑफ द एल्डरली



के तहत बनने वाले छह मंजिला सेंटर में 200 बेड पर बुजुर्गों को भर्ती करने की सुविधा होगी। इसी प्रकार 119.74 करोड़ की लागत से बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में बनने वाले 150 बेड के क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। बताते चलें कि ट्रॉमा सेंटर परिसर में ओपीडी ब्लॉक के पास बनने वाली यूनिट में तीन मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर होंगे। साथ ही यहां आईसीयू जैसी सभी सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावो 40 बेड का बर्न वार्ड भी बनवाया जाएगा। इस वार्ड के बाद आग लगने सहित जलने की अन्य घटनाओं में घायलों के इलाज में बड़ी सहूलियत होगी।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि व आलाधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने किया बाबा विश्वनाथ व काल भैरव का दर्शन-पूजन

## सीएम योगी ने श्रद्धालुओं का किया अभिवादन

**समाज जागरण**

वाराणसी, 12 मईः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को काशी पहुंचे। यहां उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम व 'काशी कोतवाल' काल भैरव का दर्शन-पूजन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी विश्वनाथ गर्भगृह में षोडशोपचार पूजन कर लोक कल्ह्राण की कामना की। सीएम योगी ने मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया। मुख्यमंत्री ने काल भैरव मंदिर में भी विधि विधान से पूजा-अर्चना की। दर्शन-पूजन के दौरान कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, त्रिभुवन राम, विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

**मुख्यमंत्री से चॉकलेट पाकर उछल पड़े बच्चे**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काल भैरव मंदिर दर्शन के उपरांत जब निकलने लगे तो रास्ते में उन्हें कुछ बच्चे दिखे। मुख्यमंत्री ने सभी को अपने पास बुलाया। उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा। फिर एक-एक कर सभी बच्चों को चॉकलेट दी। मुख्यमंत्री के हाथ से चॉकलेट पाकर बच्चे उछल पड़े।

लस्सी बना रहे बच्चे का जाना हाल



काल भैरव मंदिर दर्शन करके लौट रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नजर एक बच्चे पर गयी। उन्होंने देखा कि बच्चा दुकान पर लस्सी बना रहा है। यह देख मुख्यमंत्री उसके पास पहुंच गए। उसका हालचाल जानते हुए पढ़ाई-लिखाई के बारे में पूछा। मुख्यमंत्री ने उसे चॉकलेट भी दिया और खूब मन लगाकर पढ़ने को कहा। दुकान पर बैठे लोगों से भी मुख्यमंत्री ने कुशलक्षेम जाना।

# तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत दोस्त घायल

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

स्योहारा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार पिकअप वाहन और बाइक की जोरदार टक्कर में एक युवक की मौत हो गई।जबकी दूसरा दोस्त घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना स्योहारा के रिलायंस पेट्रोल पंप के



पास की है।जहाँ अभिषेक उम्र 24 वर्ष पुत्र पूरण सिंह, निवासी शाहपुर जमाल थाना अफजगढ़ अपने दोस्त अभय कुमार उम्र 25 वर्ष पुत्र वीर सिंह, निवासी मौसमपुर थाना अफजगढ़ के साथ बाइक पर सवार था। दोनों कांठ क्षेत्र से अभिषेक की मौसी के यहां से घर लौट रहे थे।रिलायंस पेट्रोल पंप के पास पिकअप वाहन से बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर में अभिषेक की मौके पर ही मौत हो गई। अभय कुमार घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल अभय को अस्पताल में भर्ती कराया। मृतक अभिषेक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ग्राम पंचायतों में मच्छरों की रोकथाम के लिए फोगिंग कार्य ना होने के संबंध में शासन को अवगत कराया गया

**दैनिक जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नजीबाबाद ग्राम पंचायतों में तेजी से फैल रहे मच्छरों की रोकथाम के लिए फोगिंग कार्य ना होने के संबंध में शासन और विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है । आरटीआई कार्यकर्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजी एक शिकायत में अवगत कराया है कि नजीबाबाद के



ब्लॉक क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में तेजी से फैल रहे मच्छरों की रोकथाम के लिए अभी तक संबंधित विभाग द्वारा फोगिंग कार्य नहीं कराया गया है जिस कारण से डेंगू और मलेरिया की आशंका बनी हुई है इसके अलावा कई गांवों में नालियो की व्यापक रूप से सफाई न होने के कारण गंदा पानी नालियों पर कई-कई दिन तक भरा रहता है। अत ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायतो में तेजी से फैल रहे मच्छरों की रोकथाम के लिए फोगिंग कार्य शुरू कराया जाना जरूरी है आरटीआई कार्यकर्ता ने इस संबंध में जॉच कराकर संबंधित विभाग को दिशा निर्देश जारी करने की मांग की है ताकि ग्रामीण क्षेत्र की जनता को मच्छरों से राहत मिल सके

# कानून-व्यवस्था को लेकर सीओ नगीना गंभीर

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नगीना पुलिस क्षेत्राधिकारी नगीना ने सर्किल क्षेत्र के समस्त थाना प्रभारियों एवं उपनिरीक्षकों के साथ थाना परिसर में गोष्ठी आयोजित कर कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को अपराध नियंत्रण, शांति-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराधियों का सत्यापन प्राथमिकता से किया जाए और चिन्हित अपराधियों पर ठोस कार्रवाई अमल में लाई जाए। लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध निस्तारण करते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाना सुनिश्चित किया जाए। सीओ ने बीट



पुलिसिंग को और अधिक सक्रिय व प्रभावी बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बीट प्रभारी अपने क्षेत्र में नियमित भ्रमण करें और जनता से बेहतर संवाद बनाए रखें, जिससे किसी भी घटना पर तत्काल कार्रवाई हो सके। उन्होंने रात्रि गश्त को गंभीरता से लेने, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने और सूचना तंत्र को मजबूत करने के निर्देश भी दिए। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने सभी अधिकारियों को प्रोएक्टिव पुलिसिंग अपनाने को कहा ताकि जनता में सुरक्षा की भावना बनी रहे।

# 33000 की विद्युत लाइन की चपेट में आकर पेड़ पर चढ़े नर गुलदार की करंट लगने से हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के ग्राम दरियापुर में आज दिनांक 12 मई 11:30 बजे वन विभाग को सूचना प्राप्त हुई कि दरियापुर में एक गुलदार की मौत हो गई है ।मौके पर जाकर डिप्टी रेंजर हरगोविंद सिंह उनके साथ मोहम्मद यामीन गामा दैनिक श्रमिक, मोहम्मद अकरम दैनिक श्रमिक ने जाकर देखा कि एक नर गुलदार मृतक अवस्था में लिप्टिस पेड़ के नीचे पड़ा है स्थानीय लोगों ने बताया कि गुलदार लिप्टिस के



ऊंचे पेड़ पर चढ़ा होगा पेड़ के ऊपर से 33000 की विद्युत लाइन जा रही है जिसकी चपेट में आकर गुलदार को करंट लगा और वह लिप्टिस पेड़ के नीचे आ गिरा और मौत हो गई लिप्टिस के पेड़ की ऊंचाई 40 से 45 फिट लगभग की होगी, सुबह सवेरे स्थानीय लोगों ने गुलदार को पेड़ के नीचे पड़ा देखा घटना की सूचना वन विभाग को दी गई वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर गुलदार के शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में जुट गए। गुलदार के शव के पास बच्चे और बड़े लोग वीडियो बनाते नजर आए।

# जंगल में मिला पैरालाइज्ड तेंदुआः विभाग ने नर तेंदुए को किया रेस्क्यू

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

चांदपुर रेंज में वन विभाग ने एक पैरालाइज्ड तेंदुए का सफल रेस्क्यू किया है। पोटा और गांवड़ी के जंगल में यह तेंदुआ कुछ दिनों से घूमता हुआ दिखाई दे रहा था। स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। भाकियू टिकैत के प्रथम चौधरी ने बताया कि तेंदुआ खेतों में घूम रहा था। इससे आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल था। तेंदुआ कभी एक खेत में तो कभी दूसरे खेत में दिखाई दे रहा था।वन रेंजर दुष्यंत सिंह के नेतृत्व में टीम ने कई घंटों की मेहनत के बाद जाल



बिछाकर तेंदुए को पकड़ा। रेंजर ने बताया कि यह 8 वर्षीय नर तेंदुआ है। तेंदुए के पैर पैरालाइज्ड होने के कारण वह दौड़ नहीं पा रहा था। फिलहाल वन रेंज कार्यालय में तेंदुए का इलाज चल रहा है।

# सिद्धबली बिहार कॉलोनी में बुद्ध जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**दैनिक जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नजीबाबाद सिद्वली बिहार कॉलोनी में बुद्ध जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसने बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कोतवाली मार्ग स्थित सिद्धबली विहार कॉलोनी नजीबाबाद के मुख्य द्वार पर बुद्ध जयंती के अवसर पर 'डाक्टर भीमराव अंबेडकर अनुसुचित जाति जनजाति जनकल्याण समिति , सिद्धबली विहार नजीबाबाद के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें बौद्धाचार्य राकेश मोहन भारती केंद्रीय शिक्षक , प्रदेश महासचिव ' दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया , उत्तर प्रदेश पश्चिम के द्वारा दीप प्रज्वलित कर बुद्ध वंदना कराई गई । उन्होंने बताया बैशाख शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन तथागत बुद्ध जी के जीवन से संबंधित तीन महत्वपूर्ण घटनाएं हुई यह एक संयोग ही था कि 563 ईसा पूर्व नेपाल में तथागत बुद्ध जी का जन्म हुआ , 528 ईसा पूर्व बोधगया




में ज्ञान प्राप्ति हुई और 483 हिस्सा पूर्व कुशीनगर में महापरिनिर्वाण हुआ ।कार्यक्रम में आसपास की सभी कॉलोनीवासियों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया , सभी ने भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और बुद्ध के बताए गए रास्ते पर चलने का आह्वान किया । इस अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया जिसमें श्री राजेश सागर, सूरजा सिंह, डॉक्टर जितेंद्र कुमार, रामभरोसे सिंह, गोविंद सिंह बौद्ध तथा अन्य सज्जनों ने अपने विचार व्यक्त किऐ। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद का वितरण किया गया । कार्यक्रम में योगेंद्र कुमार, प्रोफेसर धनीराम, जिला पंचायत सदस्य अमर सिंह, अशोक कुमार, रामनाथ सिंह, इंजीनियर बीपी सिंह, अमर जीत देवी, ललिता रानी, सुनीता आर्य, भुवनेश्वरी, सुनीता देवी, सरोज बाला, ऊष्मा कशेरवाल, लखपत सिंह, मगन सिंह, अतर सिंह , पीतांबर सिंह, शेर सिंह, गोविंद सिंह ,रामनाथ सिंह अध्यापक , पुष्पेंद्र पाल सिंह , राजेश कुमार सिंह , नौभार सिंह , वेद प्रकाश सिंह, वेदपाल सिंह, रामकुमार सिंह, चंद्रपाल सिंह, मूलचंद सिंह, अशोक कुमार, धर्मवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# गोवध के आरोपी को चांदपुर पुलिस ने दबोचा

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

चांदपुर पुलिस ने गोवध के एक फरार आरोपी को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी लईक अहमद गांव हातमपुर शेख का रहने वाला है। वह पिछले 8 दिनों से फरार चल रहा था। 2 मई को चांदपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी। इस पर पुलिस ने गांव खेड़की में महजबी के घर पर छापा मारा। वहां से 50 किलो बीफ और गोवध के उपकरण बरामद किए गए। इसके दौरान हुई मुठभेड़ में तीन आरोपी रात के अंधेरे का



फायदा उठाकर जंगल के रास्ते फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपी लईक अहमद को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। गिरफ्तारी में उप निरीक्षक रोबिन कौशिक, उप निरीक्षक जसवीर सिंह, कांस्टेबल धन सिंह और कांस्टेबल सिराज की टीम शामिल रही।

# राजघाट बुद्ध पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**दैनिक समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के राजघाट गंगातट पर बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद विधिवत पूजा-अर्चना की और दान दक्षिणा देकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान मां गंगा के जयकारों से गंगाघाट गूंज उठा। सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा पर ब्रह्म मुहुर्त के साथ ही सुबह करीब चार बजे से श्रद्धालुओं की भीड़ गंगा के तट पर उमडन शुरू हो गई। सुबह से आरंभ हुआ स्नान का सिलसिला देर शाम तक चला। भक्तों ने मां गंगा के जयघोष के साथ आस्था की डुबकी लगाई। जिसके बाद विधिवत रूप से मां गंगा का दुग्धाभिषेक कर पूजा अर्चना की। सूर्य को अर्घ्य देकर



ब्राह्मणों और जरूरतमंदों को दान दिया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने आटा, चावल, उड़द, गुड़, वस्त्र आदि का दान किया। श्रद्धानुसार दक्षिणा देकर पुण्य लाभ अर्जित किया। ब्राह्मण योगेंद्र शर्मा ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा गौतम बुद्ध की जयंती के तौर पर मनाई जाती है। मान्यता है कि इस दिन गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान पुण्यकारी माना गया है। इस दिन गंगा स्नान के बाद गंगा तट पर ही पूजा-अर्चना और दान धर्म करने का विशेष महत्व है। वही कोतवाल अखिलेश प्रधान व बबराला चौकी प्रभारी विशाल शर्मा सहित भारी पुलिस बल के साथ गोताखोर तैनात रहे। जिसमें चप्पे चप्पे पर पुलिस की पैनी नजर रही ।मां गंगा के जयकारों से गंगाघाट गूंजवान रहा।

# कानपुर में एक और महिला की ईट से कुचल कर हत्या, हिरासत में शराबी पति

**दैनिक समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। अवैध संबंध बनाम प्रेम प्रसंग समेत और भी कई कारणों से इस महानगर में जारी हत्याओं के क्रम में एक और महिला को मौत के घाट उतार दिया गया। ईट से कुचलकर की गई उसकी हत्या के मामले में पुलिस उसके शराबी पति को विरासत में लेकर पूछताछ कर रही है । यह घटना चौबेपुर कस्बे में हुई जहां आज सोमवार सुबह 36 वर्षीय बीनू शर्मा का रक्तरंजित शव घर के बाहर मिला। महिला के चेहरे पर चोट के निशान हैं। गले पर भी धारदार हथियार से वार के निशान मिले हैं। छत पर खून के धब्बे पाए गए हैं। पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में पता चला कि पहले ईंट से कुचलकर हत्या की गई। फिर शव को छत से नीचे फेंक दिया गया।

घटना केबारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि मृतका के पति संजय शर्मा एक ढाबे में काम करते हैं। उसके तीन बच्चे10 वर्षीय बेटा शुभ और दो बेटियां 8 वर्षीय सारथी व 5 वर्षीय सिया हैं। मौके पर पहुंची पुलिस को जो जानकारी दी गई है उसके मुताबिक संजय शराब का आदी है और अक्सर पत्नी के साथ मारपीट करता था। पुलिस ने बताया कि वीते रविवार की देर रात संजय घर लौटा था। फिलहाल मृतका की मां की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही पुलिस पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# गुन्नौर सरकारी अस्पताल में धूमधाम से मनाया नर्सिंग डे

**दैनिक समाज जागरण**

गुन्नौर नगर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नर्सिंग डे पर केक काटकर नर्सिंग स्टाफ द्वारा धूमधाम के साथ मनाया गया। सीनियर नर्सिंग कुसुमलता यादव ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस उनके द्वारा हर साल 12 मई को धूमधाम के साथ मनाया जाता है। यह दिन नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिवस के सम्मान में मनाया जाता है, जिन्हें आधुनिक नर्सिंग का जनक माना जाता है। 12 मई को ही फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म हुआ था, इसलिए इस दिन को उनकी याद में मनाने का निर्णय लिया गया था। उन्होंने कहा कि विश्व युद्ध के समय फ्लोरेंस नाइटिंगेल द्वारा बीमारी की रोकथाम, घायलों का इलाज, बेहतर देखभाल इनके द्वारा किया गया था। वही नेहा यादव ने कहा कि उनकी ही तरह सीएचसी में बीमार मरीजों की देखभाल नर्सों द्वारा की जाती है। उन्होंने केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया और अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ अजहर अली सहित नर्सिंग स्टाप मौजूद रहा।

# चैन स्नैचर गैंग का भण्डाफोड तीन शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**विवेक कुमार समाज जागरण संवाददाता।**

लखनऊ के थाना पी.जी.आई. पुलिस टीम द्वारा अकेले बुजुर्ग/महिलाओं को निशाना बनाकर स्नैचिंग करने वाले गिरोह के तीन शातिर अभियुक्तों सुमित चौहान पुत्र राकेश चौहान निवासी 592ख/146 नेपालगंज थाना पीजीआई लखनऊ उम्र 20 वर्ष, विकास उर्फ कुल्हड पुत्र स्व० महेश बाल्मिकी निवासी नेपालगंज तेलीबाग थाना पीजीआई लखनऊ उम्र करीब 21 वर्ष, व आयुष शाक्य पुत्र पवन कुमार शाक्य निवासी डिफेन्स कालोनी तेलाबाग थाना पीजीआई लखऊ उम्र करीब 21 वर्ष को बरौली क्रासिंग के पासरेलवे ओवर ब्रिज के नीचे थाना क्षेत्र पी.जी.आई. से गिरफ्तार करते हुए महिला से छीनी गयी एक लोकेट,चार गुरिया तथा तीन अवैध तमंचे एक बारह बोर,दो 315 बोर तथा तीन जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। सोमवार को डीसीपी दक्षिणी द्वारा घटना का अनावरण करते हुये बताया



गया मोहन सिंह पुत्र स्व० नन्दन सिंह निवासी 5बी/ए64 वृन्दावन कालोनी लखनऊ द्वारा थाना पीजीआई पर सूचना दी गयी कि 10.मई की शाम करीब आठ बजे उनकी माता माधवी देवी घर के बाहर बैठी थी कि एक अज्ञात व्यक्ति उनकी चैन छीन कर भाग गया। सूचना के आधार पर तत्काल थाना पी.जी.आई. पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो की गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया। इन टीमों द्वारा सी.सी.टी.वी. कैमरों, मैनुअल एवं टैक्निकल साक्ष्यो के आधार पर चैन स्नैचर गैंग का भण्डाफोड करते हुए तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।अभियुक्तों से पूछताछ किये जाने उन्होंने पुलिस को बताया वह लोग योजनाबद्ध तरीके से गैंग बनाकर व रेकी कर सूनसान स्थानों पर या अकेले बैठे बुजुर्ग/महिलाओं को खोज कर उनसे छीनाझपटी लूट कर भाग जाते थे तथा लूटे गये माल को आपस में बांट लेते थे। जिसके सम्बन्ध में ये पूर्व में भी जेल जा चुके है।

# केन्द्रीय आयुष मंत्री श्री प्रतापराव जाधव ने समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए साप्ताहिक योग पॉडकास्ट की शुरूआत की

आयुष मंत्रालय ने एक नई डिजिटल पहल के तहत, अपने साप्ताहिक योग पॉडकास्ट के शुभारंभ की घोषणा की, जिसे मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) ने तैयार किया है। आयुष मंत्रालय में केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय राज्य मंत्री श्री प्रतापराव जाधव ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साप्ताहिक पॉडकास्ट की शुरूआत की है।

इस पॉडकास्ट का उद्देश्य प्राचीन प्रथाओं को आधुनिक जीवनशैली के साथ मिलाकर योग के शाश्वत ज्ञान को घर-घर तक पहुँचाना है। पाॅडकास्ट का पहला भाग योग की दुनिया में एक परिवर्तनकारी यात्रा की शुरूआत करता है। पॉडकास्ट श्रृंखला श्रोताओं को व्यावहारिक चचाओं, निर्देशित अभ्यासों और विशेषज्ञ साक्षात्कारों के साथ जोड़ने के लिए तैयार की गई है, जिससे योग सभी उम्र और पृष्ठभूमि के लोगों के लिए सुलभ और प्रासंगिक बन सके। इसकी शुरूआत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 30 मार्च, 2025 को अपने मन की बात कार्यक्रम के 120वें एपिसोड के दौरान दिए गए संबोधन के बाद की गई है, जिसमें उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व और इसके 2025 की विषय वस्तुः ह्लएक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पर जोर दिया था। यह विषय वस्तु शारीरिक, मानसिक और पर्यावरणीय कल्याण को बढ़ावा देने में योग की भूमिका को रेखांकित करती है, जो भारत की एकता और स्थिरता के वैश्विक दृष्टिकोण के साथ प्रतिध्वनित होती है। पहले भाग में, श्रोताओं को योग के सार और इसके वैश्विक प्रभाव के बारे में एक जीवंत बातचीत में आमंत्रित किया जाता है। पॉडकास्ट इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे योग, जो कभी एक पवित्र भारतीय परंपरा थी, स्वास्थ्य और सद्भाव के लिए एक विश्वव्यापी आंदोलन बन गई है। यह इस वर्ष के विषय की दार्शनिक जड़ों की भी खोज करता है, जो भारत की जी20 अध्यक्षता और वसुधैव कुटुम्बकम - दुनिया एक परिवार है, की प्रकृति से प्रेरित है। यह भाग इस वर्ष के योग दिवस की विशेष प्रकृति पर भी प्रकाश डालता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की 10वीं वर्षगांठ होने के कारण इस अवसर को मनाने के लिए सरकार ने दस प्रमुख गतिविधियों की शुरूआत की है। ये सभी मिलकर एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग विषय वस्तु की व्यावहारिक व्याख्या करते हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के एक दशक पूरे होने के उपलक्ष्य में आयुष मंत्रालय ने योग का जश्न मनाने और इसकी पहुंच बढ़ाने के लिए 10 प्रमुख कार्यक्रमों की शुरूआत की हैः योग संगम - विश्व रिकार्ड बनाने के उद्देश्य से 1,00,000 स्थानों पर समन्वित योग। योग बंधन - प्रतिष्ठित योग सत्रों के लिए 10 देशों के साथ वैश्विक साझेदारी। योग पार्क - सामुदायिक योग पार्कों का विकास। योग समावेश - दिव्यांगों, वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों के लिए समावेशी कार्यक्रम। योग प्रभाव - योग और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर एक दशक लंबा प्रभाव अध्ययन। योग कनेक्ट - योग विशेषज्ञों और स्वास्थ्य पेशेवरों के साथ एक वैश्विक शिखर सम्मेलन।

हरित योग - योग को पर्यावरणीय कार्यों से जोड़ने के लिए स्थिरता पहल। योग अनप्लग्ड - युवा-केन्द्रित योग उत्सव। योग महाकुंभ - 21 जून तक 10 शहरों में एक सप्ताह तक चलने वाले समारोह।

संयोग - आधुनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों के साथ योग को जोड़ना। साप्ताहिक योग पॉडकास्ट श्री प्रतापराव जाधव, आयुष मंत्रालय और एमडीएनआईवाई के सभी प्रमुख स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा। प्रत्येक एपिसोड में परंपरा, विज्ञान और कहानी कहने का अनूठा मिश्रण होगा, जो श्रोताओं को योग को जीवन शैली के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।

# मानव हितार्थ संस्था मानवाधिकार संघ ने किया बैठक का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

चंदौसी। रविवार को मानव हितार्थ संस्था मानवाधिकार संघ के तत्वावधान में सीता आश्रम रोड स्थित छोटे लाल कॉलोनी में पवन अग्रवाल मेंथा व्यापारी के प्रतिष्ठान पर संस्था द्वारा किए जाने वाले आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाने हेतु एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया संस्था में उपस्थित सभी लोगों नें संस्था द्वारा किए जाने वाले आगामी कार्यक्रमों में अपने-अपने अमूल्य विचारों से अवगत कराया।साथ भारत की सेना द्वारा किये गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व व सेना के अदम्य साहस को सराहा। दिनेश पाल सिंह दिलकश" व सुखपाल सिंह गौर ने वीर रस से परिपूर्ण देश भक्ति के काव्य पाठ के माध्यम से देश की सेना के पराक्रम की प्रशंशा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पवन अग्रवाल नें तथा संचालन अश्वनी कुमार शर्मा नें किया। संस्था के कार्यक्रम में त्रिमोहन सिंह यादव, डॉक्टर दीपचंद अग्रवाल, राजू बनर्जी, संजीव कुमार सिंह, , पवन अग्रवाल, अश्वनी कुमार शर्मा, डी. के. अग्निहोत्री,जगदीश राणा,सुखपाल सिंह गौर ,जयशंकर दुबे,दिनेश पाल सिंह दिलकश. प्रदीप कुमार चौहान, कृष्णगोपाल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# जनपद में राज्य महिला आयोग की सदस्य 14 मई को करेंगी महिला जनसुनवाई

**दैनिक समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा द्वारा



दिनांक 14 मई 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे से लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण गृह (गेस्ट हाउस) प्रतापगढ़ में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने हेतु उनकी समस्याओं को सुना जाएगा। जनसुनवाई कार्यक्रम पूर्वान्ह 11 बजे से शुरू होगा और इसमें महिलाओं को उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। उसके उपरांत सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा बालिका/महिला गृह व आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित है।

# विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (आईईपीएफए) और सेबी ने निवेशक शिविर पहल के लिए प्रारंभिक रणनीतिक बैठक आयोजित की

अघोषित लाभांश और शेयरों की पुनर्प्राप्ति को सरल बनाने के लिए आईईपीएफए और सेबी की ओर से निवेशक शिविरह्व शुरू किया गया निवेशकों तक पहुंच बढ़ाने और अघोषित लाभांश और शेयरों की पुनर्प्राप्ति की प्रक्रिया को निरंतर सुव्यवस्थित करने की प्रक्रिया में, भारत सरकार के कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय के अंतर्गत विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (आईईपीएफए) ने शुक्रवार यानी 9 मई, 2025 को सेबी कार्यालय, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी), मुंबई में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के सहयोग से एक प्रारंभिक रणनीतिक बैठक आयोजित की। बैठक में आईईपीएफए के अधिकारियों के साथ आईईपीएफए की सीईओ और कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव श्रीमती अनीता शाह अकेल्ला; सेबी के पूर्णकालिक सदस्य श्री अनंत नारायण जी.; सेबी के कार्यकारी निदेशक श्री शशि कुमार वलसाकुमार और श्री जीवन सोनपरोटे; और सेबी के अन्य अधिकारी शामिल हुए। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई), बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई), नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल), सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (सीडीएसएल) और लिंक इनटाइम और केफिन टेक्नोलॉजीज जैसे रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) के साथ प्रमुख वित्तीय बाजार बुनियादी ढांचा संस्थानों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। यह रणनीतिक बैठक "निवेशक शिविर" की शुरूआत में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है - एक राष्ट्रव्यापी निवेशक सहायता पहल, जिसका उद्देश्य निवेशकों को अधिक आसानी से अघोषित लाभांश और शेयरों की पुनर्प्राप्ति के योग्य बनाना

# शासन के दूत ने नाला सफाई का लिया जायजा

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़ : शासन द्वारा विशेष सचिव नगर विकास विभाग, उ० प्र० शासन, सत्य प्रकाश पटेल द्वारा आगामी वर्षा ऋतु के दृष्टिगत प्रदेश के नगरीय निकायों द्वारा शुद्ध पेयजल आपूर्ति एवं नाला-नालियों की साफ-सफाई व्यवस्था किये जाने हेतु जनपद एटा, कासगंज, अलीगढ़ एवं हाथरस में स्थलीय निरीक्षण के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सोमवार सुबह अलीगढ़ नगर निगम में पूर्व में रहे नगर आयुक्त व वर्तमान विशेष सचिव नगर विकास सत्य प्रकाश पटेल ने शहर के क्वार्सी बाईपास, जाफरी ड्रेन, सिंधौली बाईपास, पीएसी, देवसेनी, धनीपुर, बीज गोदाम के बराबर रॉयल सिटी ओजोन सिटी, एटा चुंगी, रावणटीला पम्पिंग स्टेशन का निरीक्षण किया।




निरीक्षण में शासन के दूत विशेष सचिव सत्य प्रकाश पटेल ने जाफरी ड्रेन की सफाई पर संतोष व्यक्त करते हुए ठेकेदार की पोकलैंडमशीनों की संख्या को बढ़ाये जाने नगर निगम के पास उपलब्ध अपनी पोकलेन मशीनों का इस्तेमाल भी अन्य नालों पर किया जाए ताकि मानसून से पहले सभी नाले पूर्ण रूप से साफ हो सके। धनीपुर क्षेत्र में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत बीज गोदाम के बराबर रॉयल सिटी में बनाई गई सीसी सड़क का निरीक्षण भी विशेष सचिव ने किया यहां पर निरीक्षण के दौरान विशेष सचिव ने मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत गरीब और अल्प विकसित एरिया की सड़कों को इस योजना के अंतर्गत दिए जाने के निर्देश दिए साथ ही साथ यहां बनाई गई सीसी सड़क के यू टर्न को ठीक करने के लिए कहा।

विशेष सचिव नगर विकास ने रावण टीला सुरेन्दनगर स्थित सीवर पंपिंग स्टेशन और रावण टीला पानी की टंकी, नलकूप का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विशेष सचिव ने सभी नलकूप पर नियमित रूप से क्लोरिनेशन की व्यवस्था को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। रावण टीला पानी की टंकी नलकूप पर पेयजल आपूर्ति में क्लोरिनेशन होती हुई पाई गई मौके पर उन्होंने ने आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की किल्लत को देखते हुए पेयजल की मोटरों को स्टैंड बाय व रिजर्व में रखने के निर्देश दिए। विशेष सचिव नगर विकास. आगरा रोड पर बनाये गए नए सीवर पम्पिंग हाउस का निरीक्षण किया । विशेष सचिव ने भविष्य को ध्यान में रखते हुए नए सीवर पंपिंग स्टेशन निर्माण होने पर नाले नालियों के पानी के साथ साथ वर्षा में जलभराव के पानी को भी पंप आउट करने की व्यवस्था को ध्यान में रखा जाए। अलीगढ़ में निरीक्षण पर आए विशेष सचिव नगर विकास सत्य प्रकाश पटेल ने नगर आयुक्त के रूप में उस समय अलीगढ़ की छोटी मोटी समस्याओं के अब निदान होने और स्मार्ट सिटी मिशन के तहत अलीगढ़ में हुए विकास को देखकर प्रसन्नता जाहिर की और कहा अब अलीगढ़ विकास व बदलाव की दिशा में अग्रसर हो रहा है। निरीक्षण में अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव, सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह, मुख्य अभियंता सुरेश चंद, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश कुमार, पशु कल्याण अधिकारी डॉ राजेश वर्मा, सहायक अभियंता सिब्ते हैदर, रामजीलाल, देशदीपक, अहसान रब साथ थे।

# जनचौपाल से की जनसम्पर्क अभियान की शुरूआत

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़ : पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अमृत जैन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जनचौपाल से जनसम्पर्क अभियान की शुरूआत की गई, इस मुहीम के तहत थाना खैर के कस्बा खैर में आयोजित जन चौपाल में स्थानीय व आस पास के लोगों ने बढ चढ कर हिस्सा लिया तथा उपरोक्त मुहिम की सराहना की। इस दौरान जन चौपाल में जनता की समस्या सुनी गयी तथा लोगों के सुझाव लिये गये व जन समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बन्धित पुलिस अधिकारी को निर्देशित किया गया।



इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य जनता के द्वार पर जाकर उनकी समस्याऐ सुनकर निराकरण करना तथा पुलिस एवं जनता के मध्य जन संवाद कर एक दूसरे के प्रति भावनात्मक रूप से जुड़कर जनता की समस्याऐं सुनकर तथा जनता से सुचनाएं एकत्र कर उनका अध्ययन कर एक बेहतर पुलिस प्रणाली का प्रबन्धन करना है। जनचौपाल में समस्त अधिकारियों द्वारा अपने-अपने सीयूजी नंबर साझा किये व जनसुनवाई के निस्तारण हेतु कार्यालय का पता अवगत कराया गया। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत घटनाओं पर अकुश लगाने हेतु क्षेत्र में अधिक से अधिक सीसीटीवी फुटेज लगवाने हेतु प्रेरित किया गया। जनपद में चल रहे ऑपरेशन जागृति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति अपराधों में कमी लाने एवं महिलाओं में सामाजिक जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें साइबर अपराधों के प्रति जागरुक रहें सचेत रहें, सोशल मीडिया का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें, किसी के अनजान फ्रेंड रिक्वेस्ट को स्वीकार न करें यदि कोई व्यक्ति अनजान नम्बरों से कॉल करके परेशान कर रहा है तो तत्काल इसकी शिकायत महिला हेल्पलाइन नम्बर 1090 अथवा डायल 112 पर दर्ज करायें। महानुभावों की नई प्रतिमा लगाने के सम्बन्ध में जारी शासनादेश के संबंध में भी अवगत कराया गया। चौपाल का उद्देश्य क्षेत्र की सम्पूर्ण जानकारी रखना व क्षेत्र में शांति, सद्भाव एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करना होगा, जिसमें यह चौपाल अवश्य मददगार साबित होगी। चौराहों व तिराहों एवं सड़कों से अवैध अतिक्रमण न करें व यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में पुलिस का सहयोग हेतु प्रेरित किया गया। ग्राम प्रधानी को लेकर रंजिश व भूमि संबंधी विवाद के संबंध में विस्तारपूर्व चर्चा की गई व क्षेत्र के सम्भ्रान्त लोगो को सहयोग हेतु प्रेरित किया गया। क्षेत्र के गुण्डे, बदमाश, वांछित अपराधियों, हिस्ट्रीशीटर व अपराध आदि के सम्बन्ध में चर्चा की गई व क्षेत्र में अवैध शराब, गाँजा व शस्त्र की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु प्रेरित किया गया। एसएसपी द्वारा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए सार्थक प्रयास करने और चौपाल में अधिक से अधिक लोगों की समस्याओं का निस्तारण व लोगों के मन में पुलिस के प्रति और अधिक आत्मविश्वास और जागरुकता पैदा करन हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी खैर वरुण सिंह, थाना प्रभारी खैर दुष्यन्त तिवारी व क्षेत्र के सम्भ्रान्त गणमान्य मौजूद रहे।

# निःशुल्क आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 14 मई से

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़ : श्री गिलहराज जी हनुमान मंदिर परिसर में महंत योगी कौशल नाथ महाराज के सानिध्य में राधे राधे वूमेन क्राफ्ट इंस्टीट्यूट द्वारा महिलाओं,




बहनों व छात्राओं की आत्म सुरक्षा के लिए आत्म रक्षा कवच ग्रीष्मकालीन निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 14 मई 2025 से 31 मई 2025 तक समय 4 बजे से 6 बजे तक किया जा रहा है।

महंत योगी कौशल नाथ महाराज ने बताया कि शिविर में महिलाओं को आत्म सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए तलवार चलाना, ताइक्वांडो, दंड चलाना, निशान लगाना व डांस कलाओं का प्रशिक्षण योग्य अध्यापिकाओं द्वारा निःशुल्क दिया जाएगा व प्रशिक्षण पूर्ण होने पर सभी लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। राधे राधे वूमेन क्राफ्ट इंस्टीट्यूट के निदेशक गौरव अग्रवाल ने बताया कि बेटियों को अपनी सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भरता गुण जरूर सीखने चाहिए, योग्य अध्यापिकाओं द्वारा सभी को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु रजिस्ट्रेशन फॉर्म श्री गिलहराज मंदिर परिसर व सभी प्रशिक्षक केंद्रों पर प्राप्त हो जाएंगे। इस दौरान प्रशिक्षिका लक्ष्मी शर्मा, कुमारी नूपुर, कृतिका शर्मा आदि मौजूद रही।

# स्टार गायक आयुष सक्सेना के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़ : संगीत जगत के स्टार गायक प्रिय आयुष सक्सेना के असामयिक निधन पर उनके प्रति भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए अहिंसा फाऊंडेशन के तत्वावधान में एक श्रद्धांजलि सभा धरमपुर कोर्टयार्ड में आयोजित की गई।



श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक विवेक बंसल ने कहा कि आयुष सक्सेना की इस दर्दनाक घटना से मैं बहुत स्तब्ध हूं । उसके इस कदम से उसने अपने मां-बाप पत्नी और बच्ची को भी पीड़ित किया है जो बहुत ही चिंतनीय है।उन्होंने कहा कि वर्तमान में मोबाइल का बहुत अधिक प्रचलन नई पीढ़ी को एकाकी बनता जा रहा है और वह अपने अच्छे बुरे भावों को प्रकट न करके अपने में ही कुंठित होता रहता है। उन्होंने कहा यदि यही स्थिति रही तो आगे चलकर नई पीढ़ी सामाजिक नहीं रह पाएगी और कुंठाओं में ग्रस्त होकर इस तरह की घटनाएं बढ़ेगी। इस चीज की सख्त जरूरत है कि हम परिवार में, दोस्तों में, साथ बैठकर अपने विचारों को साझा करें जिससे कि युवा वर्ग किसी भी नकारात्मक विचारों में ग्रसित होकर इस तरह के घटनाएं न करे। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कोल विधायक श्री अनिल पाराशर ने कहा कि आयुष सक्सेना का इस छोटी सी उम्र में यूं चले जाना हम सबके लिए बहुत ही पीड़ा दायक है उन्होंने कहा कि जो आजकल परिवार की स्थित है जिसमें एक दूसरे के साथ उठना बैठना कम होता जा रहा है और व्यक्ति अकेले पन का शिकार होकर अवसाद में घिर जाता है यह बहुत चिंताजनक है। खास तौर से नई पीढ़ी जो इस तरह के कदम उठाती है यह पूरे परिवार के लिए बहुत ही दर्दनाक है। उन्होंने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा की आयुष सक्सेना अलीगढ़ का एक संगीत सितारा था जिससे बहुत उम्मीदें थी कि वो आगे चलकर देश-विदेश में अपना नाम रोशन करता। ईश्वर से प्रार्थना है कि उसकी आत्मा को सद्गति प्राप्त हो । आयुष सक्सेना एक बहुत ही सरल व्यक्तित्व का सभी कलाकारों का सम्मान करने वाला एक ऐसा कलाकार था जो सदैव अपने कार्यक्रमों के माध्यम से कलाकारों को जोड़ने का प्रयास करता था । किन असामान्य परिस्थितियों में उसने यह कठोर कदम उठा लिया यह सोच से परे है।आयुष के इस प्रकार चले जाने से अलीगढ़ के संगीत जगत को बड़ी क्षति हुई है ।आयुष अलीगढ़ का एक उभरता हुआ सितारा था। श्रद्धांजलि सभा का संचालन करते हुए अध्यक्ष डॉ राकेश सक्सैना ने कहा कि अलीगढ़ में एक समय गायन के क्षेत्र में सुरेंद्र जोहरी और वीरा खान का नाम हुआ करता था और उसके बाद आयुष ने अलीगढ़ ही नहीं ,बल्कि देश के विभिन्न क्षेत्र में विभिन्न मंचों पर गायन के क्षेत्र में अलीगढ़ का नाम रोशन किया । वह गायन के क्षेत्र में एक ऐसा हीरा था जो संसार में चमकने से पहले ही डिप्रेशन और नकारात्मक विचारों जाल में उलझ कर ऐसी घटना का शिकार हो गया , जो अति दुर्भाग्यपूर्ण है। श्रद्धांजलि सभा में संजय जैन, अमित राठी, मोहम्मद जाकिर, पवन गुप्ता, प्रांजल माहेश्वरी, मृदुल शांडिल्य, कमल कुलश्रेष्ठ, संदीप सक्सेना, आलोक गुप्ता, चौधरी वीरेंद्र सिंह, ज्ञानू पंडित, हिम्मांशु अग्रवाल आदि ने भी आयुष सक्सेना के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की मासिक बैठक सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़ : राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की मासिक बैठक का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा के निदेर्शानुसार आगरा रोड स्थित जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में संगठन को सशक्त, संगठित और निष्पक्ष बनाने हेतु कई अहम निर्णय लिए गए। जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में ग्यारह सदस्यीय कमेटी का गठन किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठन में केवल रजिस्टर्ड पत्रकारों को ही शामिल किया जाएगा। वहीं, जो पत्रकार संगठन में शामिल नहीं हैं लेकिन किसी भी प्रकार की पीड़ा या समस्या का सामना कर रहे हैं, उन्हें संगठन द्वारा पूर्ण सत्यापन एवं पदाधिकारियों के निर्णय के उपरांत हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।




जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि संगठन की एकता सबसे महत्वपूर्ण है और जो व्यक्ति संगठन विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध कठोर कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन का उद्देश्य पत्रकारों की सुरक्षा, गरिमा और समाज में सकारात्मक भूमिका को मजबूती देना है। आपराधिक प्रवृत्ति या द्वेष भावना रखने वालों के लिए संगठन में कोई स्थान नहीं है। संगठन में सभी पदाधिकारी व सदस्य एक परिवार की भांति हैं और सभी से अपेक्षा की जाती है कि वे आपसी मतभेदों को भूलकर एकजुटता का परिचय दें। बैठक के दौरान यह भी संकल्प लिया गया कि भविष्य की किसी भी चुनौती का डटकर मुकाबला एकता और समर्पण से किया जाएगा। इस अवसर पर संजीव शर्मा, पुष्पेंद्र सिंह, दीपाली सक्सेना, गौरव अस्थाना, अहोराम राजौरिया, देवेंद्र पाल सिंह, अमित अग्रवाल, शशांक, आलेश कुमार, सोनू शर्मा, निहाल शर्मा, प्रदीप चौधरी, राजेश कुमार, ललित सहित आदि सदस्य मौजूद रहे।

# बीएसपी कार्यकताओं ने मनाई भगवान बुद्ध की जयंती

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़ गोंडा के गांव हीरपुर में बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकताओं ने पुरी दुनिया को अध्यात्म और समाज सेवा की नई दिशा देने



वाले भगवान गौतम बुद्ध का जन्मोत्सव उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाया । सभी ने भगवान बुद्ध को किया नमन भारतीय किसान यूनियन टिकैत के मंडल प्रवक्ता व बसपा के वरिष्ठ नेता चौधरी सत्यवीर सिंह सत्तो ने बताया कि आज का दिन केवल एक पर्व नहीं बल्कि एक विचार का जन्म है।

वह विचार जो अंधविश्वास पर तर्क की विजय है,वह मार्ग जो हिंसा पर करुणा की जीत है भगवान गौतम बुद्ध का जीवन हमें सिखाता है कि असली परिवर्तन भीतर से शुरू होता है आइए, इस पावन अवसर पर हम संकल्प लें कि हम भी समता, शांति और ज्ञान के पथ पर चलेंगे।

इस मौके पर बीएसपी के वरिष्ठ नेता विक्रम सिंह मंडल प्रभारी, सुरेश चंद्र गौतम जिलाध्यक्ष, केपी सिंह एडवोकेट विधानसभा प्रभारी, नरोत्तम सिंह विधानसभा प्रभारी इगलास, हाकिम सिंह, ब्रजेश सिंह, धर्मवीर सिंह, टिनू चौधरी, योगेश कुमार, हरिश्चंद्र, नरेंद्र सिंह, हेमंत कुमार, चंदन सिंह बघेल, दिनेश बघेल, सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# शिक्षा और ज्ञान के महत्व को जानें, विज्ञान की शक्ति को पहचाने:- अश्वनी जैन

**दैनिक समाज जागरण**

सिरसागंज! विज्ञान भारती ब्रज प्रान्त के अंतर्गत जनपद फिरोजाबाद की शाखा एवं विज्ञान भारती के आयाम शक्ति के तत्वाधान में शक्ति फिरोजाबाद की जिला समन्वयक श्रीमती पूनम जैन एवं विद्यार्थी विज्ञान मंथन के राज्य मीडिया समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के पंच दिवसीय कार्यक्रम के चतुर्थ दिवस पर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन विज्ञान भारती, फिरोजाबाद के कार्यालय पर किया गया।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के पंच दिवसीय कार्यक्रम के चतुर्थ दिवस पर विद्यार्थियों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ाने के लिए कक्षा 12 के विद्यार्थियों के मध्य राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर स्लोगन प्रतियोगिता में कु ऐंजल यादव, दीक्षा, खुशी यादव, आयुषी, करिश्मा, भावना, संगम, स्वीटी तिवारी, मुकुल कुमार, ईशू , रोहित कुमार, रितिक, हर्ष कुमार, मनीष कुमार, समीर खान ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर जागरूक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से परिपूर्ण स्लोगन क्रमशः शिक्षा और ज्ञान के महत्व को जानें, विज्ञान की शक्ति को पहचानें, आज का विज्ञान, कल की तकनीक है, विज्ञान वही जानता है, जो स्वंय को जानता है, अंधविश्वास से नाता तोड़ो, विज्ञान से नाता जोड़ो, विज्ञान की भाषा, प्रगति की नई परिभाषा, अब समस्याओ का समाधान हो, हर विद्यार्थी में एक वैज्ञानिक हो, विज्ञान सरलता से अपनी श्रेष्ठता को प्रदर्शित करता है, विज्ञान का सदुपयोग वरदान है और इसका दुरुपयोग अभिशाप, देश के विकास में योगदान दें, बच्चों को विज्ञान का ज्ञान दें, विज्ञान के चमत्कार जीवन को आसान बनाते है प्रदर्शित करके अपनी वैज्ञानिक क्षमता का प्रदर्शन किया है।

श्रीमती पूनम जैन ने बाल वैज्ञानिकों के बनाए ज्ञानवर्धक एवं जागरूक स्लोगन की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मंडल गठन में सक्रिय सदस्यों का होगा समावेश --अवधेश रावत

**दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! भारतीय जनता पार्टी जिला फिरोजाबाद द्वारा भाजपा मण्डल इकाई गठन के क्रम में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रवासी अवधेश रावत के निर्देशन में मण्डल अध्यक्षगण व मण्डल महामंत्री गण की अति आवश्यक बैठक जिला भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बैठक कर मण्डल गठन की कार्ययोजना बनायी। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रवासी अवधेश रावत ने कहा कि मण्डल गठन में सभी वर्गों व जाति गत समीकरण पर विशेष महत्व दिया जाएगा। मण्डल गठन में सक्रिय सदस्यों का समावेश होना चाहिए। जल्द ही नवीन मण्डल कार्यकारिणी का गठन किया जा रहा है। इस मौके पर संगठन को शीघ्र मण्डल स्तर एवं शक्ति केन्द्र स्तर पर कंप्लीट करने के बाद मजबूती के साथ लगकर बूथ स्तर पर संगठन को बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने मण्डल गठन व कार्यकारिणी , शक्तिकेंद्र संयोजक को बनाये जाने पर विचार विमर्श किया गया अति शीघ्र गठन कर किया जाएगा। इस दौरान प्रमुख रूप से हनुमन्त सिंह बघेल, जिला प्रवक्ता / मीडिया प्रभारी डॉ अमित गुप्ता, राजेश चौहान , राघवेंद्र सिंह पूर्व चेयरमैन, सुरेंद्र सावन झा, शैलेन्द्र सिंह , वीरेन्द्र प्रताप सिंह , विष्णु चौहान , पुष्पेन्द्र पाल सिंह , महीपाल निषाद, मण्डल अध्यक्ष देशदीपक चौहान, यशपाल यादव , धर्मेन्द्र सिंह , अतुल शुक्ला, पूरन सिंह , राजवीर सिंह, मंजेश शर्मा आदि।



# बगैर पैसों के नहीं मिलता है सरकारी ट्रामा सेंटर में इलाज!

**दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! जहां केंद्र और प्रदेश सरकार रोगियों के उपचार के लिए करोडो रुपए के बजट के अलावा मशीनरी भी लगवाई जा रही है! जिससे गरीब रोगियों का उपचार सही तरीके से हो सके परंतु स्वशासीय राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबंधित सरकारी ट्रामा सेंटर में बगैर पैसों के इलाज मिलना संभव नहीं है!

स्वशासी स्वास्थ्य राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबंधित सरकारी ट्रामा सेंटर में इलाज के नाम पर पैसे वसूले जाते हैं जब मरीज की पेशाब की नली में गांठे बन जाती है! तब पेशाब उतरना मुश्किल हो जाता है इसके उपचार के लिए कैथराइजेशन किया जाता है इस नली को डालने के नाम पर पैसे वसूले जाते हैं यदि पैसे नहीं दिए तो मैरिज पीड़ा से कराहता रहता है! ऐसे ही कोई विषाक्त पदार्थ खाकर आ जाए उससे नली डालने के नाम पर तथा पुलिस को सूचना भेजने का भय दिखा कर पैसे वसूले जाते हैं! जिससे डर कर मरीज के तीमारदार अपनी जेब ढीली करने को मजबूर हो जाते हैं कभी-कभी यह भी देखने को मिलता है कि डायरिया के मरीज को मेट्रो जिल भी नहीं मिलती जब स्वास्थ्य कर्मियों को पैसे दिए जाते हैं तो तुरंत मेट्रोजिल मुहैया हो जाती है अन्यथा की स्थिति में उसकी मात्र ग्लूकोज की बोतल ही लगाकर उसको टरका दिया जाता है! एक्सीडेंटल मरीज आ जाए तो उससे धागे के नाम पर पैसे लिए जाते हैं कई बार शिकायत करने के बावजूद भी अधिकारियों ने कोई भी कार्यवाही नहीं की जिससे स्वास्थ्य कर्मियों के हौसले बुलंद हैं!

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से विवाहिता की मौत मायका पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

**दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! थाना लाइन पार के गांव रूपसपुर में रविवार की रात एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से मौत हो गई सूचना पर आए मायका पक्ष ने हत्या का आरोप लगाते हुए सूचना पुलिस को दी पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है थाना लाइन पार क्षेत्र के गांव रूपसपुर निवासी 36 वर्षीय सजनेश पत्नी प्रदीप उर्फ रिंकू यादव की शनिवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से मौत हो गई सूचना मिलते ही मृतका के पिता थाना दक्षिण के देव नगर निवासी श्याम सिंह यादव अपने परिवार सहित सजनेश के घर पहुंचे देखा तो वह फांसी पर लटकी हुई थी उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुए सूचना पुलिस को दी पुलिस ने लोगों की सहायता से शव को फांसी से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है मृतका के मायके वालों का कहना है! सजनेश के ससुराली जन उसे प्रताड़ित करते थे मृतका ने अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री को रोते बिलखते छोड़ा है!



# सेंट एस मेमोरियल स्कूल में मनाया गया मातृ दिवस

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद! सोमवार को विधालय प्रांगण में मातृ दिवस पर सभी अभिभावक माताओ ने प्रतिभाग किया और अपने अपने बच्चों के साथ सुंदर सुंदर प्रस्तुतिया दी।

आज के कार्यक्रम की शुरूवात मुख्य अतिथि श्रीमती नीताकांत उपाध्याय (विभाग कार्यवाहिका चंद्र नगर व संस्थापक प दीनदयाल उपाध्याय पब्लिक स्कूल, फिरोजाबाद) व डॉ नंदिनी यादव (उपाध्यक्ष- प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, फिरोजाबाद व निदेशक आईवी इंटरनेशनल स्कूल, फिरोजाबाद) ने माँ सरस्वती पर दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण करके की। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती कुसुम लता शर्मा ने की।




इस मौके पर विधालय की प्रधानाचार्य श्रीमती नीतू शर्मा,निदेशक नंदिनी शर्मा ,चंचल शर्मा,रिया शर्मा, सोनम, सिमरन,कीर्ति व समस्त स्कूल शिक्षाए उपस्थित रहे!

# हनुमान ढाणी बैकुंठ धाम के पास दीवार गिरने से हादसा, महिला गंभीर रूप से घायल

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र प्रजापत बहल )**

भिवानी 12 मई। स्थानीय हनुमान ढाणी, बैकुंठ धाम के सामने रविवार देर सांय एक बड़ा हादसा हो गया। अचानक एक पुरानी दीवार ढह गई, जिसकी चपेट में आने से 23 वर्षीय महिला सविता और एक पशु दब गए। हादसा उस समय हुआ जब सविता अपने घर के पास मवेशियों के शेड में कुछ कार्य कर रही थी। दीवार गिरने से जोरदार धमाके जैसी आवाज हुई, जिससे आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई।





स्थानीय लोगों और सविता की सास दर्शना देवी ने बताया कि धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि लोग सीमा पर भारत-पाक तनाव की आशंका से सहम उठे। हाल ही में सीमा क्षेत्र में चल रहे तनाव के कारण क्षेत्र में भय का माहौल पहले से ही बना हुआ है। धमाके जैसी आवाज सुनकर आसपास के लोग अपने घरों से बाहर निकल आए।

मकान मालिकों का कहना है कि आवाज बिजली गिरने जैसी थी और दीवार गिरने से उनके मकान का एक कमरा और मवेशी शेड की छत पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। मलबा गिरने से कमरे में रखा हजारों रुपये का सामान भी टूट-फूट गया। हादसे में करीब 23 वर्षीय एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे कमर और सिर में गंभीर चोटें आईं। उसे तुरंत हिसार रेफर किया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है और अब तक होश में नहीं आई है।

इस घटना से पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। इलाज में लाखों रुपये खर्च होने की बात सामने आ रही है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को तुरंत आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाए ताकि घायल महिला के उपचार और मकान की मरम्मत का कार्य शुरू किया जा सके। प्रशासन से राहत और सहायता की अपील करते हुए लोगों ने कहा कि पीड़ित परिवार को इस आपदा से हुए नुकसान से उभरने के लिए आर्थिक मदद दी जाए, ताकि वे घायल महिला का इलाज अच्छे से करवा सकें और नुकसान से उभर सके।

# बुद्ध के बताये गए रास्ते पर चलने से ही, मानव कल्याण सम्भव

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण**



सोनभद्र। त्रिविध पावनी बुद्ध पूर्णिमा अर्थात जन्म, ज्ञान प्राप्ति व महापरिनिर्वाण का पवित्र त्योहार आज वैशाख पूर्णिमा/बुद्ध पूर्णिमा के दिन धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम तथागत बुद्ध विहार निकट रेलवे फाटक राबर्ट्सगंज सोनभद्र में 8.30 बजे पूज्य भन्ते आनंद जी द्वारा बुद्ध वंदना, त्रिशरण एवं पंचशील ग्रहण कराने के बाद सुबह 9.30 बजे सैकड़ो धम्म बंधुओं के साथ धम्म प्रभातफेरी/ शोभायात्रा तथागत बुद्ध विहार से प्रारम्भ होकर राबर्ट्सगंज नगर में रेलवे क्रासिंग से धर्मशाला चौराहा से चंडी तिराहा से बढ़ौली चौराहा से मिशन अस्पताल होते हुए बढ़ौली चौराहा से कचहरी होते हुए महिला थाना पुनः बुद्ध विहार पहुँची। प्रभात फेरी में धम्म घोष व नारे के साथ " गौतम बुद्ध का है पैगाम, मानव मानव एक समान। भगवान बुद्ध की करुणा हो, करुणा हो, करुणा हो ।भारत की है जिससे शान, विजयी विश्व अशोक महान। घर घर अलख जगायेंगे, सबको बौद्ध बनाएंगे।" बुद्ध विहार पर आयोजित विचार गोष्ठी कार्यक्रम में महिला पुरुष व बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए रामधारी संजीवीवा व सुमन्त सिंह मौर्य ने कहा कि बुद्ध का धम्म एक ऐसा मार्ग है जो सर्व समाज को एक समान जीने का अधिकार देता है और मानवता को स्थापित करता है एवं भगवान बुद्ध के बताये गए मार्ग पर चलकर देश दुनिया मे व्याप्त भ्रष्टाचार, हिंसा, व्यभिचार, अत्याचार का जो माहौल है उससे मुक्त किया जा सकता है। देश विदेश में सुरक्षा शांति का माहौल कायम हो सकता है एक सभ्य समाज के निर्माण के लिए भगवान बुद्ध ने पंचशील का पालन करते हुए अष्टांगिक मार्ग रूपी रास्ता दिए जिसका पालन करके एक मनुष्य एक समाज शीलवान बनता है जिससे लोग सुखी व समृद्धि होते है लेकिन ज्योहि हम पंचशील के रास्ते से दूर होते है तो शीलवान समाज से अशील समाज हो जाता है इसलिए समाज को हिंसा, नफरत, झूठ, चोरी, घूसखोरी, व्यभिचार, नशाखोरी व पर्यावरण असंतुलन जैसी महामारी से मुक्त करने के लिए बुद्ध का रास्ता अपनाना ही पड़ेगा। अध्यक्षता कर रहे गोपाल जी निराला व अनिल सिंह पटेल ने कहा कि बुद्ध अपने आपको मार्ग बताने वाला बताये आपको उनके रास्ते खुद चलना पड़ेगा तभी आपका मंगल होगा। श्याम सुन्दर प्रजापति व राजकुमार सोनकर जी ने कहा कि बुद्ध का मार्ग बहुत सरल व लोक कल्याण का मार्ग है उसको अपनाकर ही हम अपना जीवन मंगल बना सकते है। कार्यक्रम के सचिव उमेश मौर्य ने सबका आभार व्यक्त किया। संचालन नरेन्द्र प्रताप जे ई साहब ने किया। गोष्ठी को अनिल कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, राजकुमार मौर्य, चंद्रेश कुमार, माता प्रसाद सिंह, तेजप्रताप मौर्य, लक्ष्मी नारायण पटेल, राजेश कुमार प्रेमी, नंदकिशोर मास्टर, एड राजेश कुमार, पवित कुमार, एडवोकेट उदय राज मौर्य, राजकुमार बौद्ध, डॉ भागीरथी मौर्य, डॉ ओ पी मौर्य, अनिता पटेल, रानी सिंह, अनिता मौर्य, शिवानन्द, रमेश सिंह इत्यादि उपासक एवं उपसिकाये व धम्मं बंधु लोग उपस्थित रहे।

# सपा जिला कार्यालय पर, बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान बुद्ध की मनाई गई जयंती

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी। दैनिक समाज जागरण**



सोनभद्र। आज दिनांक 12 मई 2025 को समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय सोनभद्र पर बुद्ध पूर्णिमा को भगवान बुद्ध की जयंती मनाई गई एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने किया और संचालन जिला महासचिव मोहम्मद कुरैशी कुरैशी ने किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि भगवान बुद्ध ने अहिंसा, करुणा और प्रेम का संदेश दिया था उन्होंने कहा था कि ज्ञान मुक्ति का मार्ग है। ज्ञान से ही समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है। संगोष्ठी में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रविंद्र बहादुर सिंह पटेल, संजय यादव, विजय यादव, अनिल प्रधान, डॉ लोकपति सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष अशोक पटेल, विधानसभा अध्यक्ष बाबूलाल यादव, परमेश्वर यादव, शशि प्रकाश मिश्रा, दयाराम मौर्य, दीपक केसरी, रमेश यादव, सरदार पारब्रह्म सिंह, कामरान खान, मिथिलेश सिंह, रामप्यारे सिंह पटेल, चंद्र भूषण यादव, इमरान खान, एमडी सिंह, लालव्रत यादव, फारूक अली जिलानी के साथ दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बारात लेकर जा रहे दुल्हे पर मनबढ़ युवक ने किया हमला

**तहसील संवाददाता शिव प्रताप सिंह। दैनिक समाज जागरण**

चोपन/ सोनभद्र। जुगैल थाना क्षेत्र अंतर्गत छुहिया माटी के समीप बीते रविवार को देर शाम बारात लेकर जा रहे दुल्हे पर एक मनबढ़ युवक द्वारा हमला कर दिया जिसके बाद हड़कंप मच गया सुचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस कार्रवाई में जुट गई प्राप्त जानकारी के मुताबिक चोपन थाना क्षेत्र के कुरुहुल गांव से राजेन्द्र खरवार पुत्र रामनाथ की बारात परसोई गांव के टोला कनुहार जा रही थी जैसे ही बारात छुहिया माटी स्थान पर पहुंची कि पहले से ही घात लगाए युवक ने दुल्हे की गाड़ी रोककर पूछा कि बारात कहा से आ रही है जैसे ही दुल्हे ने बताया कि बारात चोपन कुरुहुल से आ रही है वैसे ही उक्त युवक ने दुल्हे के गर्दन पर किसी नुकिले औजार से हमला कर दिया और फरार हो गया अचानक हुये इस घटना से सभी बाराती सहम गये आनन-फानन में घायल दुल्हे को चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया प्राथमिक उपचार के पश्चात पुनः बारात लगभग दो बजे रात में परसोई पहुंची दुल्हा जयमाल स्टेज पर घंटों बैठा रहा किन्तु दुल्हन नही आई जिसके बाद बारात सुबह वापस आ गई दुल्हे ने बताया कि पुलिस को घटना के बारे में जानकारी दे दी गई है वहीं ओबरा पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि घटना के संबंध में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।



# तथागत गौतम बुद्ध का जन्मदिन समारोह, सर्व समाज के द्वारा भव्य रूप से मनाया गया।

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी। दैनिक समाज जागरण**



सोनभद्र। नगर स्थित कुशवाहा भवन पर तथागत गौतम बुद्ध का जन्मदिन समारोह सर्व समाज के द्वारा मनाया गया सामूहिक रूप से सभी लोगों ने मिलकर तथागत की मूर्ति के सामने दीप प्रज्वलित करते हुए बोधाचार्य अमरनाथ बौद्ध शिव शंकर बौद्ध सरोज बौद्धअरुण जी के द्वारा त्रिशरण पंचशील एवं अष्टांगिक मार्गों का ध्यान करते हुए बुद्ध वंदना कराई गई। सांसद छोटेलाल खरवार ने कहा शिक्षा के द्वारा ही हम समाज में व्याप्त कुरीतियों को परिवर्तन ला सकते हैं बौद्ध दर्शन मानव जीवन को उन्नत बनाने का संदेश देता है डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा बुद्ध के सारे विचार वैज्ञानिक सोच से पूर्ण थे सोचनाऔर समझना वैज्ञानिक तार्किकता का समावेश इसी कारण पूरे विश्व में तथागत गौतम बुद्ध आज भी प्रासंगिक है अपने ऊपर नियंत्रण का मार्ग विपश्यना है डॉ दिनेश ने कहा अष्टांगिक मार्ग के द्वारा जीवन में परिवर्तन लाया जा सकता है पंकज कुशवाहा ने कहा आज भी बुद्ध के ऊपर शोध हो रहे हैं शांति का मार्ग पूरे विश्व में एक ऐसे हथियार के रूप में दिया जो सर्वमान्य है रविकांत कुशवाहा ने कहा कि प्रेम के द्वारा जग को जीता जा सकता है घृणा हमेशा दूरी पैदा करती है सरोज बौद्ध ने कहा तृष्णा ही दुख का कारण है इसका निवारण पर निवारण का उपचार तथागत गौतम बुद्ध का सिद्धांत है शशिकांत वर्मा मनोज ने कहा बुद्ध हर समय लोगों के लिए प्रेरणा के स्रोत रहेंगे कृपा शंकर चौहान प्रमोद यादव राजेश जायसवाल ने कहा बुद्ध का जन्मदिन ज्ञान प्राप्ति महापरिनिर्वाण एक नक्षत्र में होना अपने आप में महत्व पूर्ण है डॉ ओम प्रकाश मौर्य श्रीनाथ वर्मा कमलेश मास्टर ने कहा बुद्ध का जीवन हम सब लोगों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है मोहन कुशवाहा ने सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहां की जब भी पूरे विश्व में शांति की बात आती है तो लोग बुद्ध को याद करते हैं इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने बुद्ध के ऊपर अपनी कविताएं सुनाई कार्यक्रम के अंत में खीर रूपी प्रसाद सभी लोगों ने ग्रहण किया तथा एक दूसरे को बुद्ध पूर्णिमा की बधाई दें सभी लोगों ने मंगल कामना की अपने देश में अमन चैन कायम रहे कार्यक्रम का संचालन डॉ संजय कुमार सिंह ने किया।

# आदर्श नगर पंचायत चोपन की उदासीनता से नाली निर्माण अधूरा, निवासियों को हो रही भारी फजीहत

### - बारिश में गड्ढों से भरे रास्ते बने मुसीबत, बीमारी का खतरा भी बढ़ा
### - चेयरमैन ने खड़े कर दिए दोनों हाथ?

**दैनिक समाज जागरण**



चोपन/ सोनभद्र। चोपन नगर के निवासियों में डूडा विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों को लेकर जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। नगर के वार्ड नंबर 9 एवं वार्ड नंबर 2 में डूडा द्वारा अधूरे छोड़े गए नाली निर्माण कार्य ने बरसात के मौसम में लोगों की परेशानी को कई गुना बढ़ा दिया है।वार्ड नंबर 2 के रहवासियों का कहना है कि लगभग एक वर्ष पूर्व शुरू हुआ नाली निर्माण कार्य लगातार शिकायतों के बाद शुरू तो हुआ, परंतु ठेकेदार द्वारा सिर्फ गड्ढा खोदकर कार्य अधूरा ही छोड़ दिया गया। इसके बाद से ठेकेदार मौके से फरार है, और विभागीय जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते अब तक काम पूरा नहीं हो पाया है। खोदे गए गड्ढे अब बारिश के पानी से लबालब भर गए हैं, जिससे लोगों के घर से बाहर निकलने में भारी कठिनाई हो रही है। साथ ही जलभराव से मच्छरों और बीमारियों का खतरा भी तेजी से बढ़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह समस्या सिर्फ एक वार्ड तक सीमित नहीं है। नगर पंचायत क्षेत्र के कई हिस्सों में डूडा द्वारा पिछले दो-तीन वर्षों में लाखों रुपये खर्च कर नाली निर्माण कराया गया है, लेकिन अधिकांश स्थानों पर मानकों की अनदेखी करते हुए काम किया गया है। इसका खामियाजा आज आमजन को भुगतना पड़ रहा है। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने कहा कि डूडा विभाग की घोर लापरवाही के चलते यह स्थिति उत्पन्न हुई है। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। यदि शीघ्र ही निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया तो उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की जाएगी।

# वेदगायन व सामान्य वेदज्ञान कार्यशाला आज से

**संवाददाता अरुण पांडेय गुरूजी/ दैनिक समाज जागरण।**

घोरावल/ सोनभद्र। संस्कृति विभाग उत्तरप्रदेश के अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या के निर्देशन में संस्कार भारती व एडूलीडर्स के सहयोग से रामायण अभिरूचि कार्यशाला के अन्तर्गत वेदगान एवं वेदज्ञान सामान्य ज्ञान. कार्यशाला आज से ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल सिरसांई घोरावल में प्रारम्भ हो रही है।एडूलीडर्स के जनपदीय समन्वयक दीनबन्धु त्रिपाठी ने बताया कि संस्कृति विभाग के सौजन्य से प्रदेश के पचहत्तर जनपदों में यह कार्यशाला करायी जा रही है। भारतीय संस्कृति, वेदों पर आधारित है और हम इसी बल पर विश्वगुरु का परचम लहरा रहे थे, उसे पुनर्जीवित करने हेतु और उसके ब्यापक प्रचार प्रसार हेतु यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है, जिसमें प्राथमिक से लेकर स्नातक तक के कोई भी छात्र प्रतिभाग कर सकते हैं। कार्यशाला में योग्य प्रशिक्षकों द्वारा छात्रों को प्रशिक्षित किया जायेगा।

# तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, एक की मौत, तीन घायल

**दैनिक समाज जागरण।**




सोनभद्र/ दुद्धी। कोतवाली क्षेत्र के झारो कला बाजार के पास आज सोमवार को दर्दनाक सड़क दुर्घटना में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। इस भीषण टक्कर में कार सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े और घायलों को कार से बाहर निकालने के लिए मदद की। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, कार की टक्कर इतनी तेज थी कि वह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे कार में फंसे लोगों को निकालने में काफी समय लगा। ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत के बाद घायल व्यक्तियों को बाहर निकाला। स्थानीय निवासी इस घटना की आवाज सुनकर तुरंत मदद के लिए आए और पुलिस को सूचित किया। घायलों को एंबुलेंस की मदद से दुद्धी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएससी) भर्ती कराया गया। जहां उनकी गंभीर हालत के मद्देनजर चिकित्सकों की टीम ने त्वरित उपचार शुरू किया। घायलों में शामिल हर एक व्यक्ति की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान की जा रही है और उसके परिजनों को सूचित किया जा रहा है। इस हादसे ने क्षेत्र में शोक की लहर फैला दी है। मृतक के परिजनों का हाल देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखों में आंसू थे। दुःख और सदमे में डूबे हुए परिजन यह नहीं मान पा रहे थे कि उनके करीबी ने इतना भयावह हादसा झेला। स्थानीय ग्रामीणों ने दुर्घटना के कारणों की जांच की मांग की है। उन्होंने मांग की है कि प्रशासनिक उपाय किए जाएं ताकि इस प्रकार की घटनाएं भविष्य में न हो। दुर्घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने भी स्थानीय लोगों को भरोसा दिलाया कि मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी।

### एक और सड़क दुर्घटना का मामला

जिले में ऐसी ही एक और सड़क दुर्घटना मामला देखने को मिला, म्योरपुर थाना क्षेत्र के जामपानी गांव में रविवार रात लगभग नौ बजे हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो मासूम बच्चों सहित छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिससे दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए।

# दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक की मौत, दो मासूम सहित 6 लोग घायल

### - वैवाहिक कार्यक्रम से घर लौटते समय घटी दर्दनाक घटना

**दैनिक समाज जागरण**



दुद्धी/ सोनभद्र। दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के म्योरपुर- लिलासी मार्ग पर जाम पानी गांव के पास बीते रविवार की रात बड़ा हादसा हुआ. दो बाईकों की आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौत हो गई. हादसे में दो मासूम समेत 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में म्योरपुर मे भर्ती कराया गया है. मृतक युवक की पहचान रामकुमार पुत्र रामनाथ 24 वर्ष निवासी कटौली के रूप में हुई. वहीं हादसे में छोटू 20 वर्ष पुत्र राम बिहारी निवासी रनटोला, प्यारेलाल पुत्र राम जीत 30 वर्ष निवासी सुपाचुंआ और उसकी पत्नी संगीता 25 वर्ष व बच्चे सागर 4 वर्ष संसार 5 वर्ष तथा रिश्तेदार धवला प्रसाद 25 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए.प्राप्त जानकारी के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए. हादसे के बाद घायलों को पुलिस और एंबुलेंस के मदद से म्योपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया. सूचना पाकर अस्पताल पहुंचे थाना प्रभारी हेमंत सिंह ने घटना के बारे में जानकारी ली. बताया गया कि मृतक रामकुमार व छोटू रिश्ते में चचेरे भाई थे. पल्सर बाइक पर सवार होकर जामपानी गांव में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे. इस दौरान वैवाहिक कार्यक्रम से वापस अपने घर आते समय दूसरे बाइक सवार से टकरा गए. चिकित्सकों के अनुसार, हादसे में घायल दोनों बच्चों और उनके माता-पिता की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

# रायपुर पुलिस ने फरार चल रहे 02 वांछित अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण।**




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम में फरार चल रहे व पुरस्कार घोषित अपराधियों तथा वांछित वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण मे आज दिनांक 12.05.2025 को थाना रायपुर पुलिस के द्वारा मु0अ0सं0-78/2025 धारा-3(1) उ0प्र0 गैगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित फरार चल रहे 02 नफर वांछित अभियुक्तगण 1. श्याम सुन्दर गुप्ता पुत्र ईश्वर दयाल निवासी कुवरल थाना रायपुर जनपद सोनभद्र उम्र करीब 30 वर्ष 2. सुमन्त शाह पुत्र कयर साह उर्फ सीता राम गुप्ता निवासी कोहरव थाना रायपुर जनपद सोनभद्र उम्र करीब 40 वर्ष को थाना रायपुर पुलिस द्वारा समय करीब 05.45 बजे बैनी बाजार के पास से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

# मिशनशक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा प्रतिदिन चलाया जा रहा महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान

**दैनिक समाज जागरण**



सोनभद्र। शासन द्वारा बालिकाओं/ महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति (फेज-05) अभियान के तहत अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियों स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उक्त निर्देश के क्रम में नारी सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों मे गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा स्कूलों/कॉलेजों, मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही साथ यह भी बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930/112 पर दें जिससे समय रहते ही अग्रिम कार्रवाई की जा सके।

# ईएन्ड आई की टीम ने 12 रन से ऑपरेशन "बी" टीम को शिकस्त दे सेमीफाइनल में जगह बनाई।

**ऊर्जांचल संवाददाता मु० हफीज फुलील। दैनिक समाज जागरण**



अनपरा/ सोनभद्र। हिंडालको रेनुपावर डिवीजन रेनुसागर एवं फोनिक्स क्लब रेनुसागर के संयुक्त तत्वाधान में आदित्य बिड़ला इंटर मीडिएट कालेज के ग्राउण्ड में सर्किल क्रिकेट चैम्पियनशीप की कड़े मुकाबले में ई एन्ड आई की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुये 12 रन से ऑपरेशन ह्लबीह्व टीम को पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई गौरतलब है कि हिन्डाल्को रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह के मार्गदर्शन में यह प्रतियोगिता चल रहा है जिसमें दर्जनों टीमों ने प्रतिभाग किया है।बताते चले कि सर्किल क्रिकेट चैम्पियनशीप क्रिकेट मैच का मुकावला ई एन्ड आई एवं ऑपरेशन ह्व बीह्व टीम के बीच में था। ई एन्ड आई की टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। ई एन्ड आई की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुये निर्धारित 10 ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुये प्रभात पांडेय के शानदार 46 रन एवं बृजेश शर्मा के 18 रनो के वदौलत टीम का स्कोर 7 विकेट खोकर 84 रन बनाकर जीत का लक्ष्य रखा। ऑपरेशन ह्लबीह्व टीम के सफल गेंदबाज राजन ने शानदार गेंदबाजी करते हुये महत्वपूर्ण 4 विकेट लिये वही श्याम सुंदर ने भी अपने टीम के लिए एक विकेट चटकाये ।जबाब में खेलने उतरी ऑपरेशन ह्लबीह्व की टीम के बल्लेबाज आशय के 33 रन एवं अजय कुमार चौधरी के 24 रनों के वदौलत टीम ने 10 ओवर में 4 विकेट खोकर 72 रन ही बना पाई ।इस तरह ई एन्ड आयी की टीम ने 12 रन से ऑपरेशन ह्लबीह्व टीम को पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वही ई एन्ड आई टीम के सफल गेंदबाज प्रभात पांडेय ने 2 विकेट एवं संदीप ने अपने टीम के लिये एक विकेट लिए। मैन ऑफ दी मैच प्रभात पांडेय रहे। मैच में अंपायर दीपांश एवं अमित रहे वही मैच का आँखों देखा हाल जोसफ विल्सन किया मैच में स्कोरर के रूप इमरान रहे। इस अवसर हिंडाल्को रेनुसागर के वरिष्ठ अधिकारी मनीष जैन, कुमार हर्षवर्धन, दीपक पांडेय ललित खुराना, फोनिक्स क्लब रेनुसागर के सचिव सुधाकर अन्नामलाई, स्कोरर इमरान खान, के आर सन्तोष,समित मण्डल ,नीरज त्रिपाठी फोनिक्स क्लब के क्रीडा सचिव राजीव मिश्रा सहित भारी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# शाहगंज पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में फरार चल रहे 01 वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम में फरार चल रहे व पुरस्कार घोषित अपराधियों तथा वांछित वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन निर्देशन व क्षेत्राधिकारी घोरावल के कुशल पर्यवेक्षण मे आज दिनांक 12.05.2025 को थाना शाहगंज पुलिस के द्वारा मु0नं0-145/2022 धारा-363, 366, 376 भादवि व 5जे(2)/6 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित फरार चल रहे 01 नफर वारण्टी अभियुक्त 1. नीरज कुमार पुत्र उपेन्द्र मण्डल निवासी राजावार थाना रजौना जनपद बांका बिहार, हाल पता ग्राम डाभा थाना शाहगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 21 वर्ष को ग्राम डाभा से थाना शाहगंज पुलिस द्वारा समय करीब 07.30 बजे गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गय।

# दुद्धी में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई गौतम बुद्ध की जयंती

**दैनिक समाज जागरण**



दुद्धी/ सोनभद्र। दुद्धी तहसील क्षेत्र के खजुरी गांव में बौद्ध बिहार समिति द्वारा सोमवार को तथागत गौतम बुद्ध की जयंती श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई. बौद्ध विहार समिति अध्यक्ष कालीचरण ने दर्जनों ग्रामीणों के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की. उन्होंने बुद्ध के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बुद्ध का दर्शन समाज में पर्याप्त कुरि तियों के उन्मूलन का मार्ग है और शिक्षा ही इसका माध्यम है. अन्य वक्ताओं ने गौतम बुद्ध के विचारों को वैज्ञानिक सोच से परिपूर्ण बताया और कहा कि आज भी पूरी दुनिया में बुद्ध के विचार प्रासंगिक हैं. इसके अलावा अन्य वक्ताओं ने कहा कि घृणा केवल दूरी बढ़ती है. घृणा करने से मानव जीवन हो रही आपसी प्रेम की रुकावट में बाधा बन सकती है. बौद्ध ने बुद्ध के तृष्णा ही दुख के कारण सहित अन्य व्याख्या सिद्धांत को विस्तार से समझाया. इस अवसर पर फूलचंद गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, सुरेश भारती, रिया भारती, निशु भारती गोरखनाथ, मुकेश भारती, चंदू भारती सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# श्री बालाजी धाम गाँव डोभ पर बुद्ध पूर्णिमा पर विशाल भण्डारे,संकीर्तन,भक्तमेला एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण,( महेन्द्र प्रजापत बहल)**

रोहतक,12 मई । श्री बालाजी धाम गाँव डोभ के संस्थापक प्रधान श्री पुरूषोत्तम दास बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह हवन यज्ञ के साथ-साथ 108 बार हनुमान चालीसा पाठ किया जाता है प्रत्येक महीने की पूर्णिमा को दोपहर 12 बजे से 3:30 बजे तक श्री बालाजी का संकीर्तन,भण्डारा, भक्त मेला,स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया जाता है

श्री राकेश प्रजापत कृष्णा हार्डवेयर भिवानी चुंगी रोहतक सहपरिवार बतौर मुख्य यजमान सिरकत की और श्री बालाजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया

बालाजी के गुणगान के लिए भजन गायक पूजा शाह पानीपत , राज शर्मा रोहतक,सरला बेरी को आमंत्रित किया गया उन्होंने श्री बालाजी महाराज के सुन्दर सुन्दर भजनों का गुणगान किया भजन कीर्तन की मधुर ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा , रिंकू महादेव ने सुन्दर झ सुन्दर झांकियां प्रस्तुत की मंच संचालक विनोद गुप्ता ड्रम वाले रहे भक्ति भावना म्यूजिकल और आनंद भक्ति लाइव द्वारा प्रोग्राम यूट्यूब पर लाइव किया गया

निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर में आँख जाँच, दांत जाँच, कोरियन मशीनों द्वारा एकुप्रेषर,मेडिसन,कान नाक गला व देशी वैध एवं सभी प्रकार की दवाईयां ,चश्मे निःशुल्क दिये जाते हैं इस अवसर पर रमेश गुप्ता, मन मोहन धारीवाल, अजय गर्ग कोसली वाले,लीला कथूरिया मंडी, रवि चिटकारा, सुरेश गर्ग, संजय यादव, दीपक प्रकाश जैन, पवन सरीन, आनंद स्टूडियो, सुभाष बंसल गोहाना, अमित कौशिक, राजेश गोयल, वाशु देव मित्तल ,पंडित नरेश कौशिक, एवं मण्डल सदस्यगण और भक्त उपस्थति रहें

# खूनी संघर्ष या प्रशासनिक लापरवाही ? बेखौफ अपराधियों ने मोहल्ले में पथराव कर किया जानलेवा हमला

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



बरेली। थाना किला शहर के मध्यवर्ती और घनी आबादी वाले कुंवरपुर मोहल्ले में रविवार रात जो कुछ हुआ, उसने न सिर्फ आमजन को दहला दिया, बल्कि प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी बड़ा सवालिया निशान खड़ा कर दिया। बताया जा रहा है कि किला थाना क्षेत्र में प्रवीन सक्सेना अपने दामाद बंटू वाल्मीकि व अन्य करीब 50 हथियारबंद लोगों के साथ मोहल्ले पर टूट पड़ा। मारपीट, पत्थरबाजी और खुलेआम फायरिंग से पूरा इलाका थर्रा उठा। वहीं घटना के कई घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली है।

पीड़ित पक्ष का कहना है। कि रविवार शाम करीब आठ बजे मोहल्ले में रोजमर्रा की सामान्य दिनचर्या चल रही थी। महिलाएं गली में बैठी बातचीत कर रही थीं और बुजुर्ग आराम कर रहे थे। तभी अचानक प्रवीन सक्सेना अपने दामाद बंटू वाल्मीकि, छोटू, टूटा, फंदूस, चन्ना, राजकुमार वाल्मीकि, विक्की और दर्जनों साथियों के साथ मोहल्ले में घुसा। आरोप है कि सभी हथियारों से लैस थे और उनके इरादे बेहद खतरनाक थे।

हमलावरों ने न सिर्फ घरों पर पथराव किया, बल्कि लाठी-डंडों से मारपीट भी की। इसके बाद देसी तमंचों से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैलाई गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, कई राउंड फायरिंग हुई और एक वाहन भी तोड़ दिया गया। बच्चों और महिलाओं में चीख-पुकार मच गई, लोग अपने घरों में छिपने लगे। इस हमले में राजकुमार कनौजिया, महेश यादव, शेखर कनौजिया,भानू सक्सेना सहित करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। महिलाओं को भी पत्थरों और डंडों से गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया, जहां कुछ की हालत नाजुक बताई जा रही है।

स्थानीय एक युवक ने हमले की घटना का वीडियो बना लिया जो कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में साफ दिख रहा है कि किस तरह महिलाएं जान बचाकर भाग रही हैं, हमलावर फायरिंग कर रहे हैं और पूरे मोहल्ले में अफरातफरी मची है।

घटना के विरोध में रविवार रात ही सैकड़ों की संख्या में मोहल्ले के लोग किला थाने पर इकट्ठा हो गए और नारेबाजी करते हुए कार्रवाई की मांग करने लगे। उनका कहना था कि पुलिस जानबूझकर चुप्पी साधे बैठी है क्योंकि आरोपी वर्षों से थाने के लिए मुखबिरी करता रहा है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस मामले को दबाने की कोशिश कर रही है।

थाना प्रभारी किला राजेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच चल रही है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भगवान बुद्ध का जीवन और उनकी शिक्षाएं मानवता के लिए एक अमूल्य उपहार हैं : शिव चरन कश्यप

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



बरेली । भगवान बुद्ध, जिन्हें गौतम बुद्ध या सिद्धार्थ गौतम के नाम से भी जाना जाता है, एक महान आध्यात्मिक गुरु, दार्शनिक और बौद्ध धर्म के संस्थापक थे। उनका जीवन और शिक्षाएं आज भी विश्व भर में लाखों लोगों को प्रेरित करती हैं। उनकी जयंती के अवसर पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर पूरे प्रदेश के सपा मुख्यालयों पर आज कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कड़ी में बरेली सपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप की अध्यक्षता में एक विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसका संचालन महानगर महासचिव पंडित दीपक शर्मा ने किया। इस अवसर पर भगवान बुद्ध के चित्र पर पार्टी नेताओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर हुई विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने कहा सिद्धार्थ गौतम का जन्म लगभग 563 ईसा पूर्व लुंबिनी (वर्तमान नेपाल) में शाक्य वंश के राजा शुद्धोधन और रानी मायादेवी के पुत्र के रूप में हुआ था। उनका बचपन और युवावस्था कपिलवस्तु के राजसी वैभव में बीती। 16 वर्ष की आयु में उनका विवाह यशोधरा से हुआ, और उनके एक पुत्र राहुल का जन्म हुआ। 29 वर्ष की आयु में, सिद्धार्थ ने संसार के दुखों–जैसे बुढ़ापा, बीमारी और मृत्यु–को देखकर गहन चिंतन किया। इस अनुभव ने उन्हें सत्य की खोज के लिए राजसी जीवन त्यागने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा भगवान बुद्ध का जीवन और उनकी शिक्षाएं मानवता के लिए एक अमूल्य उपहार हैं।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी ने कहा उनकी दी हुई शिक्षाएं व्यक्ति को आत्म - जागरूकता, शांति और नैतिक जीवन की ओर ले जाती हैं। आज के तनावपूर्ण और अशांत विश्व में, बुद्ध का संदेश - करुणा, अहिंसा और मध्यम मार्ग और भी प्रासंगिक है। हिंसा न करना, चोरी न करना, झूठ न बोलना और नशे से दूरी उनकी कुछ मुख्य शिक्षायें हैं जिन पर चलकर व्यक्ति अपने जीवन को महान बना सकता है।

विचार गोष्ठी में महानगर उपाध्यक्ष शेर सिंह गंगवार, जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र यादव, महानगर उपाध्यक्ष राजेश मौर्य, बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनकर व राष्ट्रीय महासचिव रणवीर सिंह जाटव, महानगर सचिव हरिओम प्रजापति, बाबर अली उर्फ डॉक्टर चाँद, जितेंद्र मुंडे, अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष असलम खान व महानगर अध्यक्ष मोहसिन खान, महिला सभा जिलाध्यक्ष स्मिता यादव, बाबा साहब वाहिनी के महानगर अध्यक्ष अमित गिहार, संदीप मौर्या, संजीव कश्यप, सम्राट अनुज मौर्या, राम सेवक प्रजापति, राजेश्वरी यादव, वरुण गिहार, रेहान अंसारी व मजदूर सभा महानगर अशफाक चौधरी, अमर राठौर आदि प्रमुख सपाई मौजूद रहे।

# देश विरोधी पोस्ट का अंजाम! लंगड़ाते युवक का वीडियो वायरल, अब बोला 'पाकिस्तान मुदार्बाद'

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली । भारत और पाकिस्तान के बीच पैदा हुए हालात के बाद एक तरफ जहां पूरा देश एकजुट है तो वहीं कुछ देश विरोधी मानसिकता वाले लोग पाकिस्तान परस्ती से बाज नहीं आ रहे। देवरनियां थाना क्षेत्र के एक युवक अपनी फेसबुक पोस्ट में पाकिस्तान समर्थित बातें कीं तो लोगों में आक्रोश फैल गया।



शिकायत के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। वहीं अब आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अब पुलिस हिरासत में आरोपी का वीडियो वायरल हो गया, जिसमें वह लंगड़ाते पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाते दिखाई दे रहा है।

दरअसल देवरनिया थाना क्षेत्र के ग्राम गिरधरपुर निवासी मोहम्मद साजिद ने फेसबुक पर एक वीडियो पोस्ट किया। जिसमें पाकिस्तान जिंदाबाद के साथ युवक पाकिस्तान का झंडा लहरा रहा था। साजिद की ये करतूत लोगों को पता चली तो शिकायतें पुलिस के पास पहुंचने लगीं।

हिंमाशु पटेल नाम के व्यक्ति ने पुलिस से एक्स पर शिकायत कर दी। देवरनियां थाना पुलिस हरकत में आई और आरोपी मोहम्मद साजिद को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को पुलिस हिरासत में उसका एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें साजिद बुरी तरह लंगड़ा रहा है। लंगड़ाते हुए वह पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे भी लगा रहा है।

# वन मंत्री ने पार्क में द्वार का किया लोकार्पण

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। वन एवंम पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार ने बार्ड 24 की चाणक्य पूरी कॉलोनी में विधायक निधि से पार्क की बाउंड्री बाल,2 रिवॉल्विंग गेट,एक मुख्य गेट बनबाया गया जिसका डॉ अरुण कुमार एवम बीजेपी बरिष्ट नेता




श्री अनिल कुमार जी द्वारा फीता काट कर उद्धघाटन किया। चाणक्य पुरी कल्याण समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सक्सेना की अध्यक्षता में समस्त कॉलोनी बासी पार्क की देखभाल करते हैं। इस अवसर पर कॉलोनी की समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सक्सेना,उपाध्यक्ष शिव कुमार गर्ग,ब्रजेश शर्मा, उपसचिव मोहित अग्रवाल,शपीयूष गुप्ता, मीडिया प्रभारी दीपक अग्रवाल,पैटर्न बेद प्रकाश खंडेलवाल, लष्मी नारायण गर्ग, सत्यनारायण गर्ग , समिति के अन्य पदाधिकारी श्रीमती भगवान देवी गंगवार,आलोक सक्सेना, अमित सक्सेना,श्री कृष्ण अग्रवाल,एवम समस्त कॉलोनी बासी उपस्थित रहे।

# बीइंग स्पिरिचुअल फाउंडेशन परिवार मातृत्व दिवस पर माताओं को सम्मानित कर हुआ गौरवांवित

- माल्यार्पण, पटका, स्मृति चिन्ह के साथ श्री मद भागवत गीता प्रदान कर किया सम्मानित
- हर धर्म हर संस्कृति में मां सर्वोपरि :डॉ धर्मेंद्र कुमार

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



बरेली। मातृत्व दिवस के अवसर पर ग्रीन पार्क, हरुनगला रोड स्थित संस्था बीइंग स्पिरिचुअल फाउंडेशन परिवार द्वारा माताओं का सम्मान किया गया। सम्मानित कार्यक्रम में श्रीमती शरबती देवी, श्रीमती सरोज जौहरी, श्रीमती भगवान देई, श्रीमती शिव देई, श्रीमती अनीता सिंह, श्रीमती सुमित्रा देवी, श्रीमती सुमन रानी, श्रीमती संतोष, श्रीमती सीमा, श्रीमती ममता त्यागी, श्रीमती मीनाक्षी वशिष्ट एवं अर्चना सक्सेना आदि को सम्मानित किया गया। मातृत्व दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संस्थापक एवं आध्यात्मिक गुरु धर्मेंद्र कुमार के सानिध्य में उपस्थित सम्मानित माताओं के कर कमलों द्वारा किया गया। तत्पश्चात बीइंग स्पिरिचुअल फाउंडेशन परिवार के सदस्यों ने मंच आसीन नारी शक्तियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। मीडिया प्रभारी आशीष जौहरी ने कहा कि धर्म भक्ति एवं सेवा तीनों ही मां से शुरू होते हैं अतः प्रत्येक दिन मां हमारे लिए पूज्यनीय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी संस्था हमेशा ही अपनी साँस्कृतिक धरोहरों का इसी प्रकार कार्यक्रमों द्वारा सम्मान करती रहती है एवं आगे भी करती रहेगी।

संस्था के संस्थापक एवं आध्यात्मिक गुरु धर्मेंद्र कुमार ने सभी माताओं को पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही श्री मद भागवत गीता की प्रति भी भेट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हर धर्म हर संस्कृति में मां को ईश्वर के समान माना गया है। उन्होंने कहा कि मां हमारी पहली गुरु, पहली प्रार्थना एवं पहली सुरक्षा भी होती है। मातृत्व दिवस कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक एवं आध्यात्मिक गुरु धर्मेंद्र कुमार के आह्वान पर सभी आगंतुकों ने दाहिना हाथ उठाकर शपथ ली कि हम सभी न केवल अपनी माताओं का सम्मान करेंगे अपितु मातृ शक्ति के हर रूप " नारी, कन्या, पृथ्वी एवं प्रकृति " की रक्षा और सेवा सदैव करेंगे। मातृत्व दिवस कार्यक्रम के अवसर पर श्रीमती सुमन रानी, क्रिएटिव डायरेक्टर डॉ शिवम यादव, मीडिया प्रभारी आशीष जौहरी, संजीव कुमार त्यागी, रामवीर सिंह, सुरजीत सिंह, सौरभ सिंह चौहान, डिजिटल डायरेक्टर अभय गुप्ता, विकास यादव, अशोक जौहरी, डीके श्रीवास्तव, त्रिलोकी नाथ शर्मा आदि उपस्थिति रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए बेगुनाह लोगों की हुई अंतिम अरदास

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



बरेली। विगत दिनों कश्मीर घाटी में पाक परस्त आतंकवादियों द्वारा पाकिस्तानी सरकार के इशारे पर जिन बेगुनाहों की नृशंस हत्या कर दी गई थी उसी रोष में दुःख प्रकट करते हुए मॉडल टाऊन बरेली स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गुरु गोबिंद सिंह नगर में गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार मालिक सिंह कालड़ा जी की कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें रागी सिंहों ने गुरुवाणी गायन की, हेड ग्रंथी जी ने अंतिम अरदास कर श्रद्धांजलि दी श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से सांसद बरेली छत्रपाल गंगवार ने अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर केंद्र सरकार और भारतीय सेनाओं को भी बधाई दी। उत्तर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री स्वतंत्र प्रभार डाक्टर अरुण कुमार,वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सक्सेना एडवोकेट,कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना,लोक सभा सह संयोजक डाक्टर के एम अरोड़ा, भाजपा नेता गुलशन आनन्द , ज्ञानी काला सिंह,वरिष्ठ समाजसेवी अशवनी ओबराय, वरिष्ठ पंजाबी एवं व्यापारी नेता सरदार अमरजीत सिंह बख्शी, पंजाबी संगठन उत्तर प्रदेश के प्रदेश संयोजक मनोज अरोड़ा, व्यापारी नेता विशाल मेहरोत्रा, भाजपा उपाध्यक्ष श्री देवेंद्र जोशी, भाजपा महामंत्री श्री प्रतेश पांडे,अम्बरीष कठेरिया, डाक्टर विनोद पागरानी, भास्कर, सरदार मनमोहन सिंह बख्शी बिल्ले बाबू, सरदार परमजीत सिंह ओबरॉय,व्यापारी नेता सरदार अमरजीत सिंह किला, डाक्टर विमल भारद्वाज आदि थे।

# छह महीने से उड़ती धूल, ठेकेदार काम शुरू करवाकर गए भूल

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। नगर निगम में सड़क और नाली निर्माण के कामों में कुछ ठेकेदारों ने ऊपर तक अपनी सेटिंग बना रखी है कि वह जैसे चाहे, वैसे काम करें। सड़क मर्जी हो तो खोदकर महीनों तक डाल दें। या फिर चाहे जितनी घटिया



गुणवत्ता की सड़क बनाएं। मगर, नगर निगम से टेंडर उनको ही मिलेगा। मामला कमीशन का जो ठहरा।

### सड़क निर्माण में देरी और गुणवत्ता की चिंता

अब राजीव ट्रेडर्स को ही लीजिए। संजय नगर में बजरंग ढाबा से संजय नगर मोड़ तक सवा दो करोड़ की लागत से सीसी रोड बना रहे हैं। मगर, पांच महीने से सड़क खुदी पड़ी है। एक तरफ की भी रोड पूरी तरह से नहीं बन पाई है। कार या बाइक से निकलते समय राहगीर गड्ढों में हिचकोले खाने को मजबूर हैं। 800 मीटर लंबी सीसी रोड है। नगर निगम के सूत्रों का कहना है कि यह सीसी रोड पीडब्ल्यूडी के निर्धारित मानक के अनुरुप नहीं बन रही हैं। न तो सड़क निर्माण में निर्धारित मानक के अनुसार सामग्री लग रही है। न ही समय से निर्माण पूरा हो पा रहा है। इस वजह से संजय नगर तिराहा से बजरंग ढाबे तक रोजाना सफर करने वाले राहगीर और सौ से अधिक दुकानदार परेशान हैं। दुकानदारों का कहना है कि न तो ठेकेदार रोजाना पानी का छिड़काव करते हैं, न ही समय से काम पूरा कर रहे हैं। पानी का छिड़काव न होने की वजह से धूल के गुबार दुकानदारों में सांस, खांसी जैसी बीमारी होने लगी है। वहीं राजीव ट्रेडर्स के मालिक राजीव सक्सेना का कहना है कि अभी एक तरफ से सड़क का निर्माण पूरा हो पाया है। कम से कम एक से डेढ़ महीना लगेगा।

# बरेली केंद्रीय जेल की सुरक्षा में सेंध: लोहे की रेलिंग काटते पकड़ा गया युवक, साथी फरार

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। केंद्रीय कारागार-2 की सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई, दो युवक जेल परिसर की बाहरी दीवार पर लगी लोहे की रेलिंग काटते पकड़े गए। दोनों आरोपी चोरी की नीयत से दीवार के पास पहुंचे थे। सीसीटीवी कैमरे में गतिविधि कैद होने पर सतर्क हुए जेलकर्मियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक युवक को मौके से गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका साथी भागने में कामयाब हो गया। घटना ने जेल की सुरक्षा प्रणाली की खामियों को उजागर कर दिया है।

दोपहर करीब दो बजे जेल परिसर के सर्वर रूम में लगे सीसीटीवी कैमरे में संदिग्ध गतिविधि नजर आई। फुटेज में दो युवक जेल की बाउंड्री वॉल पर लगी लोहे की रेलिंग को कटर से काटते दिखे। घटना की सूचना मिलते ही हेड वार्डर मुकेश चंद और सिपाही बिल्लू राणा मौके पर पहुंचे और दोनों टावरों के बीच घेराबंदी कर दी।

### कटे हुए रेलिंग के साथ धराया आरोपी

जेलकर्मियों को देखकर दोनों युवक भागने लगे। एक आरोपी को लोहे की कटी हुई रेलिंग सहित मौके पर ही दबोच लिया गया, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार युवक की पहचान जितेन्द्र पुत्र दुलीराम निवासी ग्राम नगीपुर, थाना बिथरी चैनपुर के रूप में हुई है। फरार साथी की पहचान रंजीत पुत्र बाबूराम के रूप में हुई है, जो उसी गांव का निवासी है। जेल जैसी उच्च सुरक्षा वाली जगह के इतने नजदीक चोरी की नीयत से पहुंचना और रेलिंग काटने का दुस्साहस करना न केवल




गंभीर मामला है, बल्कि यह जेल प्रशासन की सतर्कता पर भी सवाल खड़े करता है। यह घटना दशार्ती है कि बाहरी क्षेत्र की निगरानी में चूक हुई है।

### एफआईआर दर्ज, फरार की तलाश जारी

गिरफ्तार आरोपी को जेल से बिथरी चैनपुर थाने ले जाया गया, जहां जेल हेड वार्डर की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस फरार आरोपी रंजीत की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। घटना के बाद जेल प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा शुरू कर दी है। सीसीटीवी कवरेज बढ़ाने और बाहरी घेराबंदी को और मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं। वरिष्ठ अधिकारियों को भी मामले की जानकारी दे दी गई है।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने महाराणा प्रताप जयंती पर किया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू ने महाराणा प्रताप सिंह की पुण्यतिथि पर आज जनता को संबोधित करते हुए कहा के बड़े हर्ष और गर्व का विषय है कि हम महाराणा प्रताप की जयंती मना रहे हैं क्षत्रिय समाज के वह हमारे लोकप्रिय मार्गदर्शन रहे हैं इस अवसर पर बंटी ठाकुर राहुल सिंह और परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह वह कई लोगों को सम्मानित किया। क्षत्रिय समाज ने देश की एकता और अभिनेता को बनाए रखने के लिए बहुत योगदान दिया है चाहे वह झांसी वाली रानी लक्ष्मीबाई हो या महाराणा प्रताप सिंह हो उन्होंने देश के दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया है और युद्ध के समय भी 10 राजपूताना राइफल्स और नवी अपना योगदान दिया है और दुश्मनों को देश में घुसने से रोका है महाराणा प्रताप जी क्षत्रिय समाज के सचेतक थे और हम सबको उनके आदर्शों पर चलना है आज का कार्यक्रम और ऐतिहासिक होगा एकता का संकल्प बनेगा देश की एकता और अखंडता का संकल्प बनेगा हम सबको क्षत्रिय धर्म को मजबूत करना है यही राष्ट्र की नीति है देश को मजबूत करता है एकता और अखंडता का संदेश लेकर जन-जन को जागरूक करना है।

भुवनेश्वर सिह ने कहा कि देश को जरूरत पडेगी तो क्षत्रिय रणवांकुरे सीमा पर भारतीय सेना का साथ देने को संकल्पित है क राष्ट्रीय संगठन मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ण व्यवस्था के अनुसार, हिन्दू या सनातनियो मे चार वर्ण ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र रोजगार के साधन व कर्म के अनुसार चार वर्णों में विभाजित हो गए क

क्षत्रिय से ही राजपूत बना जिन्होंने देश के लिए बड़े से बड़े बलिदान देकर वीरता और शूरता का परिचय दिया और राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया एवं अपना और अपनी जाति का फर्ज पूरा किया ' आज राजपूत और क्षत्रिय पर्यायवाची बनकर रह गए हैं लेकिन समाज में आज भी बहुत सी जातियां जैसे स्वर्णकार, कुमावत, जाट, गुर्जर, अहीर, लोधा, शाक्य, मौर्य, कुर्मी ,बघेल. रावत, आदि एवं अन्य अनेक जातियां क्षत्रिय टाइटल का उपयोग कर रही हैं, राजनीति ने और स्वार्थी नेताओं ने इन्हें पिछड़ा बना दिया ,और अब पिछड़ा के नाम पर राजनीति हो रही है।कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह सदस्य विधान परिषद महाराज सिंह सदस्य विधानसभा वीर विक्रम सिंह प्रिंस सदस्य विधानसभा अरविंद सिंह, कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ,सेंट्रल यूपी से प्रदेश अध्यक्ष मनोज भदौरिया, भुवनेश्वर सिंह, पश्चिमी प्रदेश के अध्यक्ष जय गोविंद सिंह, ऋषि पाल सिंह, जिला अध्यक्ष सर्वेश्वर पाल सिंह, महानगर अध्यक्ष सर्वेश सिंह, भाजपा महामंत्री शिव प्रताप सिंह, बंटी ठाकुर, अमित सिंह चौहान, शिवेंद्र सिंह, भारती चौहान, रंजना सोलंकी, आकाश प्रताप सिंह,आरती चौहान, संजय भदोरिया, ओम प्रकाश सिंह,सहित तमाम गणमान्य उपस्थित रहे

# युद्धकाल में वार्डनों की सजगता का महत्व अवर्णनीय है : रंजीत बशिष्ठ

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



बरेली । सिविल डिफेंस अलखनाथ प्रखण्ड द्वारा उपनियंत्रक राकेश मिश्रा के निदेर्शानुसार डिप्टी चीफ वार्डन रंजीत बशिष्ठ के मुख्य आतिथ्य में मासिक बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट कार्यालय में किया गया जिसमें युद्ध काल की परिस्थितियों में सिविल डिफेंस की की तैयारियों के विषय में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में युद्ध काल से पूर्व, युद्ध के समय व युद्ध के पश्चात की सभी स्थितियों पर गहनता से मंथन किया गया। ब्लैक आउट के समय जन सामान्य को क्या सावधानियां रखनी चाहिए। आवादी में आसपास के बेसमेंट को चिन्हित किये जाने पर विचार विमर्श किया गया। युद्ध काल में जनजीवन सामान्य किन्तु अनुशासित होना चाहिए। सोलर स्ट्रीट लाइट को आन-आफ करने के लिए वार्डनों को उचित मार्गनिर्देशन दिये गये। युद्ध काल में युद्ध से सम्बन्धित अफवाहों के नियन्त्रण में वार्डनों की भूमिका का निर्वहन सरलता से किस प्रकार किया जाना चाहिए सभी वार्डनों को निर्देशित किया गया।

बैठक की अध्यक्षता सहायक उपनियंत्रक प्रमोद डागर ने की। बैठक में वार्डनों को सम्बोधित करते हुए डिप्टी चीफ वार्डन रंजीत वशिष्ठ ने कहा कि नागरिक सुरक्षा कोर का अपना अलग ही अनुशासन है। हमारे वार्डन युद्ध से पूर्व, युद्ध के समय व युद्ध के पश्चात सारी स्थितियों से निबटने को तैयार हैं। बैठक का संचालन डिवीजनल वार्डन अन्जय कुमार अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि हम सभी वार्डन नियमित अभ्यास व अनुशासन से कार्य कुशल हो रहे हैं।

# युवक को रास्ते में घेरकर की मारपीट

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

फतेहगंज पूर्वी। शाहपुर कुईया निवासी रूपराम ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि दस तारीख की रात में वह एक बारात में गया था वहा गांव के ही चरन सिंह व भुता निवासी प्रमोद से झगड़ा हो गया था।वहाँ मौजूद लोगों ने मामले को निबटा दिया था जिसके बाद प्रार्थी मोटरसाइकिल द्वारा अपने गांव जा रहा था तभी हसनापुर की पुलिया के पास उक्त दोनों आरोपी आ गए और लाठी डंडे सहित लोहे की रॉड से उसके साथ मारपीट करने लगे आसपास के लोग आ जाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। जिसके बाद रूपराम ने थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# बुद्ध पूर्णिमा पर रामगंगा नदी में हजारों श्रद्धालुओं ने किया स्नान

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

फतेहगंज पूर्वी। सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने रामगंगा नदी के घाटों कादरगंज, पडेरा, नगरिया कला में स्नान किया।जिसके बाद पूजा अर्चना कर प्रार्थना की।रामगंगा नदी के किनारें बैठे पंडितो से सत्यनारायण भगवान की कथा करवाकर प्रसाद वितरण किया।इस दौरान महिलाओं और बच्चों ने मेले में लगी दुकानों से खरीदारी की।और ठेलों पर लगे चाट पकौडी का लुत्फ उठाया।सुरक्षा व्यवस्था के चलते पुलिस प्रशासन मौजूद रहा था।

# विश्व शांति के लिए बुद्ध के सिद्धांतों पर चलना जरूरीः राणा

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

रिठौरा। विश्व शांति के लिए बुद्ध के सिद्धांतों पर चलना जरूरी है। मानव के कल्याण के लिए बुद्ध ने मध्यम मार्ग के पालन पर जोर दिया है। यह विचार बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्राम चावड स्थित बुद्ध विहार पर आयोजित कार्यक्रम में समता सैनिक दल के पूर्व जिला प्रवक्ता एडवोकेट जसवीर सिंह राणा ने व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि 563 ईसा पूर्व सिद्धार्थ



के रूप में बुद्ध का जन्म हुआ था। कपिलवस्तु के राजा शुद्धोधन के घर में सिद्धार्थ ने जन्म लिया। शुद्धोधन ने सिद्धार्थ को युवराज की तरह सारी सुख सुविधाएं दी परंतु सिद्धार्थ का मन उन सुख सुविधाओं में नहीं लगा। सिद्धार्थ हर समय मानव के कल्याण के लिए व्याकुल रहते थे इसीलिए उन्होंने गृह त्याग कर दिया था। और 6 वर्ष की कठिन साधना के बाद उरवेला वन में निरंजना नदी के किनारे पीपल के पेड़ के नीचे बुद्धत्व प्राप्त किया। श्री राणा ने बताया बुद्ध ने मध्यम मार्ग पर चलने पर जोर दिया।बुद्ध ने अपने सिद्धांतों में यह भी बताया है कि आत्मरक्षा के लिए शील का पालन करना जरूरी नहीं है। कार्यक्रम की शुरूआत बुद्ध वंदना से हुई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधि सिंह, नैंसी गौतम, प्रज्ञा सिंह, बेचेलाल सागर,राम बहादुर, अनिकेत सागर, बॉबी सागर, अधिराज सिंह, परी गौतम आदि मौजूद रहे।

# आल इंडिया प्रोग्रेसिव फोरम की बिहार कमिटी का गठन

**प्रो. अरुण कुमार अध्यक्ष, अधिवक्ता प्रिया कुमारी संयोजक नियुक्त; 11 सदस्यीय टीम में कई क्षेत्रों के प्रतिनिधि शामिल**

**समाज जागरण पटना।**

आल इंडिया प्रोग्रेसिव फोरम (AIPF) की बिहार राज्य कमिटी का गठन संगठन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल राजिमवाले की अध्यक्षता में आयोजित एक बैठक में किया गया। इस अवसर पर 11 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े शिक्षकों, युवाओं, अधिवक्ताओं, चिकित्सकों, समाजसेवियों और साहित्यकारों को स्थान दिया गया है। प्रो. अरुण कुमार को बिहार कमिटी का अध्यक्ष, अधिवक्ता प्रिया कुमारी को संयोजक और प्रो. प्रणव शेखर को सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी के अन्य सदस्य हैं– ई. सुनील कुमार सिंह, रविन्द्रनाथ राय, प्रो. अरुण गौतम, युवा नेता येशु किसलय, युवा चिकित्सक डॉ. अंकित कुमार, अजय कुमार (केदार दास श्रम संस्थान), लेखक-कवि सुमन्त शरण और समाजसेवी अमरनाथ। नव-निर्वाचित अध्यक्ष प्रो. अरुण कुमार ने बताया कि AIPF बिहार कमिटी की विस्तारित बैठक जून-जुलाई में आयोजित की जाएगी, जिसमें संगठन के विस्तार और आगामी कार्ययोजनाओं पर चर्चा की जाएगी।

# अररिया में महिला संवाद कार्यक्रम का 25वां दिन सफलतापूर्वक सम्पन्न

**36 स्थानों पर हुआ आयोजन, 18 संवाद रथों से जागरूकता की नई लहर, 22,000 से अधिक अपेक्षाएं दर्ज**



**समाज जागरण अररिया ।** महिला सशक्तिकरण की दिशा में बिहार सरकार द्वारा चलाई जा रही "महिला संवाद" पहल का 25वां दिन सोमवार को अररिया जिले में उत्साह और भागीदारी से परिपूर्ण रहा। जिले के 36 विभिन्न स्थानों पर आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों महिलाओं ने भाग लिया, जो न केवल अपनी उपस्थिति से बल्कि सक्रिय भागीदारी से भी कार्यक्रम को सार्थक बना रही हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं और अवसरों के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और समाज में सशक्त भूमिका निभा सकें। तकनीक और संवाद का सशक्त संयोजनः 18 संवाद रथों की भूमिका अहम जिले में चल रहे महिला संवाद कार्यक्रम की विशेषता इसके 18 संवाद रथ हैं। ये मोबाइल यूनिट्स एलईडी स्क्रीन, वीडियो कांफ्रेंसिंग और ऑडियो-विजुअल सुविधाओं से युक्त हैं। प्रत्येक आयोजन स्थल पर तीन प्रेरणादायक वीडियो प्रस्तुत किए जा रहे हैंः 1. महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित फिल्म (सूचना एवं जनसंपर्क विभाग), 2. 'जीविका' योजना की सफलता की कहानियां (ग्रामीण विकास विभाग), 3. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार की विकास यात्रा पर आधारित वीडियो। इन प्रस्तुतियों ने न केवल महिलाओं को जोड़ा, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और उम्मीद की नई किरण भी जगाई। सूचना के साथ प्रेरणाः लघु फिल्में और लीफलेट्स की भूमिका कार्यक्रम के दौरान सरकारी योजनाओं की जानकारी लघु फिल्मों और लीफलेट्स के माध्यम से दी जा रही है। योजनाओं में स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वरोजगार, पोषण, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां शामिल हैं। महिलाएं इन जानकारियों को गंभीरता से ले रही हैं और अब इनका लाभ उठाने की दिशा में सक्रियता दिखा रही हैं। महिलाओं की आवाज को मिल रहा मंच, 22,000 से अधिक अपेक्षाएं दर्ज महिला संवाद का सबसे सशक्त पहलू यह है कि यह केवल एकतरफा जानकारी देने वाला मंच नहीं है, बल्कि यहां महिलाएं खुलकर अपने विचार, समस्याएं, सफलता की कहानियां और सरकार से अपनी अपेक्षाएं साझा कर रही हैं। इन बयानों को डिजिटल माध्यम से एप में दस्तावेजीकृत किया जा रहा है। अब तक अररिया जिले में लगभग 22,000 से अधिक महिलाओं की ओर से अपेक्षाएं दर्ज की जा चुकी हैं, जिनमें स्वरोजगार, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और घरेलू मुद्दों से संबंधित मांगें शामिल हैं। महिला संवादः परिवर्तन की ओर बढ़ता कदम अररिया जिले में महिला संवाद कार्यक्रम महिलाओं के लिए एक सशक्त मंच के रूप में उभरा है, जहां वे न केवल सुन रही हैं बल्कि बोल भी रही हैं, सोच रही हैं और समाधान की ओर बढ़ रही हैं। सरकार द्वारा महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और उन्हें सशक्त बनाने की यह पहल निश्चय ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन की नींव रख रही है।

# गायत्री परिवार द्वारा जिले के सभी प्रखण्ड के गांवों में गृहे- गृहे गायत्री महायज्ञ का किया आयोजन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



12 मई।शांतिकुंज हरिद्वार के आह्वान पर सोमवार को गायत्री परिवार ट्रस्ट ने जिले के सभी प्रखण्ड के गांवों में सैकड़ों जगह गृहे- गृहे गायत्री महायज्ञ का आयोजन अपने घर में किया गया। बुध्द पूर्णिमा के अवसर पर 12 मई को सुबह 9 से 12 बजे तक गृहे गृहे गायत्री यज्ञ का आयोजन हुआ । इसमें पूरे विश्व भर में गायत्री परिवार के परिजन शामिल हुए।परिजनों ने 24 बार गायत्री महामंत्र और महामृत्युंजय मंत्र से आहुति प्रदान किया गया।कार्यक्रम में गायत्री परिजनों ने भारतीय सेना के अदम्य साहस उनमें शौर्य पराक्रम आत्मबल को बढ़ाने व देश की सुरक्षा, देश के चारों ओर सुरक्षा कवच के लिए एवं विश्व मे सुख शांति समृद्धि बनीं रहे एवं पर्यावरण संरक्षण के लिये गृहे- गृहे गायत्री यज्ञ देश व विदेशों में एक दिन एक समय में किया गया। यह अभियान एक महान संकल्प है जो व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण और समाज निर्माण को सशक्त करता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ट्रस्टी मिक्की साहा, परमानंद यादव,कुष्पत राय ,मनोज कुमार सिन्हा ,नवीन कुमार मल्लाह, सोहन लाल मंडल,पंचानंद सिंह, बागेश्वर सिंह,जगदीश सिंह,पूरन लाल माझी,बलराम ठाकुर, सदानंद सिंह, महेश ठाकुर, सोनू, गीता देवी,दुर्गा कुमारी, छवि, तनुजा, भारती ठाकुर ,सिकन्दर सिंह, तुलसी सिंह, आशुतोष, जिला संयोजक सौरभ कुमार एवं जिला समन्वय समिति के सदस्य की भागीदारी रही ।

# अररिया में EVM-VVPAT वेयरहाउस का निरीक्षण

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने FLC की तैयारियों का लिया जायजा, सुरक्षा व्यवस्था हुई चाक-चौबंद**




**समाज जागरण अररिया ।** लोकसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर अररिया जिले में निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुरक्षित ढंग से संचालित करने की दिशा में प्रशासन द्वारा गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्री अनिल कुमार ने EVM-VVPAT वेयरहाउस का निरीक्षण किया और FLC (फील्ड लेवल चेकिंग) कार्य की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान श्री कुमार ने FLC हॉल की व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंधों और लॉजिस्टिक तैयारियों की गहन समीक्षा की और सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। 13 से 30 मई तक चलेगा FLC, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार FLC की प्रक्रिया 13 मई से शुरू होकर 30 मई 2025 तक चलेगी। इस दौरान एश्ट और VVPAT की तकनीकी जांच और प्रमाणन की प्रक्रिया की जाएगी। प्रक्रिया की सीधी निगरानी और वेबकास्टिंग जिला एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से की जाएगी ताकि इसकी पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। FLC के दौरान बिना वैध पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति का प्रवेश वर्जित रहेगा। वेयरहाउस परिसर में सशस्त्र बल, महिला बल, डीएफएमडी (डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर), मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन यंत्र, और बेरीकेडिंग जैसी सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से दुरुस्त कर लिया गया है। निर्देशों के पालन की सख्त हिदायत निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि FLC की प्रक्रिया में निर्धारित प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन हो तथा सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्व पूर्ण कर ली जाएं। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी, अग्निशमन पदाधिकारी सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने स्थल निरीक्षण में भाग लिया और आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। सुरक्षित और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की दिशा में प्रशासन प्रतिबद्ध जिला प्रशासन का यह निरीक्षण आगामी चुनावों की तैयारियों में पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

# प्रेम प्रसंग में हुए हत्याकांड का उद्भेदन, महज 24 घंटे के अंदर आरोपी गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण किशनगंज।**



बहादुरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत टंगटंगी गाँव के रूईधासा मरियाधार नदी के समीप 11 मई को एक शव जमीन में गड़े होने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई। बहादुरगंज थाना द्वारा घटना स्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लिया गया तथा शव की पहचान दरख्शा प्रवीण, उम्र 25 वर्ष, साकिन-टंगटंगी वार्ड नं.-22, थाना बहादुरगंज के रूप में हुई। मृतिका के भाई द्वारा पूर्व में बहादुरगंज थाना में बहन के गायब होने की सूचना दिया गया था, जिसके आधार पर बहादुरगंज थाना में कांड दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सागर कुमार के अनुश्रवण में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित किया गया। गठित टीम द्वारा लगातार आसूचना संकलन / तकनीकी साक्ष्य संकलन / अनुसंधान के क्रम में यह तथ्य प्रकाश में आया कि उक्त हत्याकांड में मृतिका के प्रेमी शाहबाज आलम द्वारा जो मृतिका के भाई का साला था जो घटना को अंजाम दिया, जिसे बहादुरगंज थाना द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए बहादुरगंज से गिरफ्तार किया गया। पकड़ाये अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मृतिका द्वारा शादी का दबाब बनाया जा रहा था, जो कि पूर्व से तलाकशुदा महिला थी, इसी कारणवश घटना को अंजाम दिया। हत्याकांड में संलिप्ता अभियुक्त को न्यायिक हिरासत भेजा गया। कांड का अनुसंधान जारी है एवं अन्य अभियुक्तों के विरूद्ध छापामारी किया जा रहा है।

# आयुक्त राजेश कुमार की अध्यक्षता में महानंदा सभागार समाहरणालय में बैठक आयोजित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




आयुक्त राजेश कुमार पूर्णिया प्रमंडल की अध्यक्षता में महानंदा सभागार समाहरणालय में सुरक्षा व्यवस्था एवं बाढ़ /आपदा की पूर्व तैयारी तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों और जनकल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाओं की अदतन कार्य प्रगति तथा उपलब्धि को लेकर संबंधित पदाधिकारी के साथ उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। आयुक्त द्वारा उक्त योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया गया। चेक पोस्टों पर आने जाने वाले वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर रखें कड़ी नजर रखने । विस्थापित परिवारों के लिए शीघ्र करें पुनर्वास की व्यवस्था। डॉ० अम्वेडकर समग्र सेवा अभियान का सुचारू रूप से करें आयोजन। डॉ अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत विशेष विकास शिविर के पूर्व प्राप्त आवेदनों तथा शिविर में प्राप्त आवेदनों का ऑनस्पॉट करें निष्पादन। बैठक में सर्वप्रथम संभावित बाढ़ क्षेत्र में नाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं उसका रेट निर्धारण करने के संबंध में निर्देश जारी किए गए। आयुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि नाव संचालन की व्यवस्था सुचारु एवं पारदर्शी ढंग से की जाए, जिससे आमजन को सुविधा हो और किसी प्रकार की असुविधा या अधिक शुल्क न लगे। इसके अतिरिक्त, बांध क्षेत्र की सुरक्षा एवं निगरानी को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया है। आयुक्त ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक बुनियादी ढांचा जैसे बाढ़ आश्रय स्थल, पशु चारा, पशु दवा,पेयजल , अस्थाई शौचालय मानव रक्षित दवा की उपलब्धता, ,संचार सुविधा, प्रकाश व्यवस्था आदि की समुचित व्यवस्था पहले ही तैयारी करने का निर्देश दिया गया। आयुक्त द्वारा जल्द ही नाव संचालन के रेट निर्धारण की अधिसूचना जारी की करने का निर्देश दिया गया। यह कदम जनहित एवं सुरक्षा की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार, पटना के माध्यम से उपलब्ध राज्य आपदा मोचन कोष एवं राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष से आपदाओं में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को चार लाख प्रति आश्रित की दर से अनुग्रह अनुदान की राशि प्रदान की गई है। जिले में अब तक कुल 54 परिवारों को अलग अलग मामलों में अनुदान वितरित किया गया जो क्रमशः--- डूबने से मृत्यु - 36 मामलों में पूर्ण भुगतान किया गया है कोई लंबित मामला नहीं है। इसी तरह गृह क्षति - 14 मामलों में पूर्ण भुगतान किया गया है कोई लंबित मामला नहीं है।पशु क्षति - 2 मामलों में पूर्ण भुगतान, कोई लंबित मामला नहीं है।वज्रपात से पशु क्षति - 2 मामलों में पूर्ण भुगतान कर दिया गया है कोई मामला लंबित नहीं है।बाढ़ राहत (G.R.) वितरण - वर्ष 2024 की समीक्षा के क्रम में आपदा प्रबंधन पदाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2024 में बाढ़ प्रभावित कुल 2,756 परिवारों को ₹7,000/- प्रति परिवार की दर से कुल ₹1,92,92,000/- की राहत राशि PFMS (Public Financial Management System) के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई है।बाढ़ से क्षतिग्रस्त मकानों का मुआवजा की समीक्षा के क्रम में आपदा प्रबंधन पदाधिकारी ने बताया कि बाढ़ के कारण वर्ष 2024 में 18 पक्के मकान तथा 173 झोपड़ियाँ क्षतिग्रस्त हुई हैं। संबंधित अंचलों द्वारा अभिलेखों की स्वीकृति के उपरांत राहत राशि स्वीकृत कर दी गई है तथा भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ है। संबंधित अंचलों को आवश्यक राशि उपवंटित कर दी गई है।

**शिविल डिफेंस तथा आपदा प्रबंधन हेतु निदेर्शः-**

आयुक्त द्वारा सिविल डिफेंस एक्ट, 1968 के तहत आपदा प्रबंधन कार्यों को सुदृढ़ बनाने हेतु कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है।शहर के 5 स्थानों एवं प्रत्येक प्रखंड मुख्यालय पर सायरन लगाए जाएंगे। सायरन व अन्य उपकरणों की खरीद विभाग द्वारा सूचीबद्ध कंपनियों से की जाएगी तथा सायरन/हूटर की खरीद हेतु समिति के माध्यम से प्रक्रिया सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अस्पतालों में आपदा चेतावनी हेतु सायरन व आपात सामग्रियों की व्यवस्था समय पर करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया है। शिविल डिफेंस की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिले में 291 प्रशिक्षित आपदा मित्र वर्तमान में सक्रिय हैं। NCC, Scouts आदि संगठनों के माध्यम से शिविल डिफेंस वॉलंटियर्स की सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया। BDO, CO, थाना अध्यक्ष, वार्ड सदस्य आदि को शिविल डिफेंस टीम में शामिल करने का निर्देश दिया गया। चयनित वॉलंटियर्स का सत्यापन पूरी पारदर्शिता के साथ करने का निर्देश दिया गया। शिविल डिफेंस के वॉलंटियर्स के लिए अलग-अलग संगठनों के साथ बैठक कर प्रशिक्षण की रूपरेखा तैयार करने का निर्देश दिया गया। आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपदा से पूर्व सभी तैयारियाँ समय पर पूर्ण कर ली जाएँ। आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए विभागीय समन्वय एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त, बांध क्षेत्र की सुरक्षा एवं निगरानी को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया है। आयुक्त ने संबंधित विभागों को आवश्यक बुनियादी ढांचा जैसे अस्थायी निवास, संचार सुविधा, प्रकाश व्यवस्था आदि की समुचित व्यवस्था करने का आदेश भी दिया, ताकि चौकीदारों को अपने कर्तव्यों के निर्वहन में कोई कठिनाई न हो। प्रशासन द्वारा जल्द ही नाव संचालन के रेट निर्धारण की अधिसूचना जारी की जाएगी। यह कदम जनहित एवं सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक में जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार, पटना के माध्यम से उपलब्ध राज्य आपदा मोचन कोष (SDRF) एवं राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष (NDRF) से निम्नलिखित आपदाओं में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को ₹4,00,000/- प्रति आश्रित की दर से अनुग्रह अनुदान की राशि प्रदान की गई है। जिले में अब तक कुल 54 परिवारों को अलग अलग मामलों में अनुदान वितरित किया गया जो निम्नवत हैः डूबने से मृत्यु - 36 मामलों में पूर्ण भुगतान, कोई लंबित मामला नहीं। गृह क्षति -14 मामलों में पूर्ण भुगतान, कोई लंबित मामला नहीं। पशु क्षति - 2 मामलों में पूर्ण भुगतान, कोई लंबित मामला नहीं।वज्रपात से पशु क्षति -2 मामलों में पूर्ण भुगतान, कोई लंबित मामला नहीं। बाढ़ राहत (G.R.) वितरण - वर्ष 2024 की समीक्षा के क्रम में आपदा प्रबंधन पदाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2024 में बाढ़ प्रभावित कुल 2,756 परिवारों को ₹7,000/- प्रति परिवार की दर से कुल ₹1,92,92,000/- की राहत राशि PFMS (Public Financial Management System) के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई है। बाढ़ से क्षतिग्रस्त मकानों का मुआवजा की समीक्षा के क्रम में आपदा प्रबंधन पदाधिकारी ने बताया कि बाढ़ के कारण वर्ष 2024 में 18 पक्के मकान तथा 173 झोपड़ियाँ क्षतिग्रस्त हुई हैं। संबंधित अंचलों द्वारा अभिलेखों की स्वीकृति के उपरांत राहत राशि स्वीकृत कर दी गई है तथा भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ है। संबंधित अंचलों को आवश्यक राशि उपवंटित कर दी गई है।

**शिविल डिफेंस तथा आपदा प्रबंधन हेतु निर्देश**

आयुक्त द्वारा शिविल डिफेंस एक्ट, 1968 के तहत आपदा प्रबंधन कार्यों को सुदृढ़ बनाने हेतु निम्न निर्देश दिए गएः शहर के 5 स्थानों एवं प्रत्येक प्रखंड मुख्यालय पर सायरन लगाए जाएंगे। सायरन व अन्य उपकरणों की खरीद विभाग द्वारा सूचीबद्ध कंपनियों से की जाएगी तथा सायरन/हूटर की खरीद हेतु समिति के माध्यम से प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। अस्पतालों में आपदा चेतावनी हेतु सायरन व आपात सामग्रियों की व्यवस्था की जाएगी। शिविल डिफेंस की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिले में 291 प्रशिक्षित आपदा मित्र वर्तमान में सक्रिय हैं। NCC, Scouts आदि संगठनों के माध्यम से शिविल डिफेंस वॉलंटियर्स की सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया। BDO, CO, थाना अध्यक्ष, वार्ड सदस्य आदि को शिविल डिफेंस टीम में शामिल करने का निर्देश दिया गया। चयनित वॉलंटियर्स का सत्यापन किया जाएगा। शिविल डिफेंस के वॉलंटियर्स के लिए अलग-अलग संगठनों के साथ बैठक कर प्रशिक्षण की रूपरेखा बनाई जाएगी।बैठक में पुलिस अधीक्षक सागर कुमार, डीडीसी स्पर्श गुप्ता, आयुक्त के सचिव, उपनिदेशक जनसंपर्क क्षेत्र पूर्णिया प्रमंडल पूर्णिया, कुंदन कुमार सिंह , जनसंपर्क पदाधिकारी , आपदा प्रबंधन पदाधिकारी आदित्य कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# इंडो - नेपाल सीमा पर सुपारी तस्करी की योजना विफल, एक हिरासत में

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



खोरीबारी (सिलीगुड़ी ) । एस एस बी 41वीं बटालियन अंतर्गत मदनजोत कंपनी की विशेष नाका पार्टी ने इंडो - नेपाल सीमा पर तस्करी के 17 बैग सुपारी के साथ एक इ - रिक्शा जब्त किया है । इस दौरान एक व्यक्ति को भी हिरासत में लिया गया है । हिरासत में लिये गये व्यक्ति का नाम 35 वर्षीय मो. लतीफ नक्सलबाड़ी थाना क्षेत्र का निवासी बताया गया है । एसएसबी से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार अहले सुबह कुछ तस्कर इंडो - नेपाल सीमा के पिलर संख्या 88/8 के पास से तस्करी के सुपारी के साथ नेपाल से भारत में प्रवेश कर रहे थे । सीमा से लगभग डेढ़ किलोमीटर अंदर भारतीय क्षेत्र में एस एस बी जवानों ने 17 बैग सुपारी के साथ एक इ - रिक्शा जब्त कर एक युवक को हिरासत में लिया । एस एस बी द्वारा आवश्यक कार्रवाई के जब्त सुपारी एवं हिरासत में लिये गये व्यक्ति को अग्रिम कार्रवाई हेतु पानीटंकी कस्टम को सौंप दिया ।

# विश्व नर्स दिवसः 'हमारी नर्सें हमारा भविष्य, देखभाल की आर्थिक शक्ति' थीम पर मनाया गया दिवस

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




12 मई। जब भी हम किसी बीमारी से जूझते हैं, तो दवाओं और इलाज के साथ-साथ सबसे अहम भूमिका होती है—देखभाल की। और इस देखभाल की रीढ़ होती हैं नर्सें, जो दिन-रात मरीजों की सेवा में समर्पित रहती हैं। नर्सें न केवल अस्पतालों की व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने में मदद करती हैं, बल्कि वे मरीजों की भावनात्मक और मानसिक स्थिति को भी संभालती हैं। इन्हीं नर्सों के समर्पण, सेवा और साहस को सम्मान देने के लिए हर साल 12 मई को विश्व नर्स दिवस मनाया जाता है।इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस की थीम ।हमारी नर्सें। हमारा भविष्य। देखभाल की आर्थिक शक्ति। रखी गई है, जो यह दर्शाती है कि स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की स्थिरता और समृद्धि में नर्सों की भूमिका केंद्रीय है।

**कोरोना महामारी में निभाई अग्रिम पंक्ति की भूमिका**

कोरोना जैसे वैश्विक संकट में जब अस्पताल मरीजों से भर गए थे, तब नर्सों ने अपनी जान की परवाह किए बिना मानवता की सेवा की। चाहे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी अस्पताल, हर जगह नर्सों ने यह साबित किया कि वे स्वास्थ्य प्रणाली की रीढ़ हैं। मरीजों की देखभाल, भावनात्मक समर्थन और इलाज की निरंतरता सुनिश्चित करने में उनका योगदान अमूल्य रहा।

**सदर अस्पताल में आयोजित हुआ सम्मान समारोह**

इस अवसर पर किशनगंज के सदर अस्पताल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जहां कार्यरत सभी नर्सों को केक काटकर बधाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. अनवर हुसैन ने कहा कि फ्लोरेंस नाइटिंगेल के सम्मान में 12 मई को यह दिन मनाया जाता है। उन्होंने कहा, यह दिवस नर्सिंग प्रोफेशन की गरिमा और सेवाभाव को सम्मानित करने का अवसर है। कोविड महामारी ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि बिना नर्सों के कोई भी स्वास्थ्य सेवा अधूरी है। नर्सों का मनोबल बढ़ाना हमारी जिम्मेदारीः सिविल सर्जन सिविल सर्जन डॉ. राजकुमार चौधरी ने बताया कि नर्सिंग सेवा आज के दौर में सबसे भरोसेमंद और आवश्यक पेशे में से एक है। एक कुशल नर्स द्वारा की गई सेवा किसी विशेषज्ञ सर्जन के ऑपरेशन जितनी ही अहम होती है। किशनगंज जिले की एएनएम और जीएनएम को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए समय-समय पर सम्मानित और प्रोत्साहित किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि परिवार नियोजन कार्यक्रम में अल्पसंख्यक समुदाय को जागरूक कर कई बार जटिल परिस्थितियों में भी सफलता हासिल की गई है, जिसका श्रेय नर्सों के अथक प्रयासों को जाता है।

**नर्सों को मिले सम्मान और बेहतर कार्य परिवेश**

इस अवसर पर सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ अनवर हुसैन ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती के लिए नर्सों को केवल सम्मान ही नहीं, बल्कि बेहतर कार्य वातावरण और निर्णय-निर्माण में भागीदारी भी मिलनी चाहिए।

# असम के तिनसुकिया जिला दुमदुमा पचंयात राज में भाजपा का दबदबा। वार्ड सदस्यों में निर्दलीय उम्मीदवार विजय।

**विजयी निर्दलीय करेगे पंचायत अध्यक्ष का चुनाव।**

**दैनिक समाज जागरण गोरखनाथ गुप्ता।**

तिनसुकिया जिले के हाल ही मे दो मई को पंचायत चुनाव का परिणाम घोषित किया गया।प्रथम बार दुमदुमा में सम-जिला बनने के बाद पंचायत चुनाव सम जिला के देख रेख में सम्पन्न हुआ। दुमदुमा कॉलेज परिसर में मतगणना केन्द्र की स्थापना की गई थी । धीमी गति से चल रही मतगणना कल देर रात तक चली। मतगणना में दुमदुमा विधानसभा पंचायत क्षेत्र अंतर्गत 14 गांव पंचायत में 140 वार्ड सदस्यों, 14 आंचलिक पंचायत सदस्य तथा 4 जिला परिषद सदस्यों के चुनाव के लिए कल 133,205 मतदाता ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी ने अपने 14 आंचलिक तथा 4 जिला परिषद में अपना परचम लहराने में सफल रहा। दुमदुमा विधानसभा क्षेत्र में पंचायत चुनाव के लिए कुल 173 मतदाता केन्द्र बनाए गए हैं।दुमदुमा विधानसभा अंतर्गत 14 गांव पंचायत में क्रमशः बंदरखाटी ,बरडुबी, डेसाजान, दिघलतरंग, दौदाम , दैमुखिया, गाभरुभेटी, हाहंसरा, काकोजान, कुमसांग, मानखोवा, रंगाजन सामडांग और टीपुक गांव पंचायत शामिल है। दुमदुमा सम जिला में 173 मतदान केंद्र के लिए दुमदुमा कॉलेज के समीप मैदान परिसर में नियंत्रण कक्ष बनाया गया था। इस बार के पंचायत चुनाव में भाजपा पुनः अपना दबदबा कायम रखा है। वहीं कांग्रेस ने जिला परिषद तथा आर्चलिक पंचायत के चुनाव में कामयाबी नहीं मिल पाया। कई जिला परिषद तथा आर्चलिक पंचायत में उम्मीदवारों में कड़ी टक्कर देखने को मिली । जिला परिषद में पांच नंबर गाभरुभेटी में पारु महंत, 6 नंबर रंगाजान में अरूप मोरान, दौदाम में बलराज तांती ,सामडांग में ज्योति सांवरा तांती ने जीत हासिल की है। दुमदुमा के 14 आंचलिक पंचायत क्षेत्र में 28 नंबर गाभरुभेटी में श्याम बाबू सिंह, 29 नं कुमसांग में अमर कुशल दास, 30 नं बरडुबी में प्रियंका शर्मा ,24 नं रंगाजान गीतांजलि केसान ,31 नं मानखोवा में आरती तांती ,32 नं टीपुक भरत भजनी ,33 नं दैमुखिया में विकी तांती ,34 नं डेसाजान में उज्जवल सोनार, 37 नं दिघलतरंग में माणिक भूमिज ,38 नं बंदरखाटी में श्रीमती बसंती कौर कुंड, 39 नंबर दौदाम में मीरा कोया, 40 नं हांहचरा में सचिन पटनायक, 41 नं सामडांग में पिंकी मोरान, 42 नं काकोजान में उपासना बोरा बुढागोहाई ने अपनी जीत दर्ज की है। पंचायत चुनाव में भाजपा अपनी दबदबा बना कर आगामी विधान सभा के प्रति काफी उत्साहित दिखाई पड़ रहे हैं ।

# महिलाओ को बकरी पालन उद्यम से आत्मनिर्भर बनाना सम्भव

*प्रशिक्षण में 60 महिला कृषकों ने किया प्रतिभाग।

**समाज जागरण अनिल कुमार हरहुआ वाराणसी।**



उद्यमिता के क्षेत्र में गैर कृषि उद्यम में महिलाओ को बकरी पालन से आत्मनिर्भर बनाना आसान एवं सम्भव है। उक्त बातें जन विकास समिति मुर्दहा में आयोजित एक दिवसीय गैर कृषि उद्यम और पशुपालन प्रशिक्षण में प्रशिक्षक पंकज कुमार ने महिला प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया। प्रशिक्षण में बकरी पालन के विभिन्न पहलुओं जिसमें नस्लों का चयन, रखरखाव, बाड़ा निर्माण, आहार और रोग प्रबंधन समन्वित जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में हरहुआ ब्लाक से 60 महिला कृषकों में प्रगतिशील महिला कृषक प्रेमशीला, किनिता, साधना और मीरा व अन्य शामिल रहीं। इन महिलाओं को बकरी पालन के क्षेत्र में उद्यमिता विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। संस्था के निदेशक चंद्र रमेंद्र ने अवगत कराया कि विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के लिए काम किया जा रहा है। आज 832 स्वयं सहायता समूहों के लगभग 14000 महिलाये प्रत्यक्ष रुप से आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन की ओर अपने कौशल ज्ञान से बढ़ रही हैं। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से समिति के अभिषेक मिश्रा, डॉ0 शिवम चौबे, जडावती देवी, अंजू देवी, सुभावती देवी, अतुल यादव सहित हरहुआ प्रखंड के विभिन्न गांवों के महिला कृषकों ने सक्रिय भागीदारी किया।

# व्यापार मंडल की चेतावनी रैली, बोले- पीओके वापस लो

**समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी।।**



आज कोटवा छितौनी व्यापार मंडल वाराणसी के तत्वावधान में एक विशाल रैली निकाली गई, जिसमें व्यापार मंडल के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्रीगण एवं सैकड़ों व्यापारी शामिल हुए। रैली का उद्देश्य भारत सरकार तक यह संदेश पहुंचाना था कि अब पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और पी ओ के (पाक अधिकृत कश्मीर) को वापस लेने का प्रयास किया जाए। व्यापार मंडल के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष और सभी सदस्यों ने एक सुर में कहा कि देश का हर नागरिक अब बर्दाश्त नहीं करेगा, पाकिस्तान को उसकी हरकतों का मुँहतोड़ जवाब देना चाहिए। यदि आवश्यकता पड़ी तो हर व्यापारी सीमा पर जाने को भी तैयार हैं। व्यापार मंडल भारत सरकार के हर कदम में तन-मन-धन से साथ खड़ा रहेगा। इस रैली में प्रमुख रूप से डॉ. सुरेश सिंह (कमेटी उपाध्यक्ष), बिरजू पटेल (उपाध्यक्ष), प्रमोद सिंह (सूबेदार), संजय गुप्ता (मंत्री), सुनील गुप्ता (महामंत्री), दिनेश गुप्ता (संचालक), संतोष सेठ, विक्की गुप्ता, तूफानी महाराज, राजकुमार पटेल, गांधी हार्डवेयर, अनिल, दीप ग्लास एंड हार्डवेयर, लालमन यादव, चंद्रकांत वस्त्रालय, भागीरथी पटेल, रतनदीप हार्डवेयर, मुकेश इलेक्ट्रिक, नितेश सिंह, दिनेश पटेल, बाबा मैकेनिक, संजय पटेल, पाल इलेक्ट्रिक, राजनाथ पटेल, राजू प्रजापति, दिलीप प्रजापति, धर्मेंद्र पटेल, नासिर अहमद, मनीष गुप्ता समेत अनेक व्यापारी शामिल रहे। व्यापार मंडल ने यह भी अपील की है कि यदि कोई व्यापारी कोई सुझाव देना चाहता है तो वह अगले 24 घंटे के भीतर सुझाव दे सकता है। रैली में भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से वातावरण गूंज उठा।

# संरचना एवं जमीन का मुआवजा के नाम पर वसूली का आरोप की शिकायत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी।।**




जंसा बाजार के ग्रामीणों ने सोमवार को संरचना एवं जमीन के मुआवजे के नाम पर एसएलओ ऑफिस में कार्य कार्यरत कर्मचारियों पर वसूली का आरोप लगाकर एसडीएम से शिकायत किया। बता दे कि सोमवार को उप जिलाधिकारी राजातालाब शांतनु कुमार सिन सीनवार ने वाराणसी झभदोही सड़क चौड़ीकरण का जायजा लेकर काश्तकारों को मुआवजे को लेकर हो रही समस्याओं की जानकारी ले रहे थे परमपुर, कुरौना के बाद जब जंसा बाजार पहुंचे तो प्रशांत मिश्रा प्रमोद सिंह राजकुमार मोदनवाल विशाल मौर्य सदा ब्रिज मौर्य ने संरचना एवं जमीन के मुआवजे को लेकर एसएलओ ऑफिस में कार्यरत कर्मचारियों पर धनउगाही का आरोप लगाया जिस पर उप जिलाधिकारी ने फोन पर वातार्लाप कर कर्मचारियों कड़ी चेतावनी दिया कि किसानों के मुआवजे की राशि में पैसे की लेन-देन की शिकायत कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और किसानों को आश्वासन दिया कि जल्द धनराशि उपलब्ध कराई जायेगी।

# जीवन में सेवा भाव का दायित्व निभाना हमारा अंतिम दम तक लक्ष्य है

*नर्स सेवा भाव का दायित्व निभाते हुए देश व समाज को स्वस्थ बनाने का दायित्व पूरा करती हैं।
*असहाय की सेवा भगवान के सेवा के बराबर होता है।

**समाज जागरण अनिल कुमार हरहुआ वाराणसी।**



हरहुआ क्षेत्र में स्थित 'न्यू लक्ष्मी हॉस्पिटल एवम ट्रामा सेंटर' सातो महुआ सरायकाजी ,हरहुआ में आज सोमवार "अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस" के मौके पर फ्रंटलाइन वारियर्स नर्सिंग योद्धाओं का केक काटकर सम्मान किया गया और कार्यशाला का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता डॉ0 विकास नागर 'एमसीएच न्यूरो सर्जन' व डॉ0 अभिषेक पांडेय एमएस आर्थो सर्जन ने कहा कि नर्स सेवा की भावना से कार्य कर देश व समाज को स्वस्थ बनाने का दायित्व निभाती हैं। साथ ही साथ डॉ0फ्लोरेंस नाइटेंगल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा सेवा भाव को अपने जीवन में उतारने की सीख दी। कार्यक्रम में बतौर अतिथि क्षेत्रीय वरिष्ठ पत्रकार के0 एल0 पथिक, आर0 पी0 सिंह, सर्वेश कुमार यादव, देवेंद्र पटेल ,रिंकू पाठक, सन्तोष गुप्ता व नर्सिंग इंचार्ज व सभी नर्सिंग स्टाफ को हॉस्पिटल के एमडी डॉ0 अनिल यादव द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से डॉ0 यशवंत सिंह एमडी एनेस्थेटिक ,डॉ0 अभिषेक पांडेय एमएस आर्थो सर्जन, डॉ0 रणधीर सिंह एमडीएस व डॉ0 विकास नागर सहित नर्सिंग इंचार्ज व नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहे। सभी नर्स को नर्सिंग योद्धाओ के रूप में सम्मानित किया गया। सम्मानित होने पर गर्व करते हुए नर्सिंग स्टाफ ने बताया कि जीवन में सेवा का दायित्व निभाना हमारा अंतिम दम तक लक्ष्य है। जिसे डिजिटल युग मे पूरा करने का कार्य करते रहेंगे। कुछ गरीबों में निःशुल्क दवा, बिस्कुट, पानी बोतल, फल,लंच पैकेट वितरण एमडी डॉ0 अनिल कुमार यादव ने किया। अतिथियों का स्वागत तथा कार्यक्रम का संचालन संजय शर्मा ने की।

# अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर कार्यशाला का हुआ आयोजन,उत्कृष्ट कार्य के लिए नर्स हुई सम्मानित *

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।काजीसराय स्थित 'दी हेल्थ सिटी हॉस्पिटल, गड़वा चौराहा पर अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर नर्सिंग ऑफिसर का सम्मान किया




गया और कार्यशाला का आयोजन किया गया । मुख्य वक्ता चेयरमैन न्यूरो सर्जन डॉ0 राकेश सिंह ने कहा कि नर्स सेवा की भावना से कार्य कर समाज को स्वस्थ बनाने का दायित्व निभाती हैं साथ ही साथ फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा सेवा भाव को अपने जीवन में उतारने की सीख दी। कार्यक्रम में नर्सिंग ऑफिसर चंदा शर्मा और सचिन प्रजापति को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिये हॉस्पिटल के चेयरमैन द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से 'दी हेल्थ सिटी हॉस्पिटल व ट्रॉमा सेंटर' के चेयरमैन न्यूरो सर्जन डॉ0 राकेश सिंह, डॉ0 अरुण बी. आर, डॉ0 चंद्रशेखर, डॉ0 पलक खेमका, डॉ0 अनुप मिश्रा, निदेशक विनय सिंह, बृजेन्द्र सिंह परामर्श चिकित्सक डॉ0भरत तिवारी, डॉ0 सत्यवान सिंह, नर्सिंग सुपरीटेंडेंट मीनू मौर्या व सभी नर्सिंग ऑफिसर उपस्थित रहे । नर्सिंग ऑफिसर के रूप में सम्मानित होने पर गर्व करते हुए बताया कि जीवन में सेवा का दायित्व निभाना हमारा अंतिम दम तक लक्ष्य है और रहेगा जिसे डिजिटल युग में पूरा करने का कार्य करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर नर्सों के प्रति सम्मान और आभार प्रकट किया गया।

# बाइक चालक पेंड से टकराकर घायल

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। बड़ागाँव थाना क्षेत्र के हरहुआ चौकी अंतर्गत चक्का स्थित पुल के पास रामेश्वर -हरहुआ मार्ग पर तेज गति से आ रहा बाइक चालक पेंड से टकराकर घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल छोटेलाल सरोज उम्र 32 वर्ष गोराई से अपने घर करोमा स्प्लेंडर बाइक से तीन बच्चों को बैठाकर वापस आ रहा था। अनियंत्रित बाइक पेंड में टकरा गई। जिससे बाइक चालक के सिर और मुँह पर चोट लग गई। वहीं तीनो बच्चे बच गए। राहगीरों ने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। मौके पर परिजन व पुलिस ने निर्णय लेते हुए हरहुआ स्थित निजी खुशहाल हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया जहां उपचार चल रहा हैं।

# अदानी की एंबुलेंस भेंट या जमीन हड़पने की साजिश?

बिजुरी में जनसेवा की आड़ में 'खेल', प्रशासन और नेताओं की भूमिका पर उठे सवाल

**समाज जागरण**



अनूपपुर, मध्यप्रदेशः बिजुरी में अदानी समूह द्वारा दी गई एक एंबुलेंस इन दिनों सुर्खियों में है, लेकिन वजह जनसेवा नहीं, बल्कि इसके पीछे छिपी कथित साजिश है। सोशल मीडिया पर वायरल होती पोस्टों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की प्रतिक्रियाओं ने इस "दान" को शक के घेरे में खड़ा कर दिया है।

**दान या दस्तावेजी सौदा?**

कोतमा के वरिष्ठ समाजसेवी पंडित पुष्पेंद्र उर्मलिया ने आरोप लगाया है कि यह दान दरअसल एक रणनीतिक सौदा है, जिसमें कंपनी की नजर बिजुरी की बहुमूल्य जमीन पर है। उन्होंने कहा, अगर यह सच्चा दान होता तो स्वागत योग्य था, लेकिन जब इसके साथ शर्तें और प्रशासनिक मिलीभगत की बात सामने आती है, तो यह जनसेवा नहीं, साजिश लगती है। सूत्रों के अनुसार, इस एंबुलेंस का उद्घाटन एक कथित राज्य मंत्री द्वारा किया गया, और इसके बाद यह वाहन "प्रशासन की जेब" में पहुंच गया। व्यापारी शवयात्रा में भी व्यापार नहीं छोड़ते, और यह एंबुलेंस कोई सेवा नहीं, जमीन हथियाने की चाल है।

**इतिहास भी रहा है विवादित**

बिजुरी क्षेत्र में पहले की घटनाओं को याद करते हुए मोजर बेयर और वेल्सपन जैसी कंपनियों के "दान और विकास" के नाम पर किए गए दोहन की ओर भी इशारा किया। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियों का नतीजा आज भी स्थानीय जनता भुगत रही है।

**सोशल मीडिया पर गुस्सा साफ**

इस प्रकरण पर जनता का गुस्सा सोशल मीडिया पर खुलकर फूट रहा है। एक यूजर ने लिखा, ह्रदान के नाम पर जमीन हड़पना अदानी का पुराना तरीका है। क्या प्रशासन इस बार भी आंखें मूंदे रहेगा? वहीं, कई लोगों ने इसे जनसेवा की आड़ में जमीन पर कब्जा करार दिया।

**प्रशासन की चुप्पी, सवालों की गूंज**

फिलहाल न तो जिला प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान आया है, और न ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस पर कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया दी है। लोगों का सवाल है कि अगर यह वाकई दान है, तो इसकी पारदर्शिता क्यों नहीं रखी गई?

**जनता की मांगः हो निष्पक्ष जांच**

बिजुरी की जनता अब इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रही है। उनका कहना है कि जनकल्याण के नाम पर की जा रही हर गतिविधि की पारदर्शिता सुनिश्चित होनी चाहिए। अगर वास्तव में सेवा भाव है, तो वह निःस्वार्थ होनी चाहिए–शर्तों और सौदों के साथ नहीं, एक स्थानीय निवासी ने कहा।

**दान का मतलब सौदा नहीं**

समाज की नजर में जब दान स्वार्थ से प्रेरित लगे, तो वह जनकल्याण नहीं, जनभावनाओं के साथ धोखा कहलाता है। अदानी समूह की इस भेंट ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है–क्या विकास और सेवा के नाम पर जमीन और संसाधनों की बंदरबांट को ही हमें स्वीकार करना होगा?

# डिवाइडर से टकरा कर पलटी ट्रक, चालक की मौत

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**

बाबतपुर,वाराणसी । वाराणसी जौनपुर फोरलेन मार्ग पर पुरारघुनाथपुर स्थित टेड़वा पुल के पास बीती रात ट्रक डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। जिससे 60 वर्षीय ड्राइवर रामलोचन की मौत हो गई , वही खलासी घायल हो गया। बताते हैं कि लाल बालू लेकर रामलोचन सिंह 60 वर्ष निवासी मानापुर जिला प्रतापगढ़ ट्रक से प्रतापगढ़ जा रहा था। रात्रि सवा एक बजे अचानक नींद आने के चलते ट्रक डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। उसके नीचे दबने से रामलोचन की मौत हो गई वही उसी के गांव का खलासी गुड्डू 30 वर्ष घायल हो गया। जिससे पीएचसी पिंडरा भर्ती कराया गया। चौकी प्रभारी बाबतपुर सत्यजीत सिंह ने बताया कि मृत चालक के शव को पीएम भेज दिया गया है और घायल खलासी का इलाज चल रहा है।

# शासकीय आराजी पर बेजा कब्जा कर कर रहे हैं दुरुपयोग

**समाज जागरण**

मध्य प्रदेश के शहडोल जिला अंतर्गत ग्राम खारी पटवारी हल्का बरहा राजस्व निरीक्षक मंडल खन्नोधी स्थित शासकीय आराजी खसरा नंबर 305 रकवा 3.630 हेक्टर एवं खसरा नंबर 306 रकवा 2.229 हेक्टर भूमि पर ग्राम नवागांव थाना वा तहसील गोहपारु जिला शहडोल मध्य प्रदेश निवासी संतोष चतुवेर्दी पिता राम सुदर्शन चतुवेर्दी द्वारा अनाधिकृत रूप से कब्जा कर कर जमीन का दुरुपयोग किया जा रहा है उक्त खसरा नंबर की अराजियों पर कई अवैधानिक कार्य किये जा रहे हैं, जिसकी शिकायत ग्राम के ही बद्री प्रसाद पिता सुदर्शन द्वारा संबंधित हल्का के पटवारी राजस्व निरीक्षक एवं तहसीलदार महोदय को की गई लेकिन शिकायतकर्ता की शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं की गई, शिकायत पर कार्यवाही न होने से व्यथित होकर शिकायतकर्ता बद्री प्रसाद द्वारा दिनांक 11 3 25 को श्रीमान कमिश्नर महोदय शहडोल संभाग के कार्यालय में एक बार पुनः शिकायत की उक्त शिकायत को जनसुनवाई पोर्टल पर क्रमांक 31 35 6 8 16 पर दर्ज किया गया। बावजूद इसके भी शिकायतकर्ता की शिकायत पर शासन प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं किया जा रहा जिससे अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं कब्जे धारीयो पर कोई कार्यवाही न होने से वे बेखोप होकर शासन की अन्य जमीनों पर भी कब्जा कर रहे हैं शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायत से कब्जेधारी शिकायतकर्ता से रंजिश रखने लगे हैं और अब शिकायतकर्ता को इस बात का भय होने लगा है है कि कब्जेधारियों द्वारा उनके साथ कही कोई अप्रिय घटना न कारित कर दी जाए।

# नशेड़ी ड्राइवर ने पिकेट पर तैनात सिपाहियों से किया गाली गलौज

**समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी।।**

जंसा पुलिस के साथ रविवार की देर रात शराब के नशे में धुत्त बोलरो सवार युवकों ने गाली गलौज किया बताया जाता है कि लोहता की तरफ से बोलोरो सवार युवक बारात से वापस लौट रहे थे इसी दौरान जब बोलोरो सवार युवक जंसा चौराहे पर पहुंचे तो पिकेट पर तैनात पुलिस कर्मी संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे जिस पर युवकों ने पुलिस कर्मियों के साथ गालीझ्र गलौज दुर्व्यवहार करते हुए मौके से भाग निकले वही पुलिस ने बोलेरो का पीछा कर चौखंडी रेलवे स्टेशन के पास से बोलेरो को कब्जे में लेकर शराब के नशे में धुत्त युवको थाने ले आई। पूछताछ में यूवको ने अपना नाम मनीष कुमार सुनील कुमार, विकास कुमार निवासी फूलपुर थाना क्षेत्र के बरजी गांव बताया । पुलिस ने उपरोक्त तीनों आरोपियों को मेडिकल मुअयाना के बाद शांति भंग के आरोप में चालान कर दिया। वही बोलोरो को सीज कर दिया है।

# एमपी में पुलिस भर्ती के 8500 पदों के लिए मिली स्वीकृति, जून माह में जारी हो सकते विज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण**




भोपालः मध्य प्रदेश में पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव ने प्रदेश में 8,500 पदों पर पुलिस भर्ती की नवीन स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह जानकारी पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने दी। यह फैसला प्रदेश में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। सूत्रों की माने कांस्टेबल और सब इंस्पेक्टर भर्ती के जून माह में विज्ञापन जारी हो सकते हैं आपको बता दें पुलिस विभाग में करीब 8500 पदों पर भर्ती को लेकर जल्द ही प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसमें 7500 पद सिपाहियों के, 500 पद सब इंस्पेक्टर के और 500 पद ऑफिस स्टाफ के लिए भरे जाएंगे। बताया जा रहा है कि प्रदेश में करीब 8 साल बाद सब इंस्पेक्टर की भर्ती होने स लाखों की संख्या में अभ्यर्थी आवेदन करेंगे वर्तमान में सब इंस्पेक्टर के 1200 से ज्यादा पद खाली हैं। लगभग 500 पदों पर सब इंस्पेक्टर भर्ती के विज्ञापन जल्दी जारी होंगे मिली जानकारी अनुसार डीजीपी कैलाश मकवाना ने डीजीपी पद संभालते ही विभाग में रिक्त पदों की स्थिति का आकंलन किया था। उन्हें पता चला कि एक लाख की मंजूरी के मुकाबले सिर्फ 75 हजार पुलिसकर्मी कार्यरत हैं और हर साल 500-700 जवान रिटायर हो रहे हैं। अब जल्द ही कांस्टेबल और सब इंस्पेक्टर भर्ती के विज्ञापन जारी होने वाले हैं मुख्यमंत्री मोहन यादव भी कई बार चुके हैं कि पुलिस कर्मियों की जल्द भर्ती होगी

# केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय सुरक्षा प्रयासों के समर्थन में स्वैच्छिक रक्तदान अभियान की शुरूआत की

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ऐसे शिविर शुरू करने वाले पहले मंत्रालयों में शामिल होगा विज्ञान केवल नवाचार नहीं है, बल्कि क्रिया में करुणा और सेवा है, डॉ. सिंह ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस शिविर में कहा डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि आने वाले हफ्तों में सभी वैज्ञानिक विभागों और संस्थानों में इसी तरह के रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे भारत के रक्षा बलों और राष्ट्रीय सेवा के व्यापक उद्देश्य के प्रति अपनी एकजुटता प्रदर्शित करते हुए, केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने वैज्ञानिक समुदाय से आगे आकर स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने वर्तमान सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर "राष्ट्रीय सेवा के लिए रक्त बैंक" के निर्माण पर बल दिया। भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी के सहयोग से भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के उद्घाटन के अवसर पर डॉ. जितेंद्र सिंह ने इस बात पर प्रकाश डाला कि मंत्रालय इस तरह की पहल शुरू करने वाले पहले मंत्रालयों में से एक है।

# पत्नी के झगड़े से तंग आकर युवक ने लगाई फांसी

***समाज जागरण ओंकार नाथ**

दानगंज वाराणसी* दानगंज, चोलापुर थाना क्षेत्र के अजगरा चौकी अंतर्गत ग्राम सभा हरदासीपुर निवासी 30 वर्षीय युवक ने पत्नी से विवाद के बाद कमरे में फांसी लगाकर खुद खुशी कर ली। उसका शव कमरे में पंखे से लटकता हुआ मिला । खिड़की से देख लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी । बताते है कि शत्रुध्न यादव (30 वर्ष) पुत्र स्व.लालजी यादव का कल पत्नी मुन्नी देवी से किसी बात को झगड़ा हुआ था । इससे नाराज पत्नी मायके चली गई ।वही आज सुबह फोन पर भी पत्नी से कुछ कहा सुनी हुई , उसके बाद युवक ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली।इस मामले में छोटे भाई राजीव यादव ने पुलिस को लिखित सूचना दी , जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।



# डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, "आधुनिक युद्ध पूरी तरह से तकनीक पर आधारित है और पिछले चार दिनों में भारत की सर्वोच्चता साबित हुई है"

केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले एक दशक के कार्यकाल के दौरान स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकास में भारत की तीव्र प्रगति और आधुनिक युद्ध पर इसके प्रभाव पर प्रकाश डाला डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने घरेलू प्रौद्योगिकियों को सफलतापूर्वक विकसित और तैनात किया है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है आधुनिक युद्ध में भारत की तकनीकी श्रेष्ठता और आत्मनिर्भरता पर प्रकाश डाला गया और कहा गया कि आधुनिक युद्ध में हमारी सफलता 2047 तक विकसित भारत की दिशा में प्रगति का प्रतिबिंब है केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में "राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस" समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि "आधुनिक युद्ध पूरी तरह से प्रौद्योगिकी संचालित है और पिछले चार दिनों में भारत की सर्वोच्चता साबित हुई है।" उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले एक दशक के शासन के दौरान स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकास में भारत की तीव्र प्रगति और आधुनिक युद्ध पर इसके प्रभाव पर प्रकाश डाला। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, और कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन, डॉ. जितेंद्र सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि आधुनिक युद्ध तकनीक संचालित है और पिछले चार दिनों की घटनाओं ने एक बार फिर भारत की तकनीकी क्षमता को सही साबित किया है। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने घरेलू प्रौद्योगिकियों को सफलतापूर्वक विकसित और तैनात किया है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, "आज रक्षा क्षेत्र में उपयोग की जाने वाली अधिकांश प्रौद्योगिकियां स्वदेशी रूप से विकसित हैं और यह प्रधानमंत्री मोदी ही हैं जिन्होंने हममें आत्मनिर्भर भारत बनाने का विश्वास जगाया है।" राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की उत्पत्ति को याद करते हुए, डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह दिवस पहली बार 1998 में पोखरण में सफल परमाणु परीक्षण की याद में मनाया गया था, जिसकी संकल्पना तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा की गई थी। उन्होंने कहा, "जिस विचार ने 1998 में हमें प्रेरित किया था, वह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में परिपक्व हो गया है और भारत को वैश्विक प्रौद्योगिकी नेता के रूप में परिवर्तित कर रहा है।" डॉ. जितेंद्र सिंह ने इस बात पर प्रकाश डाला कि 2014 से ही स्वदेशीकरण सर्वोच्च प्राथमिकता रही है, तथा प्रधानमंत्री मोदी लगातार आत्मनिर्भरता पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा, "भारत अब बाहरी ताकतों पर निर्भर नहीं है। आधुनिक युद्ध में हमारी सफलता 2047 तक विकसित भारत की दिशा में प्रगति का प्रतिबिंब है।" वैज्ञानिक प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान 1000 ड्रोन शो सहित अग्रणी पहलों का समर्थन करने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के तहत प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) की सराहना की। उन्होंने कहा कि ड्रोन, जो कभी प्रतीकात्मक थे, अब भारत के विकसित होते रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र के केंद्र में हैं। डॉ. जितेंद्र सिंह ने हर वर्ष एक नई थीम निर्धारित करने की टीडीबी की परंपरा की सराहना की और इस वर्ष की थीम "यंत्र" को विशेष रूप से रेखांकित किया, जो उन्नत अनुसंधान और तकनीकी तीव्रता के माध्यम से परिवर्तन का प्रतीक है।

उन्होंने गर्व के साथ कहा कि भारत ने पिछले दशक में अपनी रक्षा क्षमता में काफी वृद्धि की है और वैज्ञानिक विकास के लिए अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र उपलब्ध कराने का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को दिया। उन्होंने कहा, "भारत में प्रतिभा की कभी कमी नहीं थी, लेकिन अब हमारे पास ऐसा नेतृत्व है जो नवाचार को बढ़ावा देता है।"

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार हुआ घायल, स्थिति गंभीर

**दैनिक समाज जागरण अतुल सोनी चोलापुर वाराणसी**

चोलापुर थाना क्षेत्र के चंदापुर चौकी के अंतर्गत अल्लोपुर, इमलिया में अज्ञात मैजिक ने बाइक सवार को पीछे से धक्का मार दिया जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार डब्बू कुमार (28 वर्ष) पुत्र बनारसी प्रसाद निवासी धुरीपुर, सारनाथ, सोमवार सुबह 8:00 बजे अपने घर से किसी जरूरी काम से अल्लोपुर, इमिलिया आया हुआ था। वह वाराणसी-आजमगढ़ हाईवे पर अपनी गाड़ी मुड़ाकर वापस अपने घर की तरफ जाने वाला ही था तभी पीछे से अज्ञात मैजिक ने आकर उसको पीछे से धक्का मार दिया जिससे उसके दोनों पैर फैक्चर हो गए इसकी सूचना मिलते ही उसके भाई सबलू कुमार घर से आए और स्थानीय डॉक्टर को दिखाया, गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टर ने उन्होंने उसको दीनदयाल रेफर कर दिया। डब्बू कुमार टेंट व्यवसाय में बतौर कर्मचारी काम करते थे अब उनके परिवार को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

# मैरिको एक्सपर्ट डॉ. शिल्पा वोरा से जानिए गर्मियों में यूवी डैमेज से बालों की सुरक्षा कैसे करें

**मुख्य संवाददाता**

गर्मियों में जैसे हमारी त्वचा को खास देखभाल की जरूरत होती है, वैसे ही बालों का भी ध्यान रखना जरूरी है। तेज धूप और बढ़ती गर्मी से बालों की नमी खत्म हो सकती है, जिससे वे कमजोर होकर टूटने लगते हैं और अपनी चमक खो बैठते हैं। ऐसे में एक ऐसा हेयरकेयर रूटीन जरूरी है, जो बालों को भीतर से पोषण दे और बाहर से सूरज की तेज किरणों से उनकी रक्षा करे।



बालों को यूवी किरणों से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए नारियल तेल एक बेहतरीन उपाय है, जो बालों की गहराई तक जाकर उन्हें पोषण देता है। मैरिको लिमिटेड की चीफ रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑफिसर डॉ. शिल्पा वोरा कहती हैं, "बालों को ड्राइनेस, प्रदूषण और यूवी किरणों से बचाने के लिए नियमित तेल मालिश बेहद जरूरी है। सही तरह से तेल लगाने की आदत बालों को अंदर से मजबूत बनाती है, जिससे वे तेज धूप और प्रदूषण जैसी मुश्किल परिस्थितियों का सामना बेहतर तरीके से कर पाते हैं।"

डॉ. वोरा आगे कहती हैं, "अगर आप बालों में गहराई से पोषण और हेल्दी चमक चाहते हैं, तो नारियल तेल एक शानदार विकल्प है। यह बालों की जड़ों तक जाकर उन्हें भीतर से मजबूत बनाता है। इसके लिए पैराशूट एडवांस्ड गोल्ड हेयर ऑयल एक भरोसेमंद विकल्प है, जो स्कैल्प की 10 परतों तक जाकर बालों को पोषण देता है।"

डॉ. वोरा के अनुसार, नियमित तेल मालिश से बालों को कई फायदे मिलते हैं। अच्छा हेयर ऑयल न केवल बालों की जड़ों को पोषण देता है, बल्कि टूटने से भी बचाता है। साथ ही, यह बालों के उलझने को कम करता है और उन्हें संभालना आसान बनाता है।

गर्मी में बालों को स्वस्थ बनाए रखने के लिए एक आसान लेकिन असरदार रूटीन बहुत मदद कर सकता है। बाहर निकलते समय सिर को स्कार्फ या दुपट्टे से ढकना चाहिए, ताकि सीधे यूवी किरणों से बचाव हो सके। खूब पानी पीना चाहिए, ताकि शरीर के साथ बालों को भी अंदर से पर्याप्त पोषण मिलता रहे और वे मजबूत बने रहें।

इसके साथ ही, नियमित रूप से पैराशूट एडवांस्ड गोल्ड हेयर ऑयल से मालिश करें, जो बालों को गहराई से रिपेयर करता है और जरूरी सुरक्षा प्रदान करता है। कोशिश करें कि हीट स्टाइलिंग से बचें और बालों को नैचुरली सूखने दें, ताकि अतिरिक्त नुकसान से बचा जा सके।

इन आसान उपायों को अपनाकर आप अपने बालों को पूरे गर्मी के मौसम में स्वस्थ, सुरक्षित और चमकदार बनाए रख सकती हैं।

# देशभर के 700 से ज्यादा जिलों में चलेगा विकसित कृषि संकल्प अभियान- शिवराज सिंह

## किसानों से गांवों में जाकर संवाद करेंगे कृषि वैज्ञानिक- केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह

**दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो,12 मई ;केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर) द्वारा देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जाएगा। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि यह अभियान 700 से ज्यादा जिलों में 29 मई से प्रारंभ होकर 12 जून तक चलेगा। इस दौरान हमारे कृषि वैज्ञानिक एवं मंत्रालय के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय कृषिकर्मियों के साथ टीम बनाकर प्रतिदिन अलग-अलग गांवों में पहुंचकर किसानों से सीधे संवाद करेंगे तथा उन्हें खेती-किसानी के संबंध में अपने स्तर पर और जागरूक करेंगे, विभिन्न सलाह देंगे। यह सारी कवायद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए ह्लैब टू लैंडह्व के मंत्र को साकार करने के लिए की जा रही है। आधुनिक व आदर्श खेती के साथ ही, यह "एक देश, एक कृषि, एक टीम" की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इस संबंध में आज एक उच्चस्तरीय बैठक भी दिल्ली में आयोजित की, जिसमें देशभर के 731 कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) के साथ ही देशभर में फैले आईसीएआर के 100 से अधिक संस्थानों तथा कृषि विज्ञान से जुड़े अन्य संस्थानों के साथ ही केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी हाईब्रिड मोड में शामिल हुए। बैठक में केंद्रीय कृषि सचिव श्री देवेश चतुर्वेदी तथा आईसीएआर के महानिदेशक डा. एम.एल. जाट भी उपस्थित थे।श्री शिवराज सिंह ने कहा कि इस रचनात्मक व महत्वाकांक्षी अभियान के पीछे मकसद यहीं है कि हमारी खेती उन्नत-विकसित हो और हमारे किसानों को इसका सीधा फायदा मिलें। पूरे अभियान के दौरान उन्नत तकनीकों, नई किस्मों व सरकारी योजनाओं के बारे में किसानों के बीच जागरूकता का प्रसार किया जाएगा, साथ ही प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना भी उद्देश्य है। अभियान में चार-चार वैज्ञानिकों की टीमें, किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में सुझाई गई विभिन्न फसलों में संतुलित खादों के प्रयोग के लिए जागरूक व शिक्षित करेगी। केवीके, आईसीएआर के संस्थानों व इफको आदि द्वारा कृषि में ड्रोन प्रौद्योगिकी के उपयोग का प्रदर्शन भी किया जाएगा एवं किसानों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए आई.सी.टी. का व्यापक उपयोग होगा। धान की सीधी बुवाई (डी.एस.आर), फसल विविधीकरण, सोयाबीन की फसल में मशीनीकरण जैसी उन्नत तकनीकों का प्रसार भी केवीके के विशेषज्ञ करेंगे। टीमों में राज्य कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्यपालन विभागों, आत्मा के अधिकारी, राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली (एनपीएसएस) से जुड़े पौध संरक्षण अधिकारियों के साथ प्रगतिशील किसान, कृषि उद्यमी, एफपीओ/एफआईजी/स्वयं सहायता समूहों के सदस्य भी शामिल होंगे।बैठक में केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि विकसित भारत के लिए हमारा संकल्प है विकसित खेती और समृद्ध किसान और किसानों को अगर समृद्ध बनाना है तो तरीका है कि वे ठीक ढंग से खेती करें। हम जो विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू कर रहे हैं, ये कर्मकांड नहीं है। ये ऐसा कार्यक्रम भी नहीं है कि हम आज शुरू कर रहे हैं और 10-20 साल बाद इसका नतीजा आएगा, बल्कि ये एक ऐसा अभिनव कार्यक्रम है कि हम आज शुरू करेंगे व तीन महीने बाद खरीफ सीजन में ही इसके सकारात्मक परिणाम दिखने की पूरी उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि मेरा मानना है कि कृषि में जो रिसर्च हो रहे हैं, वो किसानों के पास खेतों तक पहुंचना चाहिए। अभियान के जरिये किसानों में जिज्ञासा व रूचि पैदा होगी व वैज्ञानिक भी उत्साहित होंगे। श्री चौहान ने वैज्ञानिकों से कहा कि ये कार्य वे मन से करेंगे तो इसका देश को, किसानों को बहुत फायदा होगा।




इस संबंध में केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र भेजे हैं, साथ ही केंद्रीय कृषि सचिव श्री चतुर्वेदी व आईसीएआर के महानिदेशक डा. जाट ने भी अपने-अपने स्तर पर राज्यों के उच्चाधिकारियों से संवाद किया है। अभियान की सफलता के लिए इसकी विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई है।

# सम्पूर्ण मानवता के मसीहा और प्यार की मूरत- बाबा हरदेव सिंह जी

बाबा हरदेव सिंह जी प्यार की मूरत थे। समस्त मानव कल्याण के लिए समर्पित और शांति से भरे विश्व की परिकल्पना को साकार करने वाले निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी ने मानव मात्र को जीवन भर केवल प्रेम और शांति का पाठ पढ़ाया और संपूर्ण मानव जाति को जागरूकता प्रदान करते हुए कहा कि इस निरंकार की जानकारी प्राप्त करके ही विश्व में आदर्श समाज की स्थापना की जा सकती है। अपने जीवन के अंतिम स्वास तक बाबा जी इसी पवित्र उद्देश्य की पूर्ति के लिए निरंतर प्रयासशील रहे। ह्यखून नालियों में नहीं, नाड़ियों में बहना चाहिएह्व, ह्यधर्म जोड़ता है, तोड़ता नहींह्व, ह्यनफरत वैर की दीवारें तोड़कर पुल बनाइए प्यार केह्व, ह्यएक को जानो, एक को मानो, एक हो जाओह्व, ह्यकुछ भी बनो मुबारक है, लेकिन पहले इंसान बनोह्व, प्यार, प्रीत, नम्रता, सहनशीलता , ब्रह्मज्ञान आदि का संदेश देने वाले बाबा हरदेव सिंह जी निरंकारी मिशन के मुखी थे। इनका जन्म 23 फरवरी 1954 को दिल्ली में पिता गुरुबरचन सिंह (बाबा जी) और माता कुलवंत कौर के गर्भ से हुआ। आप चार बहनों के एकलौते भाई थे।आप जी की शादी नवंबर 1975 में माता सविंदर कौर जी के साथ हुई जिन्होंने आप जी के ब्रह्मलीन होने के उपरांत दो वर्षों तक मिशन की बागडोर सतगुरु रूप में संभाली और भक्तों को स्नेह प्रदान किया। आप के घर तीन सुपुत्रियां समता, रेणुका और सुदिक्षा जी (निरंकारी मिशन के मौजूदा सतगुरु माता जी) ने जन्म लिया। आपने अपनी प्राथमिक शिक्षा राजौरी पब्लिक स्कूल दिल्ली में प्राप्त की। उसके उपरांत सेकेंडरी शिक्षा के लिए आपको 1963 में यादविंदरा पब्लिक स्कूल पटियाला (पंजाब) में दाखिल करवाया गया जहाँ से 1969 में आपने मैट्रिक पास की। उच्च शिक्षा आपने दिल्ली यूनिवर्सिटी से प्राप्त की। बचपन से ही आप जी ने अपने पिता सतगुरु बाबा गुरुबरचन सिंह जी और राज माता कुलवंत कौर जी के साथ देश विदेश में आध्यात्मिक यात्राएं करनी शुरू कर दी थीं। 1971 में आप संत निरंकारी सेवादल में भर्ती हो गए और खाकी वर्दी पहनकर सेवा में रुचि लेने लगे।जवानों को अच्छे कामों के लिए प्रेरित करने के लिए आपने 24 अप्रैल 1986 को रक्तदान कैंप की शुरूआत की और मानवता को मानवता के करीब लाने का एक नारा दिया ह्यखून नालियों में नहीं, नसों में बहना चाहिएह्व। निरंकारी मिशन द्वारा रक्तदान का विश्व रिकॉर्ड इतिहास में दर्ज है। आपजी द्वारा शुरू की गई रक्तदान कैंपों की श्रृंखला के तहत संत निरंकारी मिशन ने अब तक 8644 रक्तदान कैंप लगाकर 14,05,177 यूनिट रक्तदान कर चुके हैं और यह श्रृंखला लगातार जारी है। आपने 36 साल मिशन का नेतृत्व किया। आप प्रेम के मसीहा थे।आप जी द्वारा समाज कल्याण के लिए की गईं अनथक सेवाओं को कभी भूला नहीं जा सकता। इसके अलावा आज जब ह्यग्लोबल वार्मिंगह्व (धरती का बढ़ता तापमान) का खतरा जो पूरे देश पर मंडरा रहा है, तब ऐसी घातक परिस्थिति में उस समस्या को दूर करने के लिए आप जी ने पूरे भारत और विश्व में अपने सेवादारों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री की स्वच्छ भारत मुहिम में भी भरपूर योगदान दिया। जब भी कभी किसी प्रकार की प्राकृतिक आपदाएं, भूकंप, सुनामी, बाढ़ आदि आईं, तब वहां भी आप जी के सेवादारों ने मानवता की भलाई के लिए दिन रात एक कर दिया। बाबा हरदेव सिंह जी ने जातियों-पातियों को खत्म करने, नशे से दूर रहने की प्रेरणा, दहेज और समाज की जितनी भी कुरीतियां थीं, उन्हें अपने उपदेशों के जरिए मानव जीवन से निकालने का उपाय किया।

आप जी को 27 यूरोपीय देशों की संसद ने उच्च तौर पर इंग्लैंड में सम्मानित किया और आप जी को विशेष तौर पर संयुक्त राष्ट्र (यू.एन.ओ) का मुख्य सलाहकार भी बनाया गया। इसके अलावा आप जी को विश्व शांति स्थापित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित भी किया गया।

13 मई 2016 को बाबा हरदेव सिंह जी के ब्रह्मलीन होने के बाद माता सविंदर हरदेव जी निरंकारी मिशन के पांचवे सतगुरु बने और मिशन की सेवाओं में अपना भरपूर योगदान दिया। माता सविंदर हरदेव जी ने अपनी पहली विचार में ही बाबा हरदेव सिंह जी को प्यार का मुजस्मा कहकर संबोधित किया। अब वर्तमान में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज निरंकारी मिशन के छठे सतगुरु के तौर पर सेवाएँ निभा रहे हैं और निरंकारी मिशन को बुलंदियों पर ले जा रहे हैं।

**लेखकः प्रमोद धीर, जैतो मंडी (जिला फरीदकोट,पंजाब)**

# श्री बालाजी धाम गाँव डोभ पर पहुँची 36वीं पैदल ध्वजा

## श्री बालाजी मंदिर में लगाया जाता है प्रत्येक रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र प्रजापत बहल )**

रोहतक-भिवानी,12 मई भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम गाँव डोभ के संस्थापक प्रधान श्री पुरुषोत्तम दास बंसल ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रत्येक रविवार को शनि देव मित्र मण्डल तेज कॉलोनी रोहतक एवं भक्तजनों द्वारा श्री दुर्गा भवन मंदिर भिवानी स्टैंड से सुबह 8:30 बजे पैदल ध्वजा यात्रा श्री बालाजी धाम डोभ के लिये चलती हैं धाम पर संकीर्तन, स्वास्थ्य जाँच शिविर व कढ़ी चावल भंडारे का आयोजन किया जाता हैं श्री दुर्गा भवन मंदिर से प्रधान जी ने ज्योत प्रचण्ड कर के यात्रा कि शुरूआत की सभी हाथ में ध्वजा लिये जय श्री राम के जयकारे लगाते हुये श्री बालाजी धाम डोभ पहुँचे रास्ते में भक्तों के लिये दो जगह जलपान और नास्ते का प्रबंध किया जाता हैं जगदम्बा ट्रेक्टर ने भक्तों के लिए चाय नास्ता, फ्रूट का प्रबन्ध किया जाता हैं मन्दिर से भक्तों की वापसी के लिये निःशुल्क ऑटो उपलब्ध करवाई जाती हैं साथ ही प्रत्येक रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया जाता है जिसमे आंख जाँच, दांत जाँच, फिजियोथेरेपिस्ट, मेडिसिन और देशी वैध द्वारा इलाज किया जाता हैं जिसमे सभी प्रकार कि दवाईयां और चश्मे निशुल्क दिये जाते हैं



साथ ही बालाजी महाराज का सुन्दर संकीर्तन हुआ जिसमे गौरव कुमार नादान रोहतक ने सुन्दर सुन्दर भजनों का गुणगान किया साथ ही रिंकू महादेव द्वारा सुन्दर सुन्दर झाकियों प्रस्तुत की गई

श्री राम भगत (राजू सांघी वाले) पल्लवी साडी शोरी मार्किट रोहतक और श्री राकेश प्रजापत कृष्णा हार्डवेयर एवं सेनेटरी हाउस,भिवानी चुंगी,रोहतक बतौर मुख्य यजमान सिरकत करेगें मुख्य कलाकार पूजा शाह (पानीपत), सरला (बेरी), राज शर्मा (रोहतक) को आमंत्रित किया गया है

इस अवसर पर मुख्य रूप से नवीन तनेजा,रमेश गुप्ता, हर्षित कोचर, विनोद गुप्ता, गौरव तिवारी, मन मोहन धरिवाल, रवि चिटकारा, रमेश गाँधी, अंकुर, राजेश गोयल, दीलिप पांडे, डॉ अशोक रोहिल्ला,पंडित नरेश कौशिक एवं अन्य भक्तजन उपस्थित रहे

# राजऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय अलवर का पांचवा दीक्षांत समारोह आज

दैनिक समाज जागरण,( महेन्द्र प्रजापत बहल )

बहल-भिवानी, 12मई। राजऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय अलवर का पांचवा दीक्षांत समारोह 13 मई को प्रातः 10:25 बजे होगा । दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री प्रेमचंद बैरवा एवं बतौर विशिष्ट अतिथि वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री संजय शर्मा शिरकत करेंगे । दीक्षांत समारोह में दीक्षांत उद्बोधन शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव श्री अतुल भाई कोठारी का रहेगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शील सिंधु पाण्डेय के कुशल संयोजन में विश्वविद्यालय अपना पांचवां दीक्षांत समारोह बड़े धूमधाम एवं शैक्षणिक गरिमा के साथ मना रहा है। दीक्षांत समारोह का आयोजन कुलपति प्रो शील सिंधु पाण्डेय की अगुवाई में विश्वविद्यालय के कुलसचिव,प्रबंधक मंडल एवं अकादमिक परिषद के सभी सदस्यगणों, सभी अधिष्ठाताओं,विभागाध्यक्षों की गरिमामय उपस्थिति में किया जा रहा है। दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को डिग्री एवं गोल्ड मेडल माननीय राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े के के कर कमलों द्वारा प्रदान किए जाएंगे। दीक्षांत समारोह में देश भर से अनेक शिक्षाविदों सहित विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहेंगे।

# भारत माता अभिनंदन संगठन जैतो ने मनाया 'मदर्स डे'

**दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो,12 मई : भारत माता अभिनंदन संगठन के अध्यक्ष कश्मीरी लाल गर्ग ने कहा कि हम भारत भूमि को एक माँ के रूप में सम्मान देते हैं इसी बात को ध्यान में रखते हुए हमने 'मदर्स डे' को 'माता अभिनंदन दिवस' के रूप में मनाया है। जिसमें हमने भारत भूमि को स्वच्छ रखने में अहम भूमिका निभाने वाली महिलाओं भाव सफाई सेविकाओं को सम्मानित किया। इस समारोह के मुख्य अतिथि विधायक अमोलक सिंह तथा नगर कौंसिल अध्यक्ष डॉक्टर हरीश गोयल विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। संगठन के महासचिव नरेश मित्तल ने बताया कि संयोगवश आज के दिन हमारे प्रदेशाध्यक्ष राजीव गोयल बिट्टू बादल के कनाडा में कार्यरत पुत्र एडवोकेट सोमेश गोयल के जन्मदिवस की खुशी में यह कार्यक्रम उन्होंने प्रायोजित किया ।



विधायक अमोलक सिंह ने कहा कि बच्चें के जन्म से अंत तक अभिभावक का आशीर्वाद हर समय व्यक्ति के साथ बना रहता है, चाहे वह विद्यमान न भी रहें।

इस अवसर पर बोलते हुए प्रदेशाध्यक्ष राजीव गोयल बिट्टू बादल ने कहा कि सच्चा शिष्य वह है जो माँ के निदेर्शों का सच्चे हृदय से पालन करता है। माँ किसी भी अन्य व्यक्ति की तरह एक साधारण व्यक्ति प्रतीत हो सकती है, लेकिन जब आप उसकी शिक्षाओं में गहराई से उतरेंगे, तो आपको एहसास होगा कि वह एक महान गुरु (शिक्षक) है। लेकिन, जो लोग आध्यात्मिक पथ पर नहीं हैं, वे इस सब को हल्के में ले सकते हैं। संगठन की वरिष्ठ महिला नेत्री लता मुकेश ने कहा कि माँ को सभी गुरुओं में श्रेष्ठ माना जाता है, क्योंकि वे बच्चे के जीवन की शुरूआत में ही उसे प्यार, ज्ञान और संस्कार देती है। माँ ही बच्चे की पहली गुरु होती है, जो उसे जीवन का पहला पाठ सिखाती है। इस समागम की सफलता में प्रदेशाध्यक्ष राजीव गोयल बिट्टू बादल, अध्यक्ष कश्मीरी लाल गर्ग, सचिव नरेश मित्तल, कोषाध्यक्ष राजीव सिंगला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास गोयल,संगठन सचिव अश्वनी अरोड़ा, पीड्ढआरड्ढओड्ड संदीप जिंदल , रमेश बांसल,सुरिंदर गर्ग, खुशहाल सिंगला खैवी, सुधांशु जिंदल का विशेष सहयोग रहा।इनके साथ ही मातृशक्ति रिशमा गर्ग, रितु सिंगला, रिंकल गोयल, लता मुकेश, प्रवीण गर्ग, रीना गोयल, नीलम जिंदल ने भी अहम भूमिका निभाई। उपरोक्त के अतिरिक्त शहरी अध्यक्ष अशोक गर्ग, सुखरीत रोमाणा, तीरथ राज गर्ग, मनीष गोयल मन्नू, केवल रोमाणा, कोमल सोनू शर्मा सहित शहर के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए। 'मदर्स डे' के अवसर पर सफाई सेविकाओं को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि तथा संगठन के सदस्य।

# कार्ड धारक की कनक (गेंहू) का किया दान होगी पुण्य की प्राप्ति

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) भारत सरकार व प्रदेश सरकार के द्वारा गरीब परिवारों को कार्ड धारकों के लिए सस्ता राशन माहिया करवाने के लिए प्रतिबद्ध है' कालांवाली के भोले भाले वह अनपढ़ लोगों को गुमराह करके उनके हिस्से का राशन अर्थात कनक(गेंहू) को दान के नाम पर गमन किया गया' भरोसेमंद सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कालांवाली के डीपू होल्डर के द्वारा कुछ परिवारों की कनक को दान के रूप में गमन करने का मामला सामने आया है' जहां पर मोदी सरकार, नायब सिंह सैनी सरकार भ्रष्टाचारीयों को लेकर सख्त है' कुछ दिनों पहले डिपू होल्डर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है बीते कुछ दिन पहले ऐसा ही मामला समाचार पत्र के माध्यम से सामने आया था' जिसमे एक डिपो होल्डर को भी सस्पेंड किया गया है। जिन्होंने ब्लैकमेल करके अपना ऐशो आराम की जिंदगी का आनंद मानने के लिए फ्रिज एसी व अन्य उपकरण अर्जित किया' कार्ड धारकों ने एक शर्त पर कहा कि हमारा नाम नही आना चाहिए' उन्होंने डरते घबराते हूऐ,भय में कहा कि डिपू होल्डर हमारा राशन कार्ड कटवा देगा हमारी किसी ना किसी बहाने शिकायत कर देगा' और परेशानी हो जाऐगी' हमें किसी और से भी राशन नहीं लेने देगा' ऐसा कई परिवारों के साथ पहले भी हो चुका है ग्रामीणों में चर्चा है प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार 300 कार्ड धारक होने पर नया सस्ते राशन की दुकान खोली जाने के सरकार के द्वारा दिशानिर्देश दिए गऐ है जबकि कार्डों की संख्या 1100 के लगभग है' डिपू होल्डर के राजनीतिक व उच्च अधिकारियों के साथ घनिष्ट संबंध होने के कारण नया राशन डिपू नही खोलने देता कोई ना कोई षड्यंत्र करके डिपू की वैकेंसी ही रद्द करवा देता है। जबकि ग्रामीणों ने सैनी सरकार से मांग की है कि इस तरह के भ्रष्टाचारी डिपू होल्डर के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई व जुमार्ना एवं पूर्ण तौर पर डिपू रद्ध किया जाऐ' कालांवाली मे नऐ राशन डिपू खोले जाऐ' नायब सिंह सैनी सरकार के द्वारा सख्त कार्रवाई करने पर ग्रामीणों में उम्मीद जगी है नायब सिंह सैनी सरकार के प्रति विश्वास है, कि कोई कितना भी राजनीतिक या अधिकारियों के साथ मिल-जोल हो उसे किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाऐगा। ग्रामीणों की मजबूरी एवं विडंबना है राशन लेने के लिए ग्रामीणों को उसके चरणों में बैठा ही पड़ता है और वह ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार भी करता है' सरकार से विनम्र अनुरोध है कि कालांवाली में नए सस्ते राशन कि दुकान खोली जाऐ जिससे ग्रामीणों को लाभ मिल सके'



# भिवानी में दहेज नहीं, स्वच्छता के प्रतीक डस्टबिन का आदान-प्रदान

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र प्रजापत बहल )**

बहल-भिवानी, 12 मई। समाज व राष्ट्र को समर्पित सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति ने प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान को लेकर एक अनूठी पहल और शुरू की जिसके तहत विवाह उत्सव पर शुभ लग्न की रस्म एक रुपए में तय हुई तथा यह विवाह उत्सव एक अनूठे संदेश के साथ है,जिसमें लग्न के दौरान दहेज का सामान नहीं बल्कि स्वच्छता का संदेश देने वाले डस्टबिन दिखाई पड़े। शुभ लग्न में आए डस्टबिन लोगों के लिए चर्चा का विषय बने रहे। हर किसी की जुबान पर बात थी कि लग्न में दहेज लेकर आते हैं लोग, लेकिन यहां पर शुभ लग्न में डस्टबिन दिखाई दे रहे हैं । इस यह आखिर क्या माजरा है, लेकिन जब सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति के मार्गदर्शन में वर और वधू पक्ष की तरफ से डस्टबिन का आदान-प्रदान हुआ और इस अवसर पर पंडित के द्वारा स्वच्छता एवं जल संरक्षण का महामंत्र उच्चारण किया गया वरुण स्वस्ति वाचन के साथ वरुण भगवान की स्तुति की गई।

वही इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अशोक भारद्वाज व पहल के सहयोगी बिजेंद्र यादव ने सभी को इस बारे में अवगत करवाया कि शुभ लग्न में स्वच्छता के प्रतीक यह डस्टबिन आदान-प्रदान हुए हैं । इसका उद्देश्य यही है कि हमें अपने हर घर, हर शहर ,गांव व प्रदेश और देश को स्वच्छ रखना चाहिए और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान को यह अभियान समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि हालांकि स्वच्छता का अभियान वे पिछले 26 वर्षों से चलाते हुए आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज वर पक्ष की तरफ से सेक्टर 13 निवासी राजकपूर प्रधान ने अपने बेटे प्रवेश के शुभ लग्न में डस्टबिन का आदान-प्रदान किया है । यह अपने आप में एक अनूठा संदेश है। वही इस अनूठी पहल व संदेश के बारे में वधू पक्ष मोनिका के पिता राजेश धनखड़ रोहतक निवासी ने भी कहा कि दोनों पक्षों के सहमति से यह शादी बिना दहेज व एक रुपए के साथ शुभ लग्न में हुई है और साथ में स्वच्छता का संदेश से दिया गया है। कहा कि शुभ लग्न में ड्व1 के साथ 11 डस्टबिन भी सार्वजनिक स्थान पर रखने के लिए दिए गए हैं । जिसमें दोनों पक्षों की सहमति रही है और इसका उद्देश्य यही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देश को स्वच्छ बनाने के लिए मुहीम शुरू की थी और इस मुहिम को देखते हुए हम भी चाहते हैं जहां उनकी बेटी आ रही है, वह स्थान भी स्वच्छ हो यानी कि भिवानी स्वच्छ रहे, रोहतक स्वच्छ रहे ,प्रदेश और हमारा देश स्वच्छ रहे।

# द्वारका में नाला निर्माण और रखरखाव में भारी लापरवाही, रणबीर सिंह सोलंकी ने डीडीए अधिकारियों के खिलाफ जांच की मांग की

नई दिल्ली, 12 मई 2025: द्वारका सेक्टर-2 में सीएनजी पंप के पास सर्विस रोड से सटे नाले के निर्माण और रखरखाव में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। यह कार्य दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा नियुक्त ठेकेदारों ने कुछ महीने पहले पूरा किया था, जो अब पूरी तरह विफल




साबित हो रहा है। स्थानीय निवासियों और मधु विहार आरडब्ल्यूए का आरोप है कि ठेकेदारों ने नाले का निर्माण और रखरखाव तय मानकों के अनुसार नहीं किया। नाले की सफाई के बिना ही स्लैब डालकर उसे ढक दिया गया, जिसके कारण नाला जाम हो गया है और स्लैब टूटने लगे हैं। इससे क्षेत्र में जलभराव की समस्या उत्पन्न होने की आशंका है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

फेडरेशन ऑफ साउथ एंड वेस्ट डिस्ट्रिक्ट वेलफेयर फोरम के चेयरमैन रणबीर सिंह सोलंकी ने डीडीए पर भ्रष्टाचार और लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनहित के कार्यों को गंभीरता से नहीं लेते, जिसके कारण ऐसी समस्याएं पैदा हो रही हैं। सोलंकी ने डीडीए के उपाध्यक्ष, मुख्य अभियंता, दिल्ली के उपराज्यपाल, विकास मंत्री और मुख्यमंत्री से इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही, उन्होंने मानसून से पहले नाले की स्थिति सुधारकर नागरिकों को राहत देने का आग्रह किया है।

# कालांवाली में दिनदहाड़े बच्चे को अगवा करने की कोशिश, मामला दर्ज

**कालांवाली (सुरेश जोरासिया)**

कालांवाली पुलिस ने राजेंद्र पुत्र लाल चंद निवासी वार्ड नंबर 16 नई प्रजापत कालोनी कालांवाली की शिकायत पर दो अज्ञात युवकों के खिलाफ अपहरण के प्रयास का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में राजेंद्र ने बताया कि उसका 13 वर्षीय बेटा रविवार दोपहर कूड़ा फेंकने के लिए घर से बाहर आया। तभी बाइक पर आए दो युवकों ने उसे रूमाल पर बेहोशी की दवा लगाकर अगवा करने की कोशिश की। जब उसके बेटे ने बचने के लिए भागने की कोशिश की तो आरोपियों ने उस पर आग वाली स्प्रे कर दी, जिससे उसके आंख की शैली जल गई। शिकायत में बताया कि वारदात में बगैर नंबर की बाइक का इस्तेमाल किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 3 (5), 62, 123, 140(3) के तहत मामला दर्ज किया है।



# कोटेर्वा पायनियर बीज कंपनी द्वारा ढिगावा में किसानों को बाजरे की अच्छी पैदावार लेने के लिए प्रवक्ता संजीवनी किसान संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र प्रजापत बहल )**

बहल-लोहारु,12 मई। ढिगावा के अग्रसेन भवन में सोमवार को कोटेर्वा पायनियर बीज कंपनी द्वारा किसानों को बाजरे की अच्छी पैदावार लेने के लिए प्रवक्ता संजीवनी किसान संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भिवानी व दादरी जिले के सैकड़ो किसान उपस्थितरहे।



क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर सुनील शर्मा ने उपस्थित किसानों को बाजरे की अच्छी पैदावार के लिए संतुलित रासायनिक उर्वरक तथा कीटनाशक दवाइयां के संपूर्ण समाधान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा 86एम94 बाजरे की किस्म हर मौसम में और हर परिस्थिति में करीब 40 मन प्रति एकड़ पैदावार देती है। सुनील शर्मा ने पायनियर कंपनी द्वारा बाजरे की अच्छी पैदावार के लिए उत्तम किस्म के बीज रासायनिक उर्वरक तथा कीटनाशक दवाई और सिंचाई के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

प्रवक्ता संजीवनी किसान संगोष्ठी कार्यक्रम में सुमित शर्मा, संजय कुमार व राकेश कुमार ने भी किसानों को बाजरे की अच्छी पैदावार लेने के लिए उत्तम किस्म के बीज तथा कीटनाशक व रासायनिक उर्वरकों की जानकारी दी। कार्यक्रम में भिवानी तथा दादरी जिले के सैकड़ो किसानों ने भाग लिया।

# विदेशी शराब के साथ बाइक सवार गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण**
**अनील कुमार संवाददाता**
**नबीनगर (औरंगाबाद)**




नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरान थाना क्षेत्र के सुरार पुल के समीप से विदेशी शराब के साथ बाइक सवार एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । मामले में एनटीपीसी खैरा थानाध्यक्ष परमजीत कुमार मंडल ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति औरंगाबाद जिला के एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के सुरार गांव निवासी श्रवण कुमार शर्मा है। उक्त व्यक्ति अपने बाइक पर 750 एम एल के एक बोतल विदेशी शराब लेकर गांव की ओर जा रहा था। इसी दौरान पुलिस वाहन को देखते ही उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। बाइक की जांच के दौरान 750 एम एल का एक बोतल विदेशी शराब बरामद हुआ है। मौके पर उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार करते हुये उनकी बाइक गाडी नम्बर BR 26 T 2404 को भी जब्त कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में औरंगाबाद जेल भेज दिया गया। वही इस अभियान में पीटीसी भिखारी यादव समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# पटना में संदिग्ध स्थिति में युवक की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना के मसौढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत पकड़ी मुसहरी इलाके में सोमवार की सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों द्वारा सबसे पहले शव को देखे जाने के बाद इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई, जिसके बाद मसौढ़ी थाना की टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष के आसपास आंकी जा रही है, लेकिन अब तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। शव की स्थिति देखकर प्रथम दृष्टया किसी प्रकार की हिंसा या मारपीट की आशंका नजर नहीं आ रही है। पुलिस ने बताया कि शव पर किसी प्रकार के बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए हैं, जिससे यह संभावना जताई जा रही है कि युवक की मौत स्वाभाविक रूप से, संभवतः बीमारी के कारण हुई हो सकती है। हालांकि, मृतक के शरीर की स्थिति तथा घटनास्थल की परिस्थिति को देखते हुए पुलिस हर संभावित पहलू पर जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव के पास से ऐसी कोई वस्तु नहीं मिली है जिससे उसकी पहचान की जा सके। न तो मृतक के पास कोई पहचान पत्र था और न ही मोबाइल फोन या अन्य दस्तावेज जिससे उसकी जानकारी मिल सके। इसके चलते पुलिस के लिए उसकी पहचान करना एक चुनौती बना हुआ है। पुलिस ने स्थानीय लोगों से भी युवक की पहचान के बारे में पूछताछ की, लेकिन किसी ने उसे पहले कभी उस इलाके में नहीं देखा था। इससे यह भी अंदाजा लगाया जा रहा है कि मृतक किसी अन्य स्थान का निवासी हो सकता है और किसी कारणवश यहां आया हो।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। थाना प्रभारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस इस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है ताकि सच्चाई सामने आ सके। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस टीम ने आसपास के क्षेत्र में छानबीन की और लोगों से पूछताछ की, लेकिन किसी ने भी मृतक को पहचानने से इनकार कर दिया। घटनास्थल से कोई संदिग्ध वस्तु भी बरामद नहीं हुई है। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। कई लोगों ने आशंका जताई है कि युवक की मौत सामान्य नहीं है और इसकी गहराई से जांच होनी चाहिए। पुलिस ने लोगों से संयम बनाए रखने की अपील की है और कहा है कि बहुत जल्द मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। फिलहाल, पुलिस मृतक की पहचान व परिजनों तक पहुंचने की कोशिश में जुटी हुई है। आसपास के थानों और गुमशुदगी की रिपोर्टों की भी जांच की जा रही है। इस मामले में जो भी नया अपडेट होगा, पुलिस मीडिया को इसकी जानकारी देगी। इस दुखद घटना ने स्थानीय लोगों को सकते में डाल दिया है और सभी की निगाहें अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी हुई हैं, जिससे मृतक की मौत के रहस्य से पर्दा उठ सके।

# पटना स्थित एनएमसीएच में महिला मरीज की मौत के बाद हंगामा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एनएमसीएच) में एक महिला मरीज की मौत के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई। परिजनों और अस्पताल कर्मियों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। यह घटना न सिर्फ मरीजों की देखभाल को लेकर सवाल खड़े करती है बल्कि अस्पतालों में हो रहे कथित दुर्व्यवहार की ओर भी इशारा करती है। मृतका मीना देवी (60 वर्ष) पटना सिटी की रहने वाली थीं। जानकारी के अनुसार, उन्हें दो दिन पहले पैर में चोट लगने के बाद एनएमसीएच में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने उनके पैर का ऑपरेशन करने की सलाह दी थी, जो बुधवार को निर्धारित था। परंतु सोमवार की सुबह ही उनकी अचानक मृत्यु हो गई, जिससे परिजनों में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया। मीना देवी की मौत के बाद उनके बेटे सतीश कुमार अस्पताल से मृत्यु प्रमाण पत्र लेने गए। उनका आरोप है कि डॉक्टर सादे कागज पर प्रमाण पत्र तैयार कर रहे थे, जिस पर उन्होंने आपत्ति जताई। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में बहस शुरू हो गई, जो कुछ ही देर में हाथापाई में बदल गई। सतीश कुमार का आरोप है कि डॉक्टरों और अस्पताल कर्मियों ने उनके साथ और अन्य परिजनों के साथ मारपीट की। परिजनों का कहना है कि जिस स्थान पर यह घटना हुई, वहां पर सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि फुटेज को खंगालकर सच्चाई सामने लाई जाए। उनका दावा है कि कैमरे में सब कुछ रिकॉर्ड हुआ है, जिससे साफ हो जाएगा कि किसकी गलती थी। इस घटना के बाद अस्पताल में मौजूद अन्य मरीजों के परिजनों और स्थानीय लोगों ने भी आरोप लगाए कि एनएमसीएच में डॉक्टर और कर्मचारी अक्सर मरीजों और उनके परिजनों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। यह कोई पहली घटना नहीं है जब इस प्रकार की शिकायत सामने आई हो। लोगों का कहना है कि अस्पताल के माहौल में सुधार की सख्त जरूरत है। घटना की सूचना मिलते ही आलमगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीड़ित परिवार को निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है और मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे सीसीटीवी फुटेज और चश्मदीदों के बयानों के आधार पर कार्रवाई करेंगे। वहीं दूसरी ओर, इस घटना को लेकर जब अस्पताल अधीक्षक से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और फोन कॉल्स का जवाब नहीं दिया। इससे नाराज परिजन और स्थानीय लोग अस्पताल प्रशासन के रवैये से भी असंतुष्ट नजर आए। इस तरह की घटनाएं सरकारी अस्पतालों की कार्यप्रणाली और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। जहां एक ओर गरीब और मध्यम वर्ग के लोग सरकारी अस्पतालों पर निर्भर रहते हैं, वहीं दूसरी ओर यदि उन्हें वहां अपमान और मारपीट झेलनी पड़े, तो यह व्यवस्था पर गहरा आघात है। सवाल यही है कि क्या एनएमसीएच जैसी संस्थाएं मरीजों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभा रही हैं या फिर लापरवाही और असंवेदनशीलता का अड्डा बनती जा रही हैं।

# पटना के मसौढ़ी में ट्रेन से कटकर किशोरी की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ पटना-गया रेलखंड पर एक दर्दनाक हादसे में एक किशोरी की जान चली गई। घटना शनिवार को मसौढ़ी अनुमंडल अंतर्गत छोटकी मसौढ़ी हॉल्ट के पास घटित हुई, जब चलती ट्रेन से गिरकर एक 15 वर्षीय किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान जहानाबाद जिले के ओकरी थाना क्षेत्र के प्रीतम बिगहा गांव निवासी उदय कुमार की पुत्री ऋतू कुमारी उर्फ सीता के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, ऋतू कुमारी शनिवार को किसी पारिवारिक कार्य से ट्रेन के माध्यम से जहानाबाद जा रही थी। इसी क्रम में जैसे ही ट्रेन छोटकी मसौढ़ी हॉल्ट के पास पहुंची, अचानक वह संतुलन खो बैठी और चलती ट्रेन से नीचे गिर पड़ी। गिरने के बाद वह सीधे रेल पटरियों पर आ गिरी, जिससे उसके शरीर के कई हिस्से क्षत-विक्षत हो गए और घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही तारेगना जीआरपी की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (PMCH) भेज दिया गया है। इस दयविदारक हादसे की खबर जैसे ही परिजनों को मिली, पूरे परिवार में कोहराम मच गया। मृतका के पिता उदय कुमार ने बिलखते हुए बताया कि उनकी बेटी ऋतू घर से ट्रेन पकड़कर जहानाबाद जा रही थी, लेकिन किसी कारणवश वह चलती ट्रेन से गिर पड़ी और इस दर्दनाक हादसे में उसकी जान चली गई। परिजन और गांव के लोग घटना से अत्यंत मर्माहत हैं। परिजनों की चीख-पुकार से गांव का माहौल गमगीन हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि रेलवे को ऐसी घटनाओं से बचने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने चाहिए, खासकर छोटे हॉल्टों पर जहां सुरक्षा व्यवस्था न के बराबर रहती है। इधर जीआरपी ने प्रारंभिक जांच में बताया कि प्रथम दृष्टया यह हादसा संतुलन बिगड़ने के कारण हुआ प्रतीत होता है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य जांचों के बाद ही घटना के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा। बिहार में लगातार हो रही ऐसी रेल दुर्घटनाएं एक गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही हैं। रेल यात्रियों की सुरक्षा और जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ रेलवे को भी आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है, जिससे भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# पारिवारिक कलह से तंग आकर पटना में ट्रक चालक ने किया आत्महत्या

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ पारिवारिक तनाव और घरेलू विवाद कभी-कभी इंसान को ऐसे मोड़ पर ले आता है, जहां से वापसी नामुमकिन हो जाती है। ऐसा ही एक दर्दनाक मामला पटना जिले के अमहारा थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव से सामने आया है, जहां एक ट्रक चालक ने मानसिक तनाव के चलते जहर खाकर अपनी



जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान अर्जुन यादव के रूप में की गई है, जो पेशे से ट्रक ड्राइवर थे। जानकारी के अनुसार, अर्जुन यादव बीते कई वर्षों से ट्रक चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। लेकिन पिछले तीन दिनों से वह घर पर ही थे। इस दौरान उनका अपनी पत्नी और अन्य परिजनों से लगातार किसी न किसी बात को लेकर झगड़ा होता रहा। पारिवारिक कलह और मानसिक तनाव के चलते अर्जुन ने शनिवार की रात अपने कमरे में जहर खा लिया। सुबह जब परिजनों ने उन्हें बेसुध अवस्था में देखा, तो तुरंत स्थानीय चिकित्सकों को बुलाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। अर्जुन की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही अमहारा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। थानाध्यक्ष शिव शंकर कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों द्वारा थाने में लिखित शिकायत दी गई है, हालांकि किसी पर कोई प्रत्यक्ष आरोप नहीं लगाया गया है। प्रारंभिक जांच में यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। पूछताछ के दौरान परिजनों ने बताया कि अर्जुन बीते कुछ समय से मानसिक तनाव में रह रहे थे और घरेलू कलह से काफी परेशान थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अस्पताल भेज दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, गांव में इस घटना को लेकर शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि अर्जुन यादव शांत और मेहनती स्वभाव के व्यक्ति थे, जो हमेशा अपने काम में लगे रहते थे। उनकी इस तरह की मौत ने सभी को स्तब्ध कर दिया है। मानसिक स्वास्थ्य को लेकर एक बार फिर यह मामला चिंतन का विषय बन गया है। पारिवारिक विवादों के चलते आत्महत्या जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जो समाज के लिए गंभीर चेतावनी हैं।

# एक गुमनाम शख्स की जिन्दगी

**समाज जागरण**

आज मेरा महान देश भारत स्वतंत्र है। जिसे स्वतंत्रता दिलाने के लिए, महात्मा गांधी, भगत सिंह, सुवास चन्द्र बोस, चंद्रशेखर आजाद जैसे अनेकों विरो ने अपनी प्राण न्योछावर कर दिए। पूरा देश आज भी उन वीर सपूतों को नमन करती है और करती रहेगी। उनकी बलिदान का अमित छाप इतिहास के पन्नो पर हमेशा विराजमान रहेगी। नमन है वैसे वीरो तथा शहीदों को जिसने अपने लिए नही पूरे देश वासियों को स्वतंत्रता दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। लेकिन बहुत से ऐसे त्याग करनेवाले शख्स थे जिन्हें गुमनाम रखी गयी है। देश को स्वतंत्र होने के बाद भी हम सभी आंतरिक कलह, द्वेष तथा सामाजिक विकृतियों से उबर नही पाए थे। हम सभी के बीच धार्मिक, सामाजिक, जाती पाती तथा ऊंच नीच जैसी कई प्रकार की भेदभाव की समस्याएं व्याप्त थी। जिसे बाबा साहब की निगरानी में बनाई गई संविधान के द्वारा उन समस्याओं को निराकरण किया गया। उस समय तथा हालात को देखते हुए संविधान बहुत ही स्वच्छ रही। उसमें समय समय पर बदलाव का विकल्प भी रखा गया था। लेकिन पूर्व से व्याप्त कुरीतियों तथा समस्याओं को समाप्त कर पाना आसान कार्य नही था। जगह जगह पर बीच बीच मे कई संगठनों को भी समानता की लड़ाई लड़नी पड़ी। कई लोगो को संघर्ष करते हुए जीवन की बलिदान देनी पड़ी। वैसे ही एक गुमनाम शख्स मनोरंजन प्रसाद उर्फ त्रियोगी सिंह है। जिन्होंने आजीवन संघर्ष करते हुए 40 वर्ष की आयु में 15 मार्च 1995 को शहीद हो गए। लेकिन उनकी जीवन गाथा गुमनाम बनी हुई है।

मनोरंज प्रसाद का जन्म बिहार के पटना जिला अंतर्गत पालीगंज प्रखण्ड अंतर्गत खिरिमोड थाना अंतर्गत निरखपुर गांव के एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम लक्ष्मण सिंह तथा माता का नाम दशरानी देवी था। वे जन्म से ही साहसी तथा मेघावी थे। उनकी बचपन का नाम त्रियोगी था जिनकी प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही राजकीय बुनियादी विद्यालय में हुई थी। उसके बाद उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा दामोदर उच्च विद्यालय रघुनाथपुर से उतीर्ण हुए। फिर उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए पटना स्थित बिहार नेशनल कॉलेज में नामांकन कराया गया। जहां से उन्होंने ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त किया। जब उन्होंने पटना से ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त घर अपने घर लौटे तो उस समय ग्रामीणों की स्थिति ठीक नही पाया। बहुत से गरीबो को रहने के लिए जमीन तक नही थी। ऐसे दलितों तथा गरीबो की दयनीय स्थिति को देख उन्हें रहा नही गया। अंततः एक आंदोलन का नेतृत्व कर उन सैकड़ो गरीबो को मालिक गैरमजरूआ जमीनों पर कब्जा दिलाई। जो आज भी निरखपुर स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय के आसपास मौजूद है और उस जमीन पर गरीब दलित घर बनाकर रह रहे है। वही जब उन्हें ऊंच नीच तथा जाती पाती का भेदभाव महसूस हुआ तो उसे मिटाने का प्रयास किया। उन अमीरों की चंगुल से दलितों को छुटकारा दिलाने के लिए अपने कुछ सहयोगियों के साथ माले पार्टी की सदस्यता लिया। और बहुत हद तक उस भेदभाव को मिटाने में सफलता प्राप्त किये। साथ ही गरीबो को पुलिसिया दमन से राहत दिलाया। तब उन्होंने अपना ध्यान क्षेत्र के विकास कार्यो की ओर अग्रसर किए। आसपास के दो दर्जन से अधिक गांवों तथा टोलों में उन्होंने बिजली का जाल बिछवाया। आवागमन को ध्यान में रखते हुए लोआई नदी में छिलका का निर्माण कराया। निरखपुर गांव के बाहर खेतो की सिंचाई के लिए पक्की करहा का निर्माण कराए। इन उपलब्धियों के कारण मनोरंजन प्रसाद एक अच्छे सामाजिक कार्यकर्ता के बाद नेता के रूप में उभरने लगे। उनकी लोकप्रियता की गूंज राज्य तो क्या केंद्रीय मंत्रियों की कानो तक पहुंचने लगी। वे क्षेत्र के सभी जाती, धर्म, समुदायों तथा वर्गों के लोगो के लिए प्रेम का पात्र बन चुके थे। वे कई कूटनीतिज्ञ नेताओ के आंखों में खटकने लगे थे। अंततः सन 1995 में बिहार विधानसभा का चुनाव का प्रचार प्रसार का दौर चल रहा था। मनोरंजन प्रसाद ने भी माले पार्टी के उम्मीदवार नन्द कुमार नन्दा को जीत दिलाने के लिए क्षेत्र में प्रचार प्रसार कर रहे थे। वे रात्रि हो या दिन कभी भी अकेले ही निर्भक रूप से पैदल ही एक गांव से दूसरे गांव आते जाते रहते थे। इसी क्रम में वे खिरोमोड से पैदल 14 मार्च की रात घर लौट रहे थे कि गांव के बाहर घात लगाए अपराधियो ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दिया। जब सुबह घटना की सूचना आसपास के गांवों में फैली तो लोगो की भीड़ से घटनास्थल मानव जमघट में तब्दील हो गया। 15 मार्च 2995 को होलिका दहन का पर्व था लेकिन आसपास के गांवों में मातम छाया रहा। यहाँ तक कि पालीगंज बाजार के शोकाकुल व्यवसायियों ने भी अपनी दुकानें बंद रखी। इस प्रकार एक सच्चे सामाजिक कार्यकर्ता मनोरंजन सिंह ने कम आयु में ही संघर्ष करते हुए शहीद हो गए। आज भी उनका नाम इलाके में श्रद्धापूर्वक ली जाती है।



वेद प्रकाश

# ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत की राजनीतिक, सामाजिक और सामरिक इच्छाशक्ति का प्रतीक है: रक्षा मंत्री

"यह इस बात का प्रमाण है कि जब भी भारत आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करता है, तो सीमा पार की जमीन भी आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए सुरक्षित नहीं होती" "सशस्त्र बलों ने उन निर्दोष परिवारों के लिए न्याय सुनिश्चित किया, जिन्होंने भारत विरोधी और आतंकवादी संगठनों के हाथों अपनों को खो दिया" श्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में ब्रह्मोस एकीकरण और परीक्षण सुविधा केंद्र का वर्चुअल उद्घाटन किया "यह परिसर भारत की आत्मनिर्भरता के प्रयासों को मजबूती प्रदान करेगा और सामाजिक-आर्थिक विकास के क्षेत्र में योगदान देगा" रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 11 मई, 2025 को उत्तर प्रदेश के लखनऊ में ब्रह्मोस एकीकरण और परीक्षण सुविधा केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर अपने वर्चुअल संबोधन के दौरान कहा, ह्ल ऑपरेशन सिंदूर न सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, बल्कि भारत की राजनीतिक, सामाजिक और रणनीतिक इच्छाशक्ति का प्रतीक था।ह्व उन्होंने इस ऑपरेशन को आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति और सशस्त्र बलों की क्षमता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन बताया, जिसने उन निर्दोष परिवारों को न्याय सुनिश्चित किया, जिन्होंने भारतीय धरती पर भारत विरोधी और आतंकवादी संगठनों के हाथों अपने प्रियजनों को खो दिया था।

रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर को इस बात का सबूत बताया कि जब भी भारत आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करता है, तो सीमा पार की जमीन भी आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए सुरक्षित नहीं होती। उन्होंने कहा कि "उरी में हुई आतंकी घटना के बाद सर्जिकल स्ट्राइक, पुलवामा हमले के बाद की गई एयर स्ट्राइक और अब पहलगाम हमले के जवाब में भारत द्वारा की गई कई स्ट्राइक के जरिए दुनिया ने देख लिया है कि अगर भारत की धरती पर कोई भी आतंकी हमला होता है, तो वह क्या कर सकता है। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि नया भारत सीमा के दोनों तरफ आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा।" श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह अभियान पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ढांचे को ध्वस्त करने के लिए शुरू किया गया था और इसमें निर्दोष नागरिकों को निशाना नहीं बनाया गया, लेकिन पाकिस्तान ने भारत में नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाया और मंदिरों, गुरुद्वारों और चर्चों पर हमला करने की कोशिश की। उन्होंने कहा, "हमारे सशस्त्र बलों ने वीरता और संयम का परिचय दिया और पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों पर हमला करके मुंहतोड़ जवाब दिया। हमने न केवल सीमा से सटे सैन्य ठिकानों पर कार्रवाई की, बल्कि हमारे सशस्त्र बलों का आक्रोश रावलपिंडी तक पहुंच गया, जहां पाकिस्तानी सैन्य मुख्यालय स्थित है।" ब्रह्मोस एकीकरण एवं परीक्षण सुविधा केंद्र के बारे में रक्षा मंत्री ने कहा कि यह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत के प्रयासों को मजबूत करेगा तथा महत्वपूर्ण प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजन करके क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देगा। उन्होंने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर उद्घाटन को एक ऐतिहासिक क्षण बताया, जो भारत की बढ़ती नवीन ऊर्जा को दर्शाता है तथा महत्वपूर्ण, उच्च स्तरीय एवं अग्रणी प्रौद्योगिकियों में तेजी से हो रहे वैश्विक परिवर्तन के साथ संरेखित है। श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ब्रह्मोस न केवल दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों में से एक है, बल्कि यह भारतीय सशस्त्र बलों की ताकत, दुश्मनों के लिए प्रतिरोध का संदेश और अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए राष्ट्र की अटूट प्रतिबद्धता का संदेश है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस भारत और रूस की शीर्ष रक्षा प्रौद्योगिकियों का संगम है।

रक्षा मंत्री ने भारत के मिसाइल मैन और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का हवाला देते हुए बताया, जिन्होंने कहा था कि ह्यजब तक भारत दुनिया के सामने खड़ा नहीं होगा, कोई भी हमारा सम्मान नहीं करेगा। इस दुनिया में, डर का कोई स्थान नहीं है, केवल ताकत ही ताकत का सम्मान करती है रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत आज सबसे शक्तिशाली देशों में से एक है और केंद्र भारत की शक्ति को और मजबूत करने में मदद करेगा। इस सुविधा को उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे (यूपीडीआईसी) के लिए गर्व की बात बताते हुए, श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इसके द्वारा पहले ही लगभग 500 प्रत्यक्ष और 1,000 अप्रत्यक्ष नौकरियों का सृजन किया जा चुका है, जो रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में राज्य की बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का कॉरिडोर स्थापित करने का दृष्टिकोण राज्य को दुनिया के शीर्ष रक्षा उत्पादन और निर्यात गंतव्य के रूप में विकसित करने के लक्ष्य पर आधारित है। रक्षा मंत्री ने कहा, "यूपीडीआईसी में अब तक 34,000 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के साथ कुल 180 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं और 4,000 करोड़ रुपये का निवेश पहले ही किया जा चुका है। विमान निर्माण, यूएवी, ड्रोन, गोला-बारूद, मिश्रित और महत्वपूर्ण सामग्री, छोटे हथियार, कपड़ा और पैराशूट आदि में प्रमुख निवेश किए गए हैं। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि इसमें सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों की भागीदारी देखी जा रही है। लखनऊ में ही पीटीसी इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा टाइटेनियम और सुपर एलॉय मैटेरियल प्लांट शुरू किए जा रहे हैं। इसके अलावा, सात अतिरिक्त महत्वपूर्ण परियोजनाओं की नींव रखी जा रही है। जिससे रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता की गति को बाल मिलेगा।" श्री राजनाथ सिंह ने सरकार के 'मेक-इन-इंडिया, मेक-फॉर-द-वर्ल्ड' के दृष्टिकोण को दोहराते हुए इस बात पर जोर दिया कि आत्मनिर्भरता का मतलब केवल भारत की अपनी सुरक्षा जरूरतों को पूरा करना ही नहीं है, बल्कि इसका मतलब देश को वैश्विक बाजार में रक्षा उपकरणों का प्रमुख निर्यातक बनाना भी है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की एक हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए, जिसमें कहा गया है कि 2024 में वैश्विक सैन्य व्यय बढ़कर 2,718 बिलियन डॉलर हो गया है, उन्होंने कहा कि इतना बड़ा बाजार एक अवसर है जिसका भारत को लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा, "ब्रह्मोस सुविधा का शुभारंभ भारत को दुनिया के रक्षा उत्पादन पारिस्थितिकी तंत्र में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है।"

# जिनेवा में पारंपरिक चिकित्सा के मित्रों के समूह (जीएफटीएम) की छठी बैठक आयोजित हुई

आयुष सचिव ने वैश्विक स्वास्थ्य में पारंपरिक चिकित्सा की भूमिका पर रोशनी डाली, दुनिया भर में साक्ष्य-आधारित पारंपरिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की पारंपरिक चिकित्सा के मित्रों का समूह 23 मई 2025 को 78वीं विश्व स्वास्थ्य सभा (डब्ल्यूएचए78) के इतर एक उच्च-स्तरीय कार्यक्रम की मेजबानी करेगा जेनेवा में भारत के स्थायी मिशन (पीएमआई) में 9 मई 2025 को पारंपरिक चिकित्सा के मित्रों के समूह (जीएफटीएम) की छठी बैठक का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। बैठक में वैश्विक स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों में पारंपरिक चिकित्सा की भूमिका को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध, तमाम देशों के राजदूतों के प्रतिनिधि एक साथ एक मंच पर आए। गुजरात घोषणापत्र और पिछली बैठकों की सफलता के आधार पर, यह बैठक प्रमुख वैश्विक पहलों का समर्थन करती है, जिनमें खास तौर पर डब्ल्यूएचओ पारंपरिक चिकित्सा रणनीति 2025-2034 और आगामी दूसरा डब्ल्यूएचओ वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा शिखर सम्मेलन शामिल है, जो 2-4 दिसंबर 2025 को भारत में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने वर्चुअल रूप से मुख्य भाषण दिया, जिसमें दुनिया भर में साक्ष्य-आधारित पारंपरिक चिकित्सा को बढ़ावा देने में भारत के नेतृत्व और प्रतिबद्धता को जाहिर किया गया। आयुष मंत्रालय के सचिव ने अपने भाषण में वैश्विक स्वास्थ्य कवरेज हासिल करने और एक स्वास्थ्य तथा सतत विकास के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में पारंपरिक चिकित्सा की बढ़ती भूमिका पर जोर दिया।

उन्होंने आयुष मंत्रालय के जरिए राष्ट्रीय आयुष मिशन, आयुष आरोग्य मंदिरों के एकीकृत मॉडल, पारंपरिक चिकित्सा के लिए बीमा कवरेज और डीबीटी, डीएसटी, आईसीएमआर और सीएसआईआर जैसे प्रमुख संस्थानों के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान जैसी पहलों के रुप में भारत की प्रतिबद्धता जताई। संबोधन में पारंपरिक चिकित्सा में एआई, जीनोमिक्स और जैव सूचना विज्ञान जैसे उभरते क्षेत्रों पर भारत के फोकस पर भी खासा जोर दिया गया, जो पारंपरिक चिकित्सा में एआई अनुप्रयोगों पर आधारित वैश्विक तकनीकी बैठक में भी दिखाई दिया, जो पारंपरिक ज्ञान की सुरक्षा, उसकी क्षमता बढ़ाने और समान वैश्विक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में देश की भूमिका को दशार्ता है।

# पटना पुलिस ने किया कुख्यात अपराधी नुनु सिंह को हथियार के साथ गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना से सटे ग्रामीण इलाके में आतंक का पर्याय बने चुके कुख्यात अपराधी नुनू सिंह को किसी बड़े घटना की अंजाम देने की योजना बनाते हुए रंगे हाथ हथियार समेत गिरफ्तार हुआ। उसके कई साथ अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। कुख्यात अपराधी नुनु सिंह की गिरफ्तारी ने पुलिस को बहुत बड़ी राहत दी है। पुलिस को वर्षों से थी नुनू सिंह की तलाश। पटना जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कुख्यात नुनू सिंह पर कई थानों में दर्जनों अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस उसको शिद्दत से तलाश कर रही थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना जिले के पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र के बिक्रम



थाने की पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए वर्षों से फरार चल रहे कुख्यात अपराधी नुनू सिंह को एक देशी कट्टा और पांच जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। वह किसी बड़े अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने की योजना बना रहा था। नुनू सिंह उर्फ राजेश सिंह बिक्रम थाने के मोरियावा गांव का रहने वाला है। इस सम्बंध में पालीगंज डीएसपी - 2 उमेश्वर चौधरी ने इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए पत्रकारों को बताया कि बिक्रम थाने की पुलिस को बीती रात गुप्त सूचना मिली थी कि मोरियावा गांव के हनुमान मंदिर के पास कुछ अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए योजना बना रहे है। इसकी सूचना मिलने के बाद बिक्रम थाने की पुलिस अपराधियों को पकड़ने के लिए चिन्हित जगह पर छापेमारी के लिए रवाना हो गया। वहीं पुलिस को आते देख अपराधी रात के अंधेरे में भागने लगे। लेकिन दूसरी तरफ पुलिस को देख भाग रहे अपराधियों को जवानों ने भी दौड़ कर पकड़ने लगे।इस बीच एक अपराधी संयोग से नुनू सिंह ही पुलिस की गिरफ्त में आ गया। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके के कमर से एक लोडेड देसी कट्टा और साथ ही जेब से चार जिंदा कारतूस मिला। पुलिस ने बरामद एक देशी कट्टा और पांच जिंदा कारतूस को जब्त कर लिया। हालांकि इस दौरान कुछ अपराधी अंधेरे का फायदा उठाते हुए भगाने में सफल रहे। ज्ञात हो कि नुनु सिंह पटना जिले के पश्चिमी इलाके में आतंक का पर्याय बन चुका था। जिसके ऊपर जिले के कई थानों में दर्जनों अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वह पटना पुलिस के लिए भी वर्षों से सिरदर्द बना हुआ था। जिसकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। कुख्यात अपराधी नुनु सिंह की गिरफ्तारी पटना पुलिस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है। वही पालीगंज डीएसपी 2 उमेश्वर चौधरी ने कहा कि नुनु सिंह की गिरफ्तारी से पुलिस को काफी राहत की सास मिली है। अब इस क्षेत्र में शांति कायम होगी।

# ताला तोड़ चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

## •जेवरात समेत हजारों की संपत्ति पर किया हाथ साफ •

**पंकज कुमार पाठक,संवाददाता पदमा, दैनिक समाज जागरण**

पदमाः , ओपी क्षेत्र के सरैया स्थित एक तालाबंद घर का ताला तोड़ चोरों ने पंद्रह हजार नकद सहित हजारों रुपए के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ओपी क्षेत्र के सरैया निवासी अजय कुमार मेहता पिता गोविंद नारायण मेहता शनिवार दस मई 2025को सपरिवार अपने ससुराल गए थे।इन्होंने बताया के ससुराल जाने के पूर्व इन्होंने अपने घर का ताला बंद किया था।पुनः ग्यारह मई को वापस घर आने पर इन्होंने घर का ताला टूटा पाया।इन्होंने बताया कि घर में रखा 18 ग्राम सोने की जेवरात एवं 250 ग्राम चांदी के जेवरात पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया।इस आशय का आवेदन देते हुए इन्होंने ओपी पुलिस से जांच करने का आवेदन दिया है।ओपी पुलिस के अवर निरीक्षक विपिन बिहारी सिंह सदल बल घटना स्थल पर पहुंच कर जानकारी प्राप्त कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

# खामोश चालों में तेज दिमागों की टक्कर हजारीबाग में फाइड रेटिंग टूनार्मेंट का शानदार हो रहा है आयोजन

हजारीबाग की धरती पर शतरंज प्रतिभाओं का महाकुंभ साकार हो रहा है,यह आयोजन न केवल खिलाड़ियों के लिए अवसर है, बल्कि जिले के गौरव का प्रतीक भी है :- करण जायसवाल



**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबाग के खेल इतिहास में एक गौरवशाली अध्याय जुड़ गया है। हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में, ऑल इंडिया चेस फेडरेशन एवं ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन की अधिकृत अनुमति से तृतीय एचडीसीए ऑल इंडिया ओपन फाइड रेटिंग चेस टूनार्मेंट 2025 का विधिवत उद्घाटन रविवार, 11 मई को शंकरपुर स्थित एंजेल हाई स्कूल परिसर में हुआ। इस अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे खेलप्रेमियों, अभिभावकों एवं बुद्धिजीवियों की गरिमामयी उपस्थिति ने माहौल को अत्यंत प्रेरणादायक बना दिया। प्रतियोगिता में झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश सहित कई अन्य राज्यों से कुल 600 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है। इस टूनार्मेंट में भाग ले रहे खिलाड़ियों में नए खिलाड़ी, पुराने खिलाड़ी और बरसों से खेलने आ रहे अनेकों खिलाड़ी शामिल है. सोमवार को टूनार्मेंट के दूसरे दिन पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ा। प्रतियोगिता के चौथे राउंड तक की स्थिति में झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल से आए कुल दस खिलाड़ी टॉप-5 की होड़ में बने हुए हैं। इन खिलाड़ियों में अभिषेक दास, पल्लब बाला, रूपम मुखर्जी, शॉन चौधरी, अंगजीत बनर्जी, सिकंदर अनीस, कुमार गौरव, अभिनव सिंह, अभीर मित्रा एवं अधिराज मित्रा का नाम प्रमुखता से आया है। इन खिलाड़ियों की चालों में आत्मविश्वास और अनुभव की झलक थी, जो दर्शकों को रोमांचित कर रही थी। अयोजकों ने टूनार्मेंट के संचालन के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की व्यवस्था की है जिसमें डिजिटल घड़ियाँ, निर्णायकों की स्वतंत्र टीम तथा चिकित्सा सुविधा जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं। एंजेल हाई स्कूल परिसर को पूरी तरह खेल-अनुकूल वातावरण में तब्दील कर दिया गया है जहाँ हर आयु वर्ग के प्रतिभागी एक समर्पित मंच पा रहे हैं। टूनार्मेंट के डायरेक्टर करण जायसवाल ने बताया कि यह आयोजन हजारीबाग को राष्ट्रीय शतरंज मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। उन्होंने बताया कि विजेताओं को आकर्षक ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। टूनार्मेंट 15 मई तक चलेगा, जिसके बाद समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के आयोजन ने न केवल हजारीबाग को गौरवांवित किया है, बल्कि जिले में बौद्धिक खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने में टूनार्मेंट से जुड़े सभी अधिकारी तीव्रता के साथ कार्य कर रहे हैं। वही हजारीबाग संघ के सचिव मनमीत अकेला ने बताया की हमारा उद्देश्य है कि स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच मिले और वे अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँच सकें।

# झारखंड की शेरनियों का जलवाः 51वीं जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में दिलाया ब्रॉन्ज, तेलंगाना को दी 29 अंकों से करारी शिकस्त

**समाज जागरण**



वार्धा (महाराष्ट्र) - 51वीं जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में झारखंड की बेटियों ने पूरे देश को दिखा दिया कि जुनून और मेहनत के सामने कोई भी दीवार टिक नहीं सकती। महाराष्ट्र के वार्धा में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में झारखंड की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। खास बात यह रही कि कांस्य पदक के लिए खेले गए मुकाबले में झारखंड ने तेलंगाना को 29 अंकों के बड़े अंतर से हराकर अपनी ताकत का लोहा मनवाया। इस ऐतिहासिक जीत के पीछे टीम की अथक मेहनत और समर्पण रहा, जिसका नेतृत्व किया कोच शिव सागर और मैनेजर दिव्यांश राज ने। इन दोनों की रणनीति और खिलाड़ियों का उत्साह ही था, जिसने टीम को विजय पथ पर आगे बढ़ाया। टीम की इस उपलब्धि पर झारखंड राज्य कबड्डी संघ के सचिव संजय कुमार झा और अध्यक्ष तपन कुमार राउत ने पूरी टीम को बधाई दी और उनका उत्साहवर्धन किया। संघ के अन्य अधिकारियों और खेल प्रेमियों ने भी खिलाड़ियों को ढेर सारी शुभकामनाएं दीं।

# सुशीगंज में छतरपुर पुलिस प्रशासन ने नशामुक्ति,लुट, चोरी,अपराध को लेकर ग्रामीण को किया जगरुप

**समाज जागरण दीपक सरकार**

छतरपुर पुलिस प्रशासन के द्वारा सोमवार को छतरपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत सुशीगंज में जागरूकता अभियान का बैठक किया गया। यह अभियान छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस इस अभियान में पुलिस पदाधिकारी व पुलिसबलों ने नशा मुक्ति और अपराध को लेकर ग्राम पंचायत ससीगंज में लोगों को जागरूक किया। थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य समाज में नशा मुक्त वातावरण बनाना और अपराध से लोगों को सतर्क करना है।उन्होंने सभी से अपील की कि वे स्वच्छ, सुरक्षित और अपराध मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करें। इस अभियान के तहत गांव के छात्र,



छात्राओ और महिलाओ तथा पुरुषो के बीच नशा का दुष्प्रभाव का जानकारी दिया तथा नशा मुक्ति की ओर बढ़ने का अनुरोध किया साथ ही साईबर अपराध की विस्तृत जानकारी देते हुए उससे बचने का उपाय बताया और टॉल फ्री नम्बर 1930 की जानकारी दिया । साथ ही महिला सशक्तिकरण, मोबाइल का सदुपयोग, डायन कुप्रथा जैसे अंधविश्वास एवं बच्चों के खिलाफ हो रहे अपराधों, यौन शोषण, घरेलु हिंसा पर जानकारी देते हुए उससे बचने और अपराधों का विरोध करने का उपाय बताया तथा उनके समस्याओ को भी सुना । बच्चों को बाल विवाह और नशा से बचाने एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए पढ़ाई पर विशेष ध्यान केंद्रित कराने के लिए प्रोत्साहित किया तथा किसी प्रकार की समस्या होने पर बेझिझक पुलिस से टॉल फ्री नंबर 112 संपर्क करने की जानकारी दि और त्वरित उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में छतरपुर महिला थाना प्रभारी मुन्नी कुमारी, एसआई धर्मवीर यादव मौजूद रहे

# सांसद मनीष जायसवाल ने शादी रिसेप्शन में शामिल होकर वर- वधु को दिया आशीर्वाद ।

**दैनिक समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**



बड़कागांव - हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने रविवार देर शाम को बड़कागांव प्रखण्ड के तलसवार पंचायत अंतर्गत कोयलंग (निमियांटोला) गांव पहुंचकर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष जागेश्वर उर्फ बढ़न तुरी के भाई हाई स्कूल शिक्षक पुनीत मिर्धा एवं असम की रहने वाली जिम्मी मिर्धा के शादी रिसेप्शन समारोह में शामिल होकर वर- वधु को आशीर्वाद दिया। मौके पर लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, लोकसभा सांसद मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी, विधानसभा सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, सह प्रतिनिधि कृष्णा राम, विधानसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, जिला कार्यसमिति सदस्य महेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, खेमलाल महतो, मंडल सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, केदार महतो, शुक्ला तुरी, नागेश्वर तुरी, अशोक महतो, पारसनाथ प्रसाद, भवानी प्रसाद, सुमन गिरी, ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, मनोज प्रभाकर, सुरेश महतो, ईश्वरी महतो सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे ।

# बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन मे भगवान बुद्ध का जयंती मनाया गया।

**दैनिक समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**



बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत पश्चिमी पंचायत भवन मे भगवान बुद्ध जयन्ती समरोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रोफेसर रामसेवक महतो ने किया व संचालन पूर्व पंचायत समित सदस्य राजीव रंजन ने किया वहीं उपस्थित वक्ताओं के द्वारा भगवान बुद्ध के जीवन की अवलोकन करते हुए उनके द्वारा दिए गए चार उपदेशो का वर्णन किया गया। मौके पर प्रोफेसर राम सेवक एवं एडवोकेट अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि जीवन में दुख अनिवार्य है । सिविल सोसाइटी के प्रखंड अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि तृष्णाऔर इच्छाएं दुख का मुख्य कारण है। आत्मज्ञान प्राप्ति के लिए ध्यान और साधना जरूरी है ।पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजीव रंजन ने कहा अहिंसा का पालन करें ,मानसिक शांति ही सच्ची स्वतंत्रता है। लखेंद्र ठाकुर ने कहा कि हर चीज अस्थाई है इसे समझ सत्य बोले और शुद्ध आचरण रखें आत्मनिर्भर बने। हमें भगवान बुद्ध के बताए हुए मार्गों पर चलना चाहिए तभी एक स्वच्छ समाज का निर्माण संभव है। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो. इब्राहिम, रविदास महासभा के प्रखंड अध्यक्ष असेश्वर राम ,नगर इकाई अध्यक्ष रामेश्वर राम, प्रखंड सचिव रघुनाथ राम ,भाजपा के युवा नेता राजेश कुमार , शिबू मेहता, उदय मेहता, धनु साव, सोनू इराकी ,राकेश मेहता, मिथिलेश कुमार, संजय निगम, बिहारी राम, अमित कुमार, नागेंद्र कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# स्वरोजगार हेतू अवतार डेवलपमेन्ट फाउन्डेशन द्वारा पच्चीस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांवः प्रधानमन्त्री आदर्श ग्राम योजना के अन्तर्गत स्वरोजगार हेतू अवतार डेवलपमेन्ट फाउन्डेशन द्वारा पच्चीस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत मोतरा गाँव मे किया गया। जिसमे सभी प्रशिक्षित सदस्यो को प्रमाणपत्र देकर कार्यक्रम को सम्पन्न किया गया। यह



महिलाओं के उद्यमी विकास और रोजगार प्रदान हेतू सिलाई, बम्बू क्राफ्ट एंव पशुपालन पर प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण मे कुल सत्तर महिलाओ ने भाग ली थी। मौके पर प्रभारी मंतोष कुमार श्रीवास्तव, पशुपालन विशेषज्ञ कमलेश कुमार, सिलाई प्रशिक्षक मिणा पांडेय, बम्बू क्राफ्ट प्रशिक्षक संगीता टोपनो, ब्लाक कोडिनेटर अशोक कुमार, सहीत वार्ड सदस्य राजु कुमार, योगेन्द्र कुमार मौजुद थे।

# लाभुकों को निर्धारित समय पर अनाज का भुगतान करें ,शिकायत का मौका नहीं दे- कृष्णा राम

**दैनिक समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

डांडीकला पंचायत के अंतर्गत गीता स्वयं सहायता समूह के जन वितरण प्रणाली खाद्य दुकान का उद्घाटन सांसद सह प्रतिनिधि कृष्ण राम के द्वारा फीता काट कर किया गया । महिला समूह के अध्यक्ष गीता देवी सचिव समुद्री देवी के द्वारा दीप ज्वलित कर दुकान का शुरूआत किया गया । मुख्य अतिथि कृष्णा राम ने कहा कि सामूहिक स्थान पर यह दुकान खोला गया है ।ताकि सभी कार्ड धारियों को सरकार के द्वारा प्राप्त अनाज खाद्य सामग्री चावल, गेहूं, तेल, नामक, दाल इत्यादि समय पर मिल सके । संचालित सदस्यों का कहना है, कि हम लोग लाभुकों की सुविधा के लिए हमेशा तैयार हैं । कुछ तो परेशानियां होगी पर धीरे धीरे सब ठीक हो जायेगा । मौके पर सांसद सह प्रतिनिधि पंसस कृष्णा राम, अध्यक्ष गीता देवी ,सचिव समुद्री देवी, रूपा देवी, दर्शनी देवी ,कबिलाश देवी, बसंती देवी, रीना देवी ,प्रदीप कुमार, कौलेश्वर महतो ,कृष्ण कुमार ,नितेश कुमार ,मिथिलेश पटेल, पन्नालाल महतो, ललन कुमार सिंहा , अभय पटेल ,आर्यन कुमार, कुमारी माही ,जगन्नाथ महतो, मंगल महतो ,रणधीर पटेल, लखन महतो एवं व अन्य लोग उपस्थित थे ।

# अर्धरात्रि में मानवता की मिसाल, मारवाड़ी युवा मंच के सचिव लखन खंडेलवाल ने गौ माता को दी अंतिम विदाई

रात चाहे जितनी गहरी हो, सेवा का दीपक जलता रहना चाहिए - लखन खण्डेलवाल

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**



रविवार की रात्रि हजारीबाग शहर में एक मार्मिक दृश्य देखने को मिला, जब रात्रि में एक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक गौ माता की दुखद मृत्यु हो गई। यह घटना शहर के व्यस्ततम इलाके मोहन सिनेमा हॉल के समीप रात करीब 7:30 से 8:00 बजे के बीच की है। दुर्भाग्यवश, इतने संवेदनशील क्षण में आने-जाने वाले लोगों ने मदद करना उचित नहीं समझा। लेकिन जब बबाल जैन द्वारा मारवाड़ी युवा मंच के सचिव लखन खंडेलवाल को इसकी सूचना दी गई, तो उन्होंने बिना विलंब किए तत्क्षण मौके पर पहुंचकर जो सेवा, संवेदनशीलता और कर्तव्य का परिचय दिया, वह आज के समय में एक मिसाल बन गया है। लखन खंडेलवाल ने न केवल स्वयं घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया, बल्कि मृत गौ माता को सम्मानपूर्वक सड़क से हटाया, बोरे से ढककर उनके शरीर की गरिमा को सुरक्षित रखा और हाथ जोड़कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अगरबत्ती जलाकर विधिपूर्वक गौ माता की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों से भावुक अपील करते हुए कहा कि जिस प्रकार एक मनुष्य के जीवन की कीमत होती है, उसी प्रकार पशुओं, विशेषकर गौ माता, का भी हमारे समाज में विशेष स्थान है। हमें प्रत्येक जीव के प्रति संवेदनशीलता रखनी चाहिए। बेजुबान जानवरों को भी उतना ही सम्मान और सुरक्षा मिलनी चाहिए जितनी एक इंसान को। यह हम सबका नैतिक और मानवीय कर्तव्य है। इस पुनीत कार्य में उनके साथ मारवाड़ी युवा मंच के सक्रिय सदस्य एवं पत्रकार सचिन खण्डेलवाल, बबाल जैन तथा पुलिस लाइन एरिया के कुछ लोग भी मौजूद रहे, जिन्होंने पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से सहयोग किया। यह घटना यह प्रमाणित करती है कि जब समाज के जिम्मेदार नागरिक और संगठन सजग हों, तो मानवीय मूल्यों की रक्षा कहीं भी, कभी भी की जा सकती है। मातृ दिवस के शुभ अवसर पर मातृ सेवा का एक अद्भुत उदाहरण देखने को मिला। उल्लेखनीय है कि लखन खंडेलवाल पूर्व में भी विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं आपातकालीन परिस्थितियों में सक्रियता से अपनी भूमिका निभाते रहे हैं। चाहे किसी जरूरतमंद की सहायता हो, रक्तदान शिविर का आयोजन हो या गौ सेवा हर अवसर पर वे मानवीय मूल्यों की रक्षा हेतु अग्रणी रहे हैं। उन्होंने समाज से अपील की कि वाहन चलाते समय सतर्क रहें, विशेषकर रात के समय। किसी भी जानवर को घायल अवस्था में देखें तो तुरंत स्थानीय प्रशासन या पशु प्रेमियों को सूचित करें। यही हमारी संवेदनशीलता और सभ्यता की असली पहचान होगी।

# प्रमोद मेमोरियल इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज में इंटरनेशनल नर्सेज डे धूमधाम से मनाया गया।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**



प्रखंड के सुल्ताना-सिमरिया स्थित प्रमोद मेमोरियल इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज में इंटरनेशनल नर्सेज डे धूमधाम से मनाया गया। स्वागत गीत के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ नर्सिंग कॉलेज के चेयरपर्सन डॉ. आर.एस. वंदना, निदेशक डॉ. अभिषेक कुमार, प्रिंसिपल प्रो. आशीष मरांडी, डॉ. विजय शंकर नारायण, डॉ. स्नेहलता, एचआर किशोर प्रसाद, एडमिनिस्ट्रेटिव मो. हासीम सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर कॉलेज के चेयरपर्सन डॉ. आर.एस. वंदना ने कहा कि आधुनिक नर्सिंग आंदोलन के जन्मदाता फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिन पर यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। उन्होंने कहा कि नर्सेज चिकित्सा क्षेत्र की रीढ़ होती हैं। उनके सहयोग के बगैर डॉक्टर कोई भी चिकित्सा कार्य सफलतापूर्वक नहीं कर सकते हैं। इस अवसर पर कॉलेज में अध्ययनरत एएनएम, जीएनएम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती की गई। नृत्य-संगीत की प्रस्तुती कर घंटों समा बांधा। साथ ही स्वास्थ्य जागरुकता आधारित नाटक की प्रस्तुती की गई। मौके पर परीक्षा में बेहतर मार्क्स लाने वाले प्रशिक्षणार्थियों को अतिथियों ने प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नर्सिंग प्रशिक्षिका मेरी मुर्मू, शीतल टोप्पो, प्रशिक्षु डॉ. शाहील कुमार, डॉ. सिद्धनाथ सहित नर्सिंग कॉलेज के कर्मचारियों का योगदान रहा।

# --मुखिया को लिखित आवेदन देकर अवैध वसूली का लगाया आरोप

**समाज जागरण संवाददाता कटकमसांडी**

(हजारीबाग) सेविका के अनैतिक कार्यो से क्षुब्ध होकर सोमवार को करीब आठ बजे सुबह पबरा पंचायत के हरिना गांव के ग्रामीणो ने आंगनबाड़ी मे ताला जड़ दिया। ग्रामीणो का आरोप है कि बाल विकास से जुड़े सभी जनकल्याणीकारी योजनाओं में सेविका सोगरा खातुन द्वारा पैसे की वसूली की जाती है। महिलाओं द्वारा विरोध करने पर फंसाने की धमकी दी जाती है। साथ ही, मुखिया को दिए आवेदन मे लाडली योजना के फॉर्म भरने के एवज



में गांव के सबीहा खातुन, शकीला खातुन, मो. सगीर, मो. हसमत से पांच से छह हजार रूपए लेने की बात कही गई है। लोगों ने बताया कि हरिना स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में अव्यवस्था का आलम है। आंगनबाड़ी केंद्र मनमाने तरीके से खुलता व बंद होता है। सेविका से पूछे जाने पर वह लड़ाई झगड़ा पर उतारू हो जाती है। इन तमाम शिकायतों के सामने आने पर गांव के महिला पुरूष ने ताला जड़कर कहा कि जबतक सम्बन्धित विभाग से सेविका पर कार्रवाई नही होती है तबतक आंगनबाड़ी में ताला जड़ा रहेगा। मुखिया को दिए आवेदन में सबीहा परवीन, सोनू कुमार, मो. कयुम, मो. साहिल, धनु महतो, मो. मुस्ताक, मो. जावेद, शकीला खातुन, सलीमा खातुन, संजीदा खातुन, मेहरून निशा, अफसाना परवीन, सुफीदा खातुन सहित दर्जनों महिला पुरूष का नाम शामिल है।

# कुसाकांटा में सामाजिक न्याय पर हुई सियासी हुंकारः राजद नेताओं ने एकजुटता और बदलाव का भरा संकल्प

ललित यादव, भरत भूषण मंडल, प्रो. खालिद, बदरे आलम, रोहित चौधरी सहित राजद के शीर्ष नेता पहुंचे कुसाकांटा; राकेश विश्वास ने किया भव्य स्वागत

**समाज जागरण कुसाकांटा।**

सिकटी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुसाकांटा प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रकाश उत्सव पैलेस में सोमवार को सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन बड़े राजनीतिक उत्साह और एकता के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में राजद के दिग्गज नेता विधायक ललित यादव, विधायक भरत भूषण मंडल, प्रो. खालिद अहमद, प्रदेश महासचिव मोहम्मद बदरे आलम बदर, तथा युवा राजद नेता रोहित चौधरी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कद्दावर राजद नेता धमार्नंद विश्वास उर्फ राकेश विश्वास ने सभी आगंतुकों का शॉल और पुष्पगुच्छ से स्वागत कर राजद की परंपरा को जीवित रखा। राकेश विश्वास ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक न्याय ही राजद की असली पहचान है और यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक अंतिम व्यक्ति को अधिकार नहीं मिल जाता। इस मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष हेमनारायण यादव, विकास यादव, शहबाज आलम,




विपिन यादव सहित संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सह विधायक ललित यादव ने कहा कि आज का युवा वर्ग सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ा रहा है, वहीं विधायक भरत भूषण मंडल ने कहा कि जब तक पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों को बराबरी नहीं मिलती, राजद की लड़ाई जारी रहेगी। प्रो. खालिद अहमद, मोहम्मद बदरे आलम बदर एवं रोहित चौधरी ने भी अपने विचार रखते हुए पार्टी की नीति और सिद्धांतों को जनता के सामने रखा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे मनीष यादव, अविनाश आनंद, मनोज विश्वास, अरुण यादव, मो. हजरत प्रमुख, मो. कमरुजमा, अनिल शाह, अभिषेक आनंद, शत्रुघ्न मंडल, पोलो झा। स्थानीय नेतृत्व में सहयोग देने पहुंचे विद्यानंद सिंह, फूलचंद पासवान, उपेंद्र पासवान, लक्ष्मण पासवान, चंद्रदेव पासवान, ब्रह्मदेव पासवान, केदार सिंह, सदानंद सरदार, अमोद सिंह, प्रदीप सिंह, सुरजानंद सिंह, अनिरुद्ध राय, गुरदेव सिंह, शिवनाथ सिंह, डॉ. कृष्णानंद सिंह, किताब चंद सिंह, दिलीप यादव, सुरेश यादव, सीताराम यादव, पप्पू यादव, मो. हैदर, मो. नकिर, झब्बू लाल विश्वास, टेटन मंडल, कमल सिंह, टुक लाल सिंह, अजय सिंह, महेंद्र सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता कार्यक्रम में मौजूद रहे, जिससे क्षेत्र में राजद की ताकत और एकजुटता का स्पष्ट संदेश गया।

# प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर शुभकामनाएं दीं

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दीं। श्री मोदी ने हमारे वैज्ञानिकों के प्रति गर्व और आभार व्यक्त किया तथा 1998 के पोखरण परीक्षणों को याद किया। उन्होंने विज्ञान और अनुसंधान के माध्यम से भावी पीढ़ियों को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की।

**एक एक्स पोस्ट में प्रधानमंत्री ने लिखा;**

"राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं! यह हमारे वैज्ञानिकों के प्रति गर्व और कृतज्ञता व्यक्त करने तथा 1998 के पोखरण परीक्षणों को याद करने का दिन है। वे हमारे राष्ट्र के विकास पथ में, विशेष रूप से आत्मनिर्भरता की दिशा में हमारी खोज में एक ऐतिहासिक घटना थी। हमारे लोगों की बदौलत भारत प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं में वैश्विक नेता के रूप में उभर रहा है, चाहे वह अंतरिक्ष हो, एआई हो, डिजिटल नवाचार हो, हरित प्रौद्योगिकी हो या और भी बहुत कुछ।